# कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल को महात्मा हंसराज गौरव सम्मान

## दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के 77 वें स्थापना दिवस समारोह में किया गया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



**तिरंगा जन-जन तक पहुंचाने के लिए उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने की नवीन जिन्दल की तारीफ**

दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज के 77वें स्थापना दिवस समारोह में कुरुक्षेत्र के सांसद और देश के अग्रणी उद्योगपति नवीन जिन्दल को महात्मा हंसराज गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के लिए लंबा कानूनी संघर्ष करने और उसे जन-जन तक पहुंचाने के लिए नवीन जिन्दल के अथक प्रयासों की उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंच से भरपूर तारीफ की। राजनीति, उद्योग, शिक्षा जगत और पोलो, निशानेबाजी जैसे खेलों को एक नई ऊंचाई पर पहुंचाने वाले कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिन्दल को हंसराज कॉलेज ने दो दिन पूर्व अपने 77वें स्थापना दिवस पर खास मेहमान के रूप में आमंत्रित किया था। जिन्दल ने इसी कॉलेज से कॉमर्स में डिग्री हासिल की है। अपने इस होनहार छात्र की उपलब्धियों को देखते हुए हंसराज कॉलेज ने नवीन जिन्दल को महात्मा हंसराज गौरव सम्मान से अलंकृत किया। यह सम्मान उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह और हंसराज कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रमा ने प्रदान किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलाधिपति जगदीप धनखड़ ने तिरंगा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए नवीन जिन्दल के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि नवीन जिन्दल अपने उद्देश्य के प्रति इतने समर्पित थे कि वे नागरिकों को साल के 365 दिन तिरंगा फहराने का अधिकार दिलाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंच गए। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि वे सैनिक स्कूल-चित्तौड़गढ़ के विद्यार्थी हैं, जहां के पूर्व छात्रसंघ ने उनसे अनुरोध किया है कि उनके स्कूल में भी नवीन जिन्दल विशाल राष्ट्रीय ध्वज लगाएं। उन्होंने पूर्व छात्रसंघ को भरोसा दिलाया कि जब वे नवीन जिन्दल के कॉलेज जाएंगे, जहां से उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन पूरी की है, वहां वे निवेदन करेंगे कि सैनिक स्कूल-चितौड़गढ़ में भी विशाल ध्वज फहराएं। उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि नवीन जिन्दल जैसे विद्यार्थी सिद्ध करते हैं कि हंसराज कॉलेज की महत्ता क्या है। उन्होंने देश के उद्यमिता और रोजगार सृजन के लिए नवीन जिन्दल के प्रयासों की भी सराहना की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. प्रभांशु ओझा ने बताया कि नवीन जिन्दल हंसराज कॉलेज को लेकर अत्यंत भावुक हैं और सदैव कॉलेज के सहयोग के लिए तत्पर रहते हैं। गौरतलब है कि नवीन जिन्दल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के माध्यम से उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उपराष्ट्रपति द्वारा तिरंगे के लिए उनके प्रयासों और संघर्षों की सराहना उनके लिए गर्व का विषय है। तिरंगा हमें न सिर्फ एकजुट करता है बल्कि राष्ट्र निर्माण में योगदान करने के लिए प्रेरित भी करता है।

## हिमाचल प्रदेश में मानसून हुआ मजबूत, जान-माल की क्षति

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून के बढ़ते प्रभाव के कारण राज्य भर में जान-माल की भारी क्षति हुई है और वाहन यातायात बाधित हुआ है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सोमवार को अगले पांच दिनों में अलग-अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश होने के अनुमान को लेकर यहां चेतावनी जारी की है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, रेलवे और पर्यटक पुलिस इकाई ने बताया है कि अचानक आई बाढ़ के बाद रोहतांग सुरंग की ओर जाने वाली सड़क यात्रा के लिए अनुपयुक्त है। हालांकि, मनाली से रोहतांग दर्रा तक लंबा मार्ग यातायात के लिए खुला है। राज्य के घमरूर में रविवार के बाद से सबसे अधिक 96 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, इसके बाद जुब्बरहट्टी में 63.4 मिलीमीटर, चौरी में 57.7 मिलीमीटर, धर्मशाला में 48.8 मिलीमीटर और सोलन में 42.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी। राज्य में इसी अवधि के दौरान सबसे अधिक तापमान धौलाकुआं में 37.9 डिग्री सेल्सियस और सबसे कम तापमान ताबो में 13.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। शिमला में सोमवार को न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री सेल्सियस और वर्षा 23.4 मिलीमीटर दर्ज़ की गयी, सुंदरनगर में 23.0 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान और 1.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज़ की गयी, भुंतर में 21.0 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान और 6.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज़ की गयी, धर्मशाला में न्यूनतम तापमान 20.5 डिग्री सेल्सियस और वर्षा 48.8 मिलीमीटर दर्ज की गयी।

## ज्वैलरी शोरूम में चोरी का खुलासा, बिजली मैकेनिक समेत तीन गिरफ्तार

**रुद्रपुर/नैनीताल।** उत्तराखंड की ऊधम सिंह नगर पुलिस ने रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में ज्वैलरी शो रूम में हुई डकैती का खुलासा करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। चोरी को शो रूम में काम कर रहे बिजली मैकेनिक और उसके दो साथियों ने अंजाम दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने पत्रकारों से मामले का खुलासा करते हुए कहा कि ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र स्थित अल्मोड़ा पहाड़ी सुनार ज्वैलरी शो रूम में 27 जुलाई की रात को अज्ञात लुटेरों ने चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया था। चोर शो रूम का ताला तोड़ कर लगभग 50 लाख रुपए मूल्य के सोने चांदी के गहने और नकदी पर हाथ साफकर लें गये। शो रूम के मालिक प्रांजल रस्तोगी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी खंगाले गए। जांच में पुलिस टीम को शो रूम में बिजली मरम्मत का कार्य कर रहे बिजली मैकेनिक मोहित पाल निवासी स्वास्तिक एंक्लेव, फुलसुंगा थाना ट्रांजिट कैम्प, ऊधम सिंह नगर पर शक हुआ। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। सख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। मंजूनाथ ने बताया कि आरोपी क ई दिनों से घटना को अंजाम देना चाहता था और लगातार रेकी कर रहा था।

## यूनिवर्सिटी के युवाओं को चैम्पियन बनाएं: देवव्रत

एजेंसी ◄ गांधीनगर
www.dailypioneer.com

गुजरात के राज्यपाल एवं राज्य की यूनिवर्सिटियों के कुलाधिपति आचार्य देवव्रत ने सभी यूनिवर्सिटियों के कुलपतियों से कहा कि वह प्रत्येक यूनिवर्सिटी के किसी भी एक खेल का चयन और पसंद करें तथा उस खेल में युवाओं को चैम्पियन बनाएं। देवव्रत ने आगे कहा कि वर्ष 2036 में भारत-गुजरात ऑलम्पिक का यजमान बनने की तैयारी कर रहा है, तब हमारे युवाओं को खेलकूद में विशेष रूप से तैयार करना बहुत जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक यूनिवर्सिटी एक-दूसरे के साथ चर्चा करके खेल का चयन करे, अपनी यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स विभाग को ज्यादा सुदृढ़ करे और खेलकूद के मैदान तैयार करें। राज्य की यूनिवर्सिटी के कुलपतियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि युवा ऊर्जा और शक्तियों का अपार स्त्रोत हैं। उनकी ऊर्जा को योग्य दिशा देने की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि गुजरात व्यापार-उद्योग सहित अनेक क्षेत्रों में अग्रसर है। इसी तरह खेल-कूद में भी भारत का नेतृत्व करने के लिए गुजरात के युवा आगे आएं। खेल-कूद से शारीरिक विकास के साथ-साथ युवाओं का बौद्धिक विकास भी होता है। 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण-जतन-संवर्धन के इस महाअभियान में यूनिवर्सिटी के युवा सक्रियता से सहभागी बनें, यह अनुरोध करते हुए आचार्य देवव्रत ने कहा कि देश के 140 करोड़ लोग एक वृक्ष लगाएं तो बहुत बड़ा कार्य हो सकता है। कुलपति एक दिन तय करें और तमाम कॉलेजों के विद्यार्थी निष्ठापूर्वक इस मिशन में जुड़कर वृक्षारोपण करें तो और परिवारजनों तथा मित्रों को भी वृक्षारोपण की प्रेरणा दें। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण के बाद मात्र दो वर्ष हमको खयाल रखना है। इसके बाद वह वृक्ष पूरी जिंदगी हमारा खयाल रखेगा। हमारी आनेवाली पीढ़ियों का भी कल्याण करेगा। राज्यपाल ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्रभाई मोदी भारत के सर्वांगीण विकास के लिए, भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए, विकसित भारत के निर्माण के लिए संकल्पबद्ध हैं।

# तमिलनाडु में दो राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों समेत तीन की हत्या

वार्ता ◄ चेन्नई
www.dailypioneer.com




तमिलनाडु में पिछले 24 घंटों में मारे गए तीन लोगों में विपक्षी अन्नाद्रमुक और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े दो राजनीतिक दल के पदाधिकारी भी शामिल हैं। प्राप्त रिपोर्टों के मुताबिक अन्नाद्रमुक वार्ड पार्षद बक्था उर्फ पद्मनाथन की कुड्डालोर में हत्या कर दी गयी जबकि भाजपा कार्यकर्ता सेल्वाकुमार की दक्षिणी विरुधुनगर जिले के शिवगंगा में हत्या कर दी गयी। एक अन्य घटना में कन्याकुमारी जिले के तिरुवत्तार में हुयी जहां कांग्रेस पार्षद के पति जैक्सन की छह सदस्यीय गिरोह ने हत्या कर दी। वह कांग्रेस की युवा शाखा के पूर्व पदाधिकारी भी थे। पुलिस ने घटनाओं में किसी भी राजनीतिक पहलू से इनकार किया और पिछली दुश्मनी को इसका कारण बताया। इस बीच, अन्नाद्रमुक, भाजपा और पट्टाली मक्कल काची (पीएमके ने हत्याओं की कड़ी निंदा की और राज्य में बिगड़ती कानून व्यवस्था के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक को जिम्मेदार ठहराया। अन्नाद्रमुक महासचिव और विपक्ष के नेता एडप्पादी के पलानीस्वामी ने कुड्डालोर में बक्था की हत्या की निंदा करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में हत्याएं आम बात हो गयी हैं। उन्होंने दावा किया कि एक भी दिन ऐसा नहीं गुजरता जब हत्या की कोई घटना न होती हो और कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के अन्नामलाई ने भी शिवगंगा में अपनी पार्टी के पदाधिकारी सेल्वाकुमार की हत्या की निंदा की और कहा कि राज्य में कोई कानून-व्यवस्था नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार पर कानून-व्यवस्था को नियंत्रण में नहीं रखने का भी आरोप लगाया। जिला पुलिस ने इस घटना राजनीतिक कोण से इनकार करते हुए एक विज्ञप्ति में बताया है कि मृतक सेल्वाकुमार सथरसंकोट्टई गांव के पास एक ईंट भट्ठा चलाता है और भाजपा के सहकारी विंग का जिला सचिव भी है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि जब वह ईंट भट्ठे से घर लौट रहा था, तो अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया और घातक हथियारों से उस पर हमला कर दिया।

उन्हें गंभीर चोटें आई थीं जिसके कारण उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। एक पुलिसकर्मी रमेश कुमार ने उसे सड़क पर मृत पाया। प्रारंभिक जांच से पता चला कि मृतक की हत्या मारुथुपंडी और उसके सहयोगियों ने एक भुवनेश्वरन की हत्या का बदला लेने के लिए की थी, जिसमें सेल्वाकुमार शामिल था। विज्ञप्ति में यह भी कहा गया कि सेल्वाकुमार भुवनेश्वरन हत्या मामले की सुनवाई में समझौता करने का प्रयास कर रहा था। अब तक चार संदिग्धों की पहचान की गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही सटीक मकसद की पुष्टि की जाएगी।

## वैशाली में ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में चार लोगों की मौत, तीन घायल

**हाजीपुर।** बिहार वैशाली जिले के वैशाली थाना क्षेत्र में ट्रक और ऑटो रिक्शा के बीच हुई टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि ऑटो रिक्शा पर सवार लोग बूढ़ीमाई स्थान से पूजा करने के बाद मुजफ्फरपुर लौट रहे थे। इस दौरान चकोसन गांव के समीप ट्रक ने ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। सूत्रों ने बताया कि मृतकों में दो की पहचान जीतेन्द्र कुमार और उसकी पत्नी मालती देवी क़े रूप में की गयी है जबकि दो अन्य की पहचान नहीं की जा सकी है। घायलों को पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल (पीएमसीएच)भेजा गया है। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।




## रेवंत रेड्डी ने किसानों को गुमराह किया: जगदीश रेड्डी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के पूर्व ऊर्जा मंत्री एवं सूर्यपेट के विधायक जगदीश रेड्डी ने कुओं पर मीटर लगाने के बारे में किसानों को गुमराह करने के लिए मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी की आलोचना की। तेलंगाना विधानसभा के बजट सत्र में बिजली आवंटन पर बहस के दौरान विधायक रेड्डी ने कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधायक हरीश राव ने शनिवार को सदन में कहा था कि 30 हजार करोड़ रुपये के घाटे का अनुमान है लेकिन अभी तक कुओं पर मीटर नहीं लगाये गये। फिलहाल, मुख्यमंत्री ने राव के सदन में दिये भाषण को गलत बताया और पलटवार किया। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हस्ताक्षरित एक दस्तावेज पेश किया, जिसमें कुछ शब्द हटा दिये गये थे। विधायक ने बताया कि राव ने केवल उदय योजना पर चर्चा की, जिसे डिस्कॉम की वित्तीय स्थिति को सुधारने के लिए लागू किया गया था। उन्होंने कहा कि तेलंगाना से पहले कांग्रेस शासित राज्यों सहित 27 राज्य इस योजना में शामिल हुये थे। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री ने लोगों और किसानों को गुमराह करने की कोशिश की।

## सावन के दूसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**हरिद्वार।** सावन के दूसरे हरिद्वार के विभिन्न शिवायों में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। हरिद्वार के शिव मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की कतारें लगनी शुरू हो गई थीं। हरिद्वार के प्रसिद्ध मंदिर दक्ष प्रजापति मंदिर एवं अन्य शिव मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। हरिद्वार के प्राचीन बिल्वकेश्वर मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था। मान्यताओं के अनुसार बिल्वकेश्वर मंदिर में माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में पाने के लिए हजारों साल तपस्या की थी और गौरीकुंड को अपना आश्रय स्थल बनाया था इसलिए जो भक्त श्रावण मास के दिनों में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। उन्हें अभीष्ट फल की प्राप्ति होती है और सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। बिल्वकेश्वर मंदिर के मुख्य पुजारी पुनीत पुरी ने बताया कि सावन के महीने में शिवलिंग पर जलाभिषेक करने से अक्षय फल की प्राप्ति होती है। इसी प्रकार गोरी कुंड में स्नान करने से विवाह में आ रही अड़चने भी दूर होती हैं और संतान सुख की प्राप्ति होती है। वहीं भगवान शिव की ससुराल दक्ष प्रजापति मंदिर में भी भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया श्रद्धालुओं का कहना है।

## हनुमंत धाम में दो करोड़ रूपये से होगा पर्यटक सुविधाओं का विकास: जयवीर

वार्ता ◄ लखनऊ
www.dailypioneer.com

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में गोमती नदी के तट पर स्थित प्राचीन हनुमंत धाम मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्यटन विभाग दो करोड़ रूपये की परियोजनायें तैयार की है। पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस धनराशि से मंदिर परिसर में आगन्तुकों को बुनियादी सुविधायें सुलभ कराई जायेगी। हनुमंत धाम प्राचीन और भव्य मंदिर है। इस मंदिर का अपना अलग महत्व है। यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। प्रस्ताव के मुताबिक बैठने के लिए बेंच व अन्य सुविधाओं का विकास भी किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश को विश्व पर्यटन के मानचित्र पर लाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए पर्यटन स्थलों का विकास कराया जा रहा है। यहां की आवश्यकताओं को देखते हुए मौजूदा सुविधाओं में और वृद्धि की जा रही है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार राजधानी के कई अन्य धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व के इमारतों एवं मंदिरों आदि का सौन्दर्यीकरण और पर्यटन सुविधा बेहतर करने का कार्य कराया जा रहा है।

## बदायूं में बाइकों की भिड़ंत में दो कांवड़ियों की मौत

**बदायूं।** उत्तर प्रदेश में बदायूं जिले के कोतवाली उझानी क्षेत्र में रविवार देर रात दो बाइकों की आमने-सामने हुई भिड़ंत में दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो घायल हुए हैं। इनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ बृजेश सिंह ने सोमवार को बताया कि बरेली-मथुरा हाइवे पर भूड़ वाली ज्यारत के पास बीती देर रात्रि मे थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर निवासी अंकित (30) और उसका साथी अनिल(25) बाइक से रविवार शाम कांवर के लिये जल लेने कछला गंगाघाट पर गए थे। जल लेकर दोनों रात को वापस लौट रहे थे। रास्ते में उनकी बाइक विपरीत दिशा से आ रही कांवड़ियों की बाइक से टकरा गई। हादसे में चारों घायल हो गए। पुलिस सभी को मेडिकल कालेज लेकर पहुंची। यहां अंकित व अनिल को मृत घोषित कर दिया गया।

## सारण में पिकअप वैन पर लदी भारी मतरा में विदेशी शराब बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के गड़खा थाना की पुलिस ने एक पिकअप वैन से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। सारण के पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने सोमवार को यहाँ बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र से होकर भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप जाने वाली है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने पहाड़पुर गांव के समीप वाहन जांच शुरू कर दिया। इस दौरान वहां से गुजर रहे एक पिकअप वैन की जांच में पुलिस ने 1237.740 लीटर विदेशी शराब बरामद करने के साथ ही पिकअप वैन को जब्त कर लिया है। सूत्रों ने बताया कि बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 1.75 लाख रुपए से ज्यादा की है। मौके का फायदा उठाकर चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया है। पुलिस वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

## केंद्रीय वित्त मंत्री पर कर्नाटक की वित्तीय जरूरतों की अनदेखी करने का आरोप

एजेंसी ◄ बेंगलुरू
www.dailypioneer.com



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तीखा हमला बोलते हुए उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और हाल के केंद्रीय बजट में कर्नाटक के प्रति अन्याय करने के लिए भाजपा नीत राजग सरकार की निंदा की। सिद्दारमैया ने बजट पूर्व वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए सीतारमण और केंद्र सरकार पर सीधा हमला किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि बजट ऊपरी भद्रा परियोजना, बेंगलुरु परिधीय रिंग रोड और जल निकाय विकास जैसी प्रमुख परियोजनाओं के लिए धन आवंटित करने में विफल रहा। उल्लेखनीय रूप से 15वें वित्त आयोग ने कर्नाटक के लिए विशेष अनुदान में 5,495 करोड़ रुपये की सिफारिश की थी, जो इस बजट में नहीं था। मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश और बिहार जैसे राज्यों को अनुदान देने पर निराशा व्यक्त की, जबकि कर्नाटक को कुछ भी नहीं मिला। उन्होंने अफसोस व्यक्त किया कि केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी और सीतारमण कर्नाटक को उचित हिस्सा दिलाने में विफ्ल रहे हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कर्नाटक ने रायचूर में मेकेदातु परियोजना या एम्स जैसे नए उद्योगों या विकास परियोजनाओं के वादे को ध्यान में नहीं रखा गया। उन्होंने भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में 31 प्रतिशत की गिरावट पर भी प्रकाश डाला, जिसके लिए उन्होंने सीतारमण की निगरानी में केंद्र सरकार की नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने सवाल किया कि पूरे देश में कर योगदान में कर्नाटक दूसरे स्थान पर होने के बावजूद केंद्र सरकार राज्य के महत्वपूर्ण वित्तीय आवश्यकताओं की अनदेखी क्यों कर रही है। सिद्दारमैया ने पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक का बहिष्कार किया था। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और तेलंगाना सहित अन्य गैर-भाजपा शासित मुख्यमंत्रियों ने भी इसी तरह की शिकायतों को लेकर या तो बैठक का बहिष्कार किया।

## कांवड़ियों पर होगी पुष्पवर्षा, पांव पखारेंगे धामी

वार्ता ◄ हरिद्वार
www.dailypioneer.com



उत्तराखंड के हरिद्वार में मंगलवार को हेलीकॉप्टर से कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की जाएगी तथा राज्य के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी कांवड़ियों के पांव पखारेंगे। हरिद्वार में चल रहे कावड़ मेले में आने वाले शिव भक्त कांवड़ियों की भीड़ को संभालने के लिए जहां प्रशासन व पुलिस दिन-रात एक किए हुए हैं। कांवड़ियों की आने वाली भीड़ से आम आदमी को कोई परेशानी ना हो इसके लिए विशेष यातायात प्लान भी बनाया गया है। कांवड़ियों की सेवा के लिए जहां विभिन्न सामाजिक संस्थाएं आगे आकर उनके लिए लंगर लगा रही हैं और भोजन की व्यवस्था कर रही है। वहीं प्रशासन ने भी उनको बिजली पानी शौचालय तथा रहने आदि की सुविधा उपलब्ध कराई है। इसी क्रम में कल मुख्यमंत्री धामी हरिद्वार आएंगे और कांवड़ियों के चरण पूज कर उनका अभिनंदन करेंगे और उन्हें फूलमाला पहनाकर भोले के भक्तों का उत्साह बढ़ाएंगे। हरिद्वार के जिला अधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने बताया कि पुष्कर सिंह धामी दोपहर को हरिद्वार पहुंचेंगे और ओम फुल के पास कांवड़ियों का चरण वंदन करेंगे और उनकी पूजा अर्चना भी करेंगे। इस उपलक्ष्य में शाम को भजन संध्या में भी भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि कल सारा दिन हेलीकॉप्टर से कावड़ियों पर पुष्प वर्षा की जाएगी। हरिद्वार से लेकर जिले के आखिरी छोर तक जहां जहां कावड़िया यात्रा कर रहे हैं उन पर पुष्प वर्षा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आगमन से कावड़ यात्रा पर कोई फर्क ना पड़े इसलिए इस बार उनका हेलीपैड गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय परिसर की बजाय भेल स्टेडियम में बनाया गया है।

# बांधों के गेट खुलने पर ग्रामीणों को करें सूचित :यादव

पायनियर संवाददाता ◄ भोपाल
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिए हैं कि वर्षा काल में प्रदेश में कहीं भी जन हानि न हो, इसके लिए सभी कलेक्टर्स अपने नेतृत्व में जिलों में प्रशासनिक अमले को दायित्व सौंपे। बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्य करे। डॉ. यादव ने आज मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से अनेक जिलों के कलेक्टर्स-कमिश्नर्स से प्रदेश में अतिवर्षा की स्थिति में आवश्यक प्रबंधों के संबंध में चर्चा कर निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित अमला चैतन्य रहे और घटना-दुर्घटना के पूर्व आम जनता को आगाह भी किया जाए। अतिवर्षा या बाढ़ की चुनौती से निपटने के लिए समन्वय में कोई कमी नहीं रहना चाहिए। लोगों की जीवन रक्षा के लिए कहीं सेना की जरूरत हो तो कलेक्टर्स समय पर बताएं। उन्होंने कहा है कि कल दिल्ली में ओल्ड राजेंद्र नगर में हुए एक हादसे में बेसमेंट क्षेत्र में पानी भरने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे तीन युवाओं की असामयिक मृत्यु दुःखद और दर्दनाक है। इस घटना के प्रकाश में मध्यप्रदेश के बेसमेंट में संचालित कोचिंग केंद्रों के सर्वे के निर्देश दिए गए हैं। डॉ. यादव ने प्रदेश में वर्षा की स्थिति और कुछ जिलों में बाढ़ की आशंका के संबंध में समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग ऐसे पुल-पुलियों की जानकारी संकलित कर, जहां दुर्घटनाएं पूर्व में हुई हैं, ऐसे रपटों और पुलों पर प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे। पुलों पर पानी का भराव हो तो लोगों को न जाने दें। बांधों से पानी छोड़ें तो प्रभावित होने वाले जिलों को अलर्ट करें। तैराक दल भी ऐसे स्थानों पर उपलब्ध रहें। स्थानीय स्तर पर तालमेल रहे। जिलों और तहसीलों की परस्पर जानकारी रहे। अति वर्षा की स्थिति और बाढ़ की चुनौती से प्रशासन को निपटना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कोई जनहानि न हो, इसके लिए सजग रहें। निरंतर मानीटरिंग होती रहे। उन्होंनने कहा कि कंट्रोल रूम की ड्यूटी वाले अधिकारी- कर्मचारी 24 घंटे चैतन्य रहें। जरूरत के अनुसार स्काउट- गाइड और सेवा भावी संस्थाओं की सेवाएं अति वर्षा की स्थिति में प्राप्त करें। डॉ. यादव ने कहा कि वर्षा के दिनों में पेयजल आपूर्ति में स्वच्छता का ध्यान रखें।

### मध्यप्रदेश में नए टाइगर रिजर्व विकसित किए जाएंगे: यादव



**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में नए टाइगर रिजर्व विकसित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस पर यहाँ कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा है कि यह हमारा सौभाग्य है कि देश में सर्वाधिक बाघ मध्यप्रदेश में पाए जाते हैं। भोपाल देश की एकमात्र ऐसी राजधानी है, जिसकी नगर निगम सीमा के आसपास बाघ निर्बाध रूप से विचरण करते हैं। गर्व का विषय है कि प्रदेश में चीता परियोजना भी गतिशील है, जबकि संपूर्ण एशिया में कहीं चीता नहीं पाया जाता। पारिस्थितिकी तंत्र के संतुलन को दृष्टिगत कर राज्य सरकार विभिन्न वन्य जीवों के सह अस्तित्व को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में प्रोत्साहित करती रहेगी। प्रदेश के जिन क्षेत्रों में टाइगर नहीं है वहां नए टाइगर रिजर्व विकसित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि टाइगर राष्ट्रीय पशु है, सभी राज्यों में टाइगर के अस्तित्व मध्यप्रदेश अन्य राज्यों को भी टाइगर उपलब्ध कराएगा।

# एक खाता, दो हमनाम दावेदार अजब बैंक का गजब कारनामा

## बैंक ने दो महिलाओं को एक ही खाता आबंटित कर दिया, कई साल तक चलता रहा लेन-देन

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com










पायनियर एक्सक्लूसिव

आपने एक संयुक्त बैंक खाते में दो या अधिक खातेदारों का नाम सुना व देखा होगा, लेकिन एक ही सिंगल खाता के लिए दो हमनाम खातेदारों को अलग-अलग पासबुक, वह भी सचित्र जारी करने का मामला पहली बार सुना होगा। जी हां । ऐसा अजीब मामला दंतेवाड़ा में संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा 1207 में सामने आया है। इस बैंक ने पंडेवार निवासी महिला श्यामबती पति उमाशंकर, खाता क्रमांक 7702642066-2 के नाम से दोनों श्यामबती को अलग-अलग पासबुक जारी कर दिया। 9 साल पहले वर्ष 2015 में दोनों महिलाओं ने बैंक में खाता कुछ महीने के अंतराल में खुलवाया था। खाते से लेन-देन कम होने की वजह से इस भारी गड़बड़ी का पता ही नहीं चल पाया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब विष्णुदेव साय सरकार की महतारी वंदन योजना का पैसा खाते में जमा होने की बारी आई। पैसे को लेकर दोनों हितग्राहियों के बीच खींचतान होने लगी। इसके बाद बैंक अफसरों को अपनी गलती का पता चला तो दोनों ही महिलाओं को बुलाकर पासबुक अपने कब्जे में ले लिया। एक खातेदार श्यामबती व उसके पति उमाशंकर ने बताया कि बैंक वालों डांट-डपटकर खाता हमेशा के लिए बंद करने की बात कहकर धमकाया। वहीं श्यामबती पति स्व कलम ने भी ऐसे ही व्यवहार की शिकायत करते बताया कि अब उसने नगर के दूसरे बैंक में खाता खुलवा लिया है, जिसमें महतारी वंदन योजना की राशि जमा करने का आवेदन महिला, बाल विकास विभाग को दे चुकी है।

### इतनी बड़ी चूक कैसे?

एक पासबुक में श्यामबती पति उमाशंकर की फोटो और दूसरे पासबुक में श्यामबती पति कमल की फोटो बाकायदा ब्रांच मैनेजर के हस्ताक्षर से प्रमाणित की हुई है। श्यामबती पति कमल की फोटो लगे हुए पासबुक में इसे जारी करने की तारीख 5 जनवरी 2015 अंकित है, जबकि श्यामबती पति उमाशंकर की फोटोयुक्त पासबुक में 22 जुलाई 2015 की तारीख दर्ज की हुई है। जबकि दोनों के आधार कार्ड नंबर अलग-अलग एवं उनके पति का नाम अलग-अलग अंकित है। सवाल यह उठता है कि बैंक खातों में आधार कार्ड कार्ड लिंक करने की अनिवार्यता के नियम के बावजूद आखिर 9 साल तक बैंक को अपनी इस चूक का पता कैसे नहीं चल पाया?

**क्या कहते हैं ब्रांच मैनेजर :** इस बारे में ब्रांच मैनेजर जगदीश बेहरा का कहना है कि दोनों के बीच विवाद होता देखकर खाता बंद कर दिया गया है। खाते में जमा राशि दोनों में बराबर बांट दी गई। उन्हें दूसरे बैंक में खाता खोलने की सलाह दी गई है। दोनों हितग्राहियों का जन धन खाता खोलने सचिव ने फॉर्म लाकर जमा करवाया होगा। 8-9 साल पुराना खाता है, मेरी पोस्टिंग साल भर पहले हुई है। ब्रांच मैनेजर ने माना कि दोनों ही खातेदार एक ही खाते से समय-समय पर लेन-देन करते आ रहे थे।

**हमनाम के साथ गज़ब का संयोग :** दिलचस्प बात यह है कि श्यामवती नामक खातेदार महिलाओं का नाम एक होना ही महज इत्तेफाक नहीं है। दोनों महिलाओं का मायका भी बालपेट नामक एक ही गांव है और ससुराल भी पंडेवार नामक एक ही गांव है।

# नगरीय निकाय कर्मचारियों की हुई एक दिवसीय हड़ताल




पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी के आह्वान पर प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों में 29 जुलाई को एक दिवसीय हड़ताल की गई। इस हड़ताल में कर्मचारियों ने दो प्रमुख मांगों शासकीय कर्मचारियों की तरह नगरीय निकायों के कर्मचारियों को प्रत्येक माह समय पर वेतन उपलब्ध कराना और अन्य शासकीय विभागों की तरह नगरीय निकायों में भी पुरानी पेंशन योजना लागू करना को रखीं हैं। कर्मचारियों का कहना है कि, समय पर वेतन न मिलने के कारण वे बुजुर्गों की दवाई, बच्चों की पढ़ाई और घर के राशन जैसे मूलभूत दायित्वों को निभाने में असमर्थ हो जाते हैं। उन्हें इन दायित्वों को पूरा करने के लिए बैंक या अन्य संस्थाओं से ऋण लेना पड़ता है, जो उचित नहीं है। कोंडागांव जिले के तीनों नगरीय निकायों केशकाल, फरसगांव और कोंडागांव के अधिकारियों और कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लिया और शासन से नियमित वेतन व्यवस्था और पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग की। इस हड़ताल में जिला कोंडागांव नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ के जिला उपाध्यक्ष दिनेश साहू, जिला सचिव राजीव बिछिया, जिला महामंत्री आनंद देवांगन, जिला संरक्षक संजय कोर्राम, जिला सह संरक्षक गिरिजा शंकर परते, जिला कोशाध्यक्ष मीना टंडिया और अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

# एनएमडीसी के मुख्य महाप्रबंधक साही ने किया राहत शिविर का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल में आई बाढ़ के कारण बंगाली कैंप,सुभाष नगर,तालाब पारा भट्टी पारा, मल्लप्पा कैंप,शुक्र कैंप ,रेलवे कॉलोनी,पटेल पारा के कई घरों में लाल पानी व मट्टी घुस गई। जिसके कारण लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया हैं।जिसके बाद से प्रभावितों को बंगाली कैम्प मंगल भवन एवम एनएमडीसी परियोजना की मंगल भवन में शिफ्ट किया गया हैं।इस बीच व्यवस्था का जायज़ा लेने एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक संजीव साही सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने निरीक्षण किया और ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को प्रभावितों के लिए उचित सुविधा करने हेतु निर्देशित किया।इसके अलावा नगरपालिका परिषद के सहायक राजस्व निरीक्षक गौरीशंकर तिवारी,विनीत साव, धनंजय शर्मा,कमलेश पाल,दिनेश विमल, लोमन सिन्हा,सचिंद्र,डी पी पात्रों,मुरली कृष्णा, राहुल सिंह द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में सुबह नास्ता तथा दोपहर व रात को गर्म भोजन पहुंचाया जा रहा हैं।

# किरंदुल के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर बाढ़ पीड़ितों से मिल रहे विधायक





पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

किरंदुल क्षेत्र में आई बाढ़ के रूप में भयंकर आपदा के कारण कई घर तबाह हो गए।क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी ने प्रभावित क्षेत्र का एवं घरों का तथा प्रभावित परिवारों से मिलकर उनका जायजा लिया। विधानसभा सत्र के पश्चात रायपुर से सीधे किरंदुल पहुँचने के पश्चात 02 दिन से विधायक अटामी किरंदुल में है और लगातार स्थिति का जायजा ले रहे है। रविवार को भी विधायक अटामी ने पीड़ित परिवारों तक पहुँच संपर्क कर उनके समस्या के बारे में जाना तथा उन्हें तत्काल राहत प्रदान करने के लिए प्रशासन एवं एनएमडीसी प्रबंधन को निर्देशित किया।साथ ही मंगल भवन राहत शिविर का निरीक्षण किया एवं वहा ठहरे बाढ़ प्रभावित लोगों से मुलाक़ात किया।उनकी समस्याओ का जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही एवं राहत शिविर के बच्चों को बिस्किट एवं चॉकलेट वितरण किया और भाजपा कार्यकताओं को आपदा से पीड़ित लोगों की हर संभव मदद करने हेतु आग्रह किया। मीडिया प्रभारी राहुल आसरानी मीडिया को दी गई।

# जय हिंदू राष्ट्र मोर्चा के जिला अध्यक्ष हेमंत कौशिक ने किया रक्तदान



पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

जिला अध्यक्ष बनते ही मानव सेवा परम धर्म रक्तदान महादान के चलते जिला अस्पताल में अपने कार्यकताओं के साथ जाके ग्रामीण महिला के आपरेशन के लिए रक्त दान किया। ब्लड बैंक स्टाफ से बात करने पर पता चला कि डोनर के कमी के चलते ब्लड बैंक में बहुत कमी आ गई है अभी मात्र 20यूनिट मात्र ही ब्लड स्टॉक में बचा है। ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए हेमंत कौशिक ने जल्द ही जिला अस्पताल में जय हिंदू राष्ट्र मोर्चा के बैनर तले बहुत जल्द रक्त दान कार्यक्रम करने की बात कही है। ताकि हर जरूरतमंद परिवार को समय पर खून मिल सके !

# श्रावण मास के द्वितीय सोमवार पर श्री राघव मंदिर में किया गया शिवलिंग का सामूहिक जलाभिषेक



पायनियर संवाददाता ◄ किरंदुल
www.dailypioneer.com

विक्रम संवत 2081, श्रावण कृष्ण नवमी एवं श्रावण मास के द्वितीय सोमवार की पावन तिथि के सुअवसर पर बैलाडीला देवस्थान समिति श्री राघव मंदिर किरंदुल एवं गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वाधान में नगरपरिवार की सुख, शांति, समृद्धि, आरोग्यता एवं प्राकृतिक विपदाओं से सुरक्षा हेतु श्री राघव मंदिर दरबार में शिवलिंग का सामूहिक जलाभिषेक एवं माता काली की विशेष पूजा-अर्चना पश्चात हवन किया गया।प्रधान पुजारी सत्येंद्र प्रसाद शुक्ला ने बताया कि सनातन परंपरा में भगवान शिव की जितने भी प्रकार से पूजा की विधियां बताई गई हैं, उनमें शिवलिंग जलाभिषेक का अत्यधिक महत्व है। माता काली जी एवं शिवलिंग की विधि-विधान से पूजा करने पर सुख-समृद्धि, धन-धान्य, आरोग्य और सौभाग्य की प्राप्ति होती है।मान्यता है कि भगवान शिव से जुड़े पावन दिन, तिथि, काल और रात्रि में पूजन करने पर शिव साधक को कई गुना फल प्राप्त होता है।

# शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने किया जिला अस्पताल कोंडागांव में रक्तदान

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



रक्तदान कीजिए मानवता के हित में काम कीजिए। इसी कड़ी में शैलेंद्र कुमार ठाकुर शिक्षक उच्च प्राथमिक शाला कुकाड़गारकापाल,विकासखंड-कोंडागांव (जिला शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा जिला कोंडागांव जिला मीडिया प्रभारी ) ने एक सीजर डिलीवरी केस में जरूरतमंद की मदद रक्तदान देते हुए किया। शिक्षक ने रक्तदान के बाद अपने विचार रखते हुए कहा कि रक्तदान कर हम जहां एक ओर किसी की जान बचाते हैं वहीं दूसरी ओर इससे हमें जबरदस्त आत्मसंतुष्टि मिलती है। कई लोग रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों के कारण रक्तदान करने से कतराते हैं जबकि इससे कोई हानि नहीं होती यह पूरी तरह सुरक्षित प्रक्रिया है और रक्तदाता को कई प्रकार से लाभ होते हैं। रक्तदान से हमारे शरीर में फिर से नया खून बनना चालू हो जाता है, अतः हम सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए।

## दक्षिण बस्तर के किसानों में बढ़ा श्री पद्धति की तरफ झुकाव

# श्री पद्धति से धान की खेती से दोगुना उत्पादन

पायनियर संवाददाता ◄ दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com





जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में दंतेवाड़ा जिले के किसानों को परंपरागत धान की खेती के स्थान पर ''श्री पद्धति'' से बोनी के लिए प्रेरित कर उत्पादन बढ़ाने का विशेष प्रयास किया जा रहा है। इस वर्ष कृषि विभाग द्वारा जिले भर में 600 हेक्टयर में श्री पद्धति से धान की बोनी का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही 1200 हेक्टेयर रकबे में हरी खाद के उपयोग कर उत्पादकता को बढ़ाने के प्रयास भी किये जा रहे है।

कृषि विभाग के उप संचालक सूरज पंसारी ने बताया कि जिले के किसानों को ''श्री पद्धति'' से धान बोनी के लिए प्रोत्साहन देने के क्रम में अब तक 540 हेक्टेयर क्षेत्र में ''श्री पद्धति'' से धान की बोनी की जा चुकी है। और ''श्री पद्धति'' से खेती करने पर लगभग दो से ढाई गुना अधिक उत्पादन होगा। इसके लिए किसानों को लगातार प्रेरित किया जा रहा है। इस पद्धति में गीदम, और दंतेवाड़ा क्षेत्र के किसान अधिक रूचि ले रहे हैं। ''श्री पद्धति'' से बोआई करने पर न केवल पानी की कम आवश्यकता पड़ती है साथ ही इस पद्धति से खेती करने में फसल में रोग भी लगने की संभावना भी कम रहती है। इसके अलावा ''श्री पद्धति'' के बोनी में उर्वरक और रासायनिक दवाओं, कीटनाशक का प्रयोग नहीं किया जाता है। इसकी जगह ''ग्रीन मन्योर'' (हरी खाद) का उपयोग किया गया है। पिछले वर्ष तक जिले में महज 150 हेक्टेयर में ही ''श्री पद्धति'' से किसान धान की खेती करते थे। जबकि इस वर्ष श्री पद्धति से धान की खेती का रकबा बढ़ाया गया है।

### ये भी फायदे

''श्री पद्धति'' से बोआई में कम बीज से अधिक उत्पादन होता है। इसके अलावा धान की खेती करने में लागत भी कम आती है। परंपरागत खेती में एक हेक्टेयर में जहां 50 से 60 किलो बीज की जरूरत पड़ती है, वहीं ''श्री पद्धति'' से धान की खेती में बीज जरूरत महज पांच से छह किलो की ही होती है। ऐसे में किसानों को कम बीज में अधिक उत्पादन मिलता है।

# पुलिस ने किया चोरी के आरोपी श्याम विश्वकर्मा को गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



28 जुलाई नथलु मरकाम के घर में सुबह 4 बजे अज्ञात चोरो द्वारा हाल में रखे पर्स से 8 हजार रूपये को निकाल कर भाग रहा था कि, नथलु जग गया, जिसे देखकर चोर भागने लगा, जिस पर नथलु राम के द्वारा चोर को पकड़ने का प्रयास किया गया, तब चोर ने नथलू को आहत कर हाथ छुड़ा कर मौके से भाग गया। नथलु मरकाम के रिपोर्ट पर थाना कोंडागांव में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला कोंडागांव पुलिस अधीक्षक के द्वारा जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हिदायत दिया गया और अज्ञात चोर का पता तलाश किया गया, जो कि, मुखबिर की सूचना पर संदेही श्याम उर्फ घनश्याम विश्वकर्मा निवासी जामकोटपारा से घटना के संबंध में पूछताछ किया गया, जिसने अपराध करना स्वीकार किया। अपराधी के कब्जे से चुराई हुए पूरी रकम 8 हजार रुपये को पेश करने पर विधिवत जप्त कर श्याम उर्फ घनश्याम विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जिसे रिमांड पर जेल दाखिल किया गया है।

# स्टे होने के बाद भी हो रही थी धड़ल्ले से रजिस्ट्री

## शासन निहित, हाईकोर्ट के आदेश के बाद क्रेता-विक्रेता असमंजस में

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

दाऊ कल्याण सिंह का सम्पत्ति शासन निहित होने हाईकोर्ट के फैसले के समाचार प्रकाशित होने के पश्चात आम जनता मे अनेक प्रकार की जनचर्चा मुखर होकर सामने आ रही है विशवशत सूत्रों से पता चला है कि अनूप अग्रवाल ने जिन लोगों को जमीन बेची उन्होने प्लाटिंग कर जमीन को कई टुकड़ों मे बेची और उसमें से कुछ जमीन प्रशासनिक तंत्र से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को भी दिया गया जो कि अपने रिश्तेदारों के नाम से रजिस्ट्री कराई जब राजस्व मंडल ने निर्णय दिया कि सारी जमीन रिकॉर्ड मे छत्तीसगढ़ शासन दर्ज किया जाये तो किस आधार पर दाऊ कल्याण सिंह की जमीन राजिस्ट्रीयुक्त बेचा गया गौरतलब है की मामला तुल पकड़ने की संभावना देख इन अधिकारियों ने किसी ने 12 लाख व किसी ने 19 लाख रातोंरात बेच दिये और उनका नामांतरण व प्रमाणीकरण भी हो गया ताकि कोई अधिकारी ना फंसे


रामपूर्ति और उनके उत्तराधिकारी ना तो कानूनी प्रतिनिधि है और ना ट्रस्टी है

दाऊ कल्याण सिंह के निसंतान होने के कारण उनकी सम्पत्ति शासन मे निहित

### हाईकोर्ट का आदेश जमीने शासन निहित, दारोमदार शासन पर

गौरतलब है की हाईकोर्ट के फैसले के बाद दाऊ कल्याण सिंह की जमीने शासन निहित हो जायेगा परंतु शासन उक्त फैसले का पालन किस आधार व प्रक्रिया के तहत संयोजित कर प्रक्रिया मे लाती है है यह रोचक स्थिति पैदा हो गया है क्योकि आम लोगों ने अपनें मेहनत की गाड़ी कमाई से राजिस्ट्रीयुक्त जमीन मानकर दाऊ कल्याण सिंह की जमीने खरीदे है और आगे शासन उक्त जमीनों को शासन युक्त मानकर अतिरिक्त मापदण्डों का बोझ डालती है तो यह क्रेयता व विक्रेता मे खीचतान की स्थिति बन शक्ति है।

आश्चर्य की बात यह है की मातादेवालय मे एक भाजपा नेता को नाममात्र में बेची और पटवारी हल्का नम्बर हथनी मे भी सस्ते दाम पर एक नेता को अनूप अग्रवाल ने नाममात्र शुल्क लेकर बेच दी जिसकी काफी जनचर्चा नगर मे रही हाईकोर्ट के इस निर्णय से सैकड़ों लोग प्रभावित हो रहे है इस अवैध खरीदी बिक्री से धोखाधड़ी से प्रभावित हुये है।

### राजिस्ट्रीयुक्त जमीन मानकर जो खरीदी किये है वह असमंजस कि स्थिति में

गौरतलब है की दाऊ कल्याण सिंह के जमीन का क्रय विक्रय को लेकर राजस्व का न्यायलयीन मामला का प्रक्रिया लम्बे समय से राजस्व विभाग मे चल रहा था जिसको लेकर न्यायालय द्वारा स्टे भी जारी किया गया था परंतु स्टे होने के बावजूद उक्त मामले में करोड़ों के जमीन का राजिस्ट्रीयुक्त क्रय विक्रय हो जाना अनेक प्रकार के सवाल भी खड़े करते है।

### हाईकोर्ट के आदेश पालन अवश्य

सम्पत्ति शासन निहित होने के फैसले के बाद हाईकोर्ट के आदेश का पालन किया जाना शासन के लिये अवश्क हो जाता है वही अगर समय रहते हाईकोर्ट के आदेश का पालन नही होने पर याचिकाकर्ता द्वारा कोर्ट के अवमानना का पुनः याचिका लगाये जाने की भी संभावना बढ जायेगी वही जो क्रेता विक्रेता दाऊ कल्याण सिंह के जमीन को राजिस्ट्रीयुक्त मानकर खरीद चुके है वह हाईकोर्ट मे अपने हितों के रक्षा हेतु पुनः विचार कि याचिका दायर कर सकते है कुल मिलाकर उक्त मामला अनेक प्रकार के पेचीदगियों मे फंस गया है जो की आने वाला समय ही उठने वाले अनेक सवालों का जवाब दे सकती है।

### राजिस्ट्रीयुक्त जमीन का क्या मतलब होता है

प्रॉपर्टी खरीदने पर उसके मालिकाना हक को विक्रेता से क्रेता के पक्ष में ट्रांसफर करने को ही रजिस्ट्री कहते है। आसान भाषा में कहें तो किसी जमीन के ओरिजिनल डॉक्यूमेंट्स पर उसके विक्रेता मालिक का नाम हटाकर क्रेता मालिक का नाम दर्ज कराना ही रजिस्ट्री कहलाता है।

# एक हफ्ते से रूक रूक कर हो रही बारिश से द्वारतरा कला जलाशाय का मेड़ फुटा



पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

बागबाहरा ब्लाक के वंनाचल क्षेत्र के ग्राम द्वारतरा कला का जलाशाय (तालाब) पिछ्ले कुछ दिनो से रुक रुक हो रही बारिश के कारण रविवार सुबह फूट गया जिसकी मिट्टी 80 एकड़ में लगे धान की फसल सहित खेत पट कर बर्बाद हो गया। जलाशाय फूटने के समय 14 फीट पानी भरा हुआ था। जो किसानों के खेतों में जाकर मिट्टी पर गई। द्वारतरा कला के सरपंच भूखन सिन्हा बताया की 1999-2000 मे अकाल के समय पूर्व मुख्यमंत्री अजित जोगी ने राहत कार्य के मद से तीस एकड़ में इस जलाशाय का निर्माण मजदूरो को रोजगार व निस्तारी के लिए कराया गया था जो बाद मे नटई नाला से जुड़ता पर काम अधूरा रहने के कारण इस जला शाय का निस्तारी किया जाता था यह जलाशाय पिछ्ले वर्ष से ही रिसाव हो रहा था जो पानी की दबाव के चलते मेड़ फूट गया जबकि सिंचाई विभाग के इस जलाशाय का कोई रिकार्ड नही है। फिर जनपद पंचायत बागबाहरा सीईओं के द्वारा इसमें मछली पालन का कार्य करवाया जाता रहा है। किसानो का फसल बर्बाद व चौपट को लेकर चिंतित है शासन से की है मुआवजे की मांग।

# सत्संग का उपयोग जानने और जीने में करना चाहिए : प.पू. विशुद्ध सागर





पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com

जैन मंदिर इतवारी बाजार में चातुर्मास हेतु विराजित ओजस्वी वक्ता विशुद्ध सागर जी महाराज का प्रवचन जारी है। परम पूज्य विशुद्ध सागर म सा ने अपने प्रवचन में फरमाया कि जिस दिन हम अपनी आत्मा में डुबकी लगाएंगे उस दिन इस संसार से तीर जायेंगे। अपने मन को परमात्मा को याद करके आनंद से भरना है। सत्संग का उपयोग जानने और जीने में करना चाहिए। सत्संग के माध्यम से हम जान तो जान जाते लेकिन जीने के लिए नहीं करते। हम जानने का कार्य तो धरातल पर करते है लेकिन उसे जीन आसमान में चाहते है।

मुक्ति प्राप्त करने के लिए पहले जानना फिर जांचना और उसके बाद उसे जीना अर्थात जीवन में उतारने आवश्यक है। जब ये प्रक्रिया अपनाएंगे तक मुक्ति संभव है। जब किसी धार्मिक कार्यों में हमारा मन नहीं लगता तो हम उस कार्य को बंद कर देते है लेकिन पाप के कार्यों को कभी बंद करने का प्रयास नहीं करते। मंजिल प्राप्त करने वाला कभी सीढियों की चिंता नहीं करता। आज हमे चिंतन करना है क्या मेरा परमात्मा के परिवार ने नंबर है। अगर नहीं है तो ये चिंतनीय है और नंबर है तो वंदनीय है। हमे अपने जीवन से दोष दृष्टि को दूर करना है। तभी हम सुखी बन सकते है। हम दूसरो के दोष देखने के आदि है इसलिए हमेशा दुखी रहते है। नजरिया बदले बिना वास्किकता नजर नहीं आ सकता। अर्थात वास्तविकता को जानने और समझने के लिए अपने नजर की दोष दृष्टि अर्थात अपने अंदर के अज्ञान को दूर करना होगा। हमारा नजरिया हमारा क्रोध ही है। जीवन में पुण्य के उदय पर बड़ी से बड़ी गलती को संसार माफकर देती है लेकिन पाप के उदय आने पर छोटी से छोटी गलती होने पर भी संसार सजा देती है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शिक्षा सप्ताह का आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

बागबाहरा वि.खंड के हायर सेकेंडरी स्कूल नर्रा में मनाया गया शिक्षा सप्ताह। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शिक्षा मंत्रालय के निर्देशानुसार स्कूल में प्रभारी प्राचार्य सुबोध कुमार तिवारी के मार्गदर्शन में शिक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस टीएलएम दिवस मनाया गया, जिसमे विषय शिक्षको ने विषयवस्तु के टीचिंग लर्निंग मैटेरियल का प्रदर्शन करते हुए अध्यापन कार्य किया। खेल दिवस के दिन खेल शिक्षक कामता प्रसाद साहू ने छात्रों को स्थानीय खेलो। के महत्व एवं उनसे जुड़ी संस्कृति के संबंध में छात्रों को बताया तथा स्थानीय खेल कबड्डी, फुगड़ी, रस्सी कूद, कुर्सी दौड़ का आयोजन



कराया। सांस्कृतिक दिवस के दिन छात्रों को भारत की विविधताओ से भरी संस्कृति के बारे में छात्रों को बताते हुए व्याख्याता नीलिमा भोई ने कहा कि भारत में प्रत्येक राज्य की अपनी एक विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान है, छत्तीसगढ़ का सुआ, असम का बिहू, पंजाब का भांगड़ा, सभी राज्यों की अपनी विशिष्ट पोशाकें, पकवान होती है। कौशल दिवस के अवसर पर शिक्षा में तकनीक के प्रयोग के अंतर्गत को शिक्षक दुर्गेश चंद्राकर, योगेश साहू, नीलिमा भोई ने डिजिटल माइक्रोस्कोप, विजुअल रियलिटी, स्मार्ट टीचिंग बोर्ड के उपयोग से छात्रों को पढ़ाया। विद्यालय में कौशल विकास के लिए संचालित ऑटोमोबाइल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड के प्रशिक्षक अरविंद ठाकुर ने छात्रों को ओवन, वाटर फिल्टर, रिपेयरिंग, तथा स्विच बोर्ड बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया, वही ऑटो मोबाइल के प्रशिक्षक जयंत साहू ने फोरवीलर एवं टूवीलर गाड़ी के इंजन रिपेयरिंग, वाशिंग, ऑयल चेंज, आदि का हैंड्स ऑन प्रशिक्षण छात्रों को दिया। वाणिज्य के व्याख्याता पन्नालाल साहू ने छात्रों को बैंकिंग स्किल की जानकारी दी। पर्यावरण दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ एंड इको क्लब के पदाधिकारी छात्र छात्राओं ने शाला परिसर में वृक्षारोपण किया। शिक्षा सप्ताह के सफल आयोजन में शाला के व्याख्याता तुलाराम दीवान, भूपेंद्र पढ़ियार, एवं कौशल चक्रधारी, कुसुम साहू सहित अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# मुख्य सड़क मार्ग बरसात के दिनों में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त



पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

सुरकी मार्ग से मोपका जाने वाले ग्राम धुर्राबांधा से प्रवेश व बहिर्गमन का मुख्य सड़क मार्ग बरसात के दिनों में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है, जिसके कारण उक्त मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या मे गुजरने वाले राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे है। गौरतलब है की उक्त मार्ग विवादग्रस्त होने के कारण 2 किलोमीटर का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जो की राहगीरों के लिये पिछले 2 सालों से उक्त मार्ग जर्जर होने के कारण कष्टप्रद बना हुआ है।

# निकाय एवं पंचायत चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है भाजपा : रामू रोहरा

पायनियर संवाददाता ➤ धमतरी
www.dailypioneer.com




भाजपा आमदी मंडल की कार्यसमिति बैठक ग्राम रीवागहन में संपन्न हुई। बैठक में भाजपा के मंडल, शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा ने कहा कि आमदी मंडल ने विधानसभा चुनावों में मिली पराजय को बदलते हुए लोकसभा में दुगुने अंतर से जीत हासिल की। निष्ठावान कार्यकर्ताओं ने इस पराजय से सीख लेते हुए परिश्रम की पराकाष्ठा की और परिणाम को बदला। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द प्रदेश में नगरीय निकायों एवं पंचायतों के चुनाव होने हैं और भाजपा के संगठन के सिपाही किसी भी वक्त चुनाव के लिए तैयार है। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में अपनी बात कहते हुए प्रदेश झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के संयोजक महेंद्र पंडित ने कहा कि मोदी को देश की जनता ने तीसरी बार अपना नेता चुना है। भारत की जनता को मोदी की गारंटियों पर पूरा भरोसा है। कांग्रेस पार्टी ने पिछले तीन चुनावों में जितनी सीटें हासिल की है वो कुल मिलाकर भी भाजपा की 2024 में मिली सीटों से कम है फिर भी कांग्रेस के लोग ऐसे जश्न मना रहे हैं जैसे उन्होंने चुनाव जीत लिया हो। पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक कांग्रेस का सफाया सुनिश्चित है। पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ठाकुर शशि पवार ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए बैठक में कहा कि मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की एनडीए सरकार ने 2047 के विकसित भारत की नींव रख दी है। अर्थात गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के कल्याण को इस सरकार ने अपनी कार्ययोजना के केंद्र में रखा है। आमदी मंडल के प्रभारी कविंद्र जैन ने कार्यसमिति में अनुपस्थित कार्यकर्ताओं से आग्रह किया की संगठन के कार्यकर्ताओं को विश्राम करने की अनुमति नहीं है क्योंकि उनके ऊपर ही इस देश को विकसित भारत बनाने की जिम्मेदारी है। उन्होंने बैठक में प्रदेश संगठन द्वारा निर्देशित आगामी 3 माह की विस्तृत कार्ययोजना की जानकारी देते हुए मंडल पदाधिकारियों से सभी कार्यक्रम पार्टी की मंशा के अनुरूप संपन्न कराने दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में जिला महामंत्री अविनाश दुबे, वरिष्ठ नेत्री खिलेश्वरी किरण, जिला पंचायत सदस्य दमयंतीन साहू एवं नगर पंचायत आमदी के अध्यक्ष हेमंत माला ने भी अपने विचार रखे।

# साय सरकार की कमीशनखोरी के चलते स्कूलों का निर्माण व मरम्मत अटका : विनोद चंद्राकर

पायनियर संवाददाता ➤ महासमुंद
www.dailypioneer.com

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शासन द्वारा पूरे प्रदेश सहित जिले में मनाए जा रहे शिक्षा सप्ताह को केवल ढकोसला तथा झूठी वाहवाही बटोरने शिक्षा विभाग का असफल प्रयास बताया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को भाजपा सरकार ने हाशिए पर रख दिया है। महासमुंद जिले में ही अनेक जर्जर स्कूलों में नौनिहाल अपना भविष्य गढ़ रहे हैं। इसका स्पष्ट उदाहरण जिले के गड़बेड़ा तथा सरायपाली क्षेत्र के सिंघोड़ा संकुल के सागरपाली स्कूल है। जहां खतरों के बीच में नौनिहाल टपकते छत से बचने छाता लेकर कक्षा पहुंच रहे हैं। गिले फर्श पर बैठकर उन्हें पढ़ाई करने विवश होना पड़ रहा है। इसके अलावा जिले के सैकड़ों प्राथमिक, मिडिल, हाई तथा हायर सेकेंडरी स्कूलों में शिक्षकों का अभाव है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने से पालक आए दिन स्कूलों में तालाबंदी करते नजर आ रहे हैं। लेकिन, भावी पीढ़ी के भविष्य को लेकर प्रदेश के विष्णुदेव सरकार तनिक भी चिंतित नहीं है। चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की गुटबाजी और मंत्रियों के कमीशनखोरी के लालच के चलते स्कूल शिक्षा विभाग को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। स्कूलों में मानसून के पहले नियमित तौर पर जो निर्माण और मरम्मत के कार्य होते थे, इस साल वह भी नहीं हो पाया है।

सामान्य तौर पर स्कूल की बिल्डिंग के निर्माण और रखरखाव का काम सरकारी एजेंसी आरईएस, पीडब्ल्यूडी, नगरीय निकाय और

## कौन करेगा पशु आहार की जांच ?

# स्वच्छता और शुद्धता पर मवेशी पालकों का सवाल

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

शुद्धता संदेह के घेरे में। स्वच्छता शून्य। कौन करेगा खुले में बेचे जा रहे पशु आहार की जांच? सवाल इसलिए मवेशी पालक उठा रहे हैं क्योंकि यह आहार मवेशियों की सेहत खराब कर रहीं है। मानव आहार की जांच तो हर साल होती है लेकिन पशु आहार की जांच जिले में अब तक होती नहीं देखी गई। यही वजह है कि घुन लगा और सेट हो चुके पशु आहार को बेचा जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की सहभागिता की भी खबरें आने लगी हैं।





### इसलिए सवाल

पॉलिश कोढ़ा, दलहन पाउडर, दलिया। घुन और फफूंद लगे हुए मिल रहे हैं। सेट हो जाने की शिकायतें भी आ रही हैं। पैक्ड प्रोडक्ट की गुणवत्ता तो फिलहाल सही होने की जानकारियां हैं लेकिन खुले में बेचे जा रहे पशु आहार की सघन जांच को आवश्यक मान रहे हैं ग्वाले क्योंकि मवेशियों में सेवन से स्वास्थ्यगत परेशानियां सामने आने लगीं हैं। लेकिन कार्रवाई नहीं होता देखकर, अब हरा चारा की मात्रा बढ़ाई जा रही है।

### भंडारण और विपणन सही नहीं

पशु आहार उत्पादन करने वाली स्थानीय इकाइयां और विक्रय करने वाली संस्थानें, उत्पादन, भंडारण, परिवहन और विपणन को लेकर जैसी लापरवाही दिखा रहीं हैं, उससे पशु आहार की गुणवत्ता पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लिहाजा जांच के दौरान इस प्रक्रिया पर भी नजर रखा जाना आवश्यक माना जा रहा है। परिवहन के दौरान भी ऐसी ही लापरवाही दिखाई जा रही है।

बॉक्स

### स्वच्छता नहीं

इकाइयां और पशु आहार विक्रय करने वाली संस्थानें। स्वच्छता को लेकर जैसा रूख बनाए हुए हैं, उससे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि अस्वच्छ माहौल में गुणवत्ता कैसे बनी रहेगी? हद तो तब, जब कालातीत अवधि के करीब हो चुकी सामग्री भी कम कीमत में बेच दी जा रही है। बारिश का मौसम है। ऐसे में यह काम खूब किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार

पशु आहार की जांच का अधिकार हमें नहीं है।
- **डॉ.** एस पी सिंह, उपसंचालक, पशु चिकित्सा सेवाएं, बलौदा बाजार

फूड एंड सेफ्टी डिपार्टमेंट सक्षम है। नियमतः जांच उन्हें करनी है।
- **विमल दुबे,** जिला खाद्य अधिकारी, बलौदा बाजार

पशु आहार में इस तरह की शिकायतें नहीं आनी चाहिए। चेक करवाएंगे।
- **नितिन तिवारी,** एसडीएम, भाटापारा

# पूर्व छात्रों और समाजसेवी संस्थाओं ने आयोजित किया अभिनंदन समारोह

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय राम भजन राय एन ई एस अग्रणी महाविद्यालय जशपुर के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित का उनके भूतपूर्व छात्र जो जिले भर में शासकीय सेवाओं व्यवसायी एवम अन्य क्षेत्रों में में कार्यरत के द्वारा धूमधाम से अभिनंदन सह सम्मान समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ विजय रक्षित एवं उनके मंचस्थ श्रीमती रक्षित एवं गोविंद मिश्रा ने महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती हॉल में मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वरण किया गया डॉक्टर विजय रक्षित के सम्मान में स्वागत गीत गाया गया। विभिन्न स्थानों से आए पत्थलगांव बगीचा फरसाबहार नारायणपुर कुनकुरी आदि स्थानों से आकर छात्रों ने उन्हें अभिनंदन किया। छात्रों को एक दशा और दिशा देने में इतिहास विषय को रुचिकर बनाने में आधुनिक भारतीय इतिहास के ज्ञाता के रूप में छात्र उनकी प्रतिभा के कायल हैं। छात्रों के द्वारा शास्त्रीय स महाविद्यालय में अध्ययन करते हुए इतिहास विषय के प्रति रुचि जागृत करने में डॉक्टर विजय रक्षित का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने आधुनिक भारतीय इतिहास के गवर्नर जनरल का इतिहास और आधुनिक भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के कालजयी पात्रों को अध्यापन के दौरान जीवंतता का अनुभव करते थे। इंटरनेट की अनुपलब्धता के दौर में इतिहास विषय को एक लोकप्रियता प्रदान की थी और छात्रों को उनके अध्ययन को एक आदर्श रूप में माना है और जिले के विभिन्न स्थानों पर इतिहास विषय के शिक्षक के रूप में उनके लिए डॉक्टर विजय रक्षित का अध्यापन कला कौशल से प्रेरणा प्राप्त करते रहे हैं।

**छात्रों ने किया याद** -कार्यक्रम के आरंभ में व्याख्याता जयेश सौरव टोपनो ने ने डॉक्टर विजय रक्षित के संबंध में बताया कि वह उनके भूतपूर्व छात्र रहे हैं और छात्र जीवन में न सिर्फ इनसे प्रेरणा प्राप्त की बल्कि राष्ट्रीय सेवा योजना के इकाई से जुड़कर कर के अनुशासन और उनके पढ़ने के जो तरीके हैं उनको भी हमने अपने जीवन में उतारा है और इसलिए आज बोलने की क्षमता संबोधन करने की क्षमता यह सब आदरणीय गुरुदेव से ही प्राप्त हुआ है। अपने गुरुदेव के सम्मान में व्याख्याता डॉ मिथिलेश पाठक ने डॉक्टर विजय रक्षित के व्यक्तित्व उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके अभी तक के किए गए कार्यों और विभिन्न स्तर पर मिले हुए सम्मान आदि का जिक्र करते हुए बताया कि उनके अध्ययन अध्यापन की कला को सिखाने में डॉक्टर विजय रक्षित जी का बहुत बड़ा योगदान रहा है जिसके कारण वह अपने जीवन में यह भरोसा दिलाते हैं कि आने वाले समय में इतिहास के विषय के प्रति हम अत्यंत की सजक रहते हुए इस विषय को लोकप्रिय विषय के रूप में पूरे जिले में स्थापित करने का हम लोग प्रयास करेंगे। व्याख्याता राजेन्द्र प्रेमी ने स्वलिखित काव्य रचना विदाई विदाई प्रस्तुत किया अगरिया समाज के प्रमुख समाजसेवी रोपण राम अगरिया ने अपने विचार व्यक्त किये। इसी क्रम में नारायणपुर क्षेत्र से आए इतिहास के व्याख्याता महेश सर ,व्याख्याता विमला भगत, भौतिक के व्याख्याता महेश गुप्ता, एम खलखो, सावेद आलम, संजय दास सहित रत्ना गुरु एवं अन्य ने अपने अनुभव साझा किया। डॉ विजय रक्षित के अभिनंदन सह सम्मान समारोह में न सिर्फ इतिहास के बल्कि उस समय अध्यापन कर रहे अन्य विषय के व्याख्याता सन्तोष अम्बष्ट, मुकेश पाठक, वकारुज्जमां खान सहित अन्य छात्र भी शामिल हुए है चाहे वह फिजिक्स गणित के हो या भूगोल के हो लेकिन उनके प्रति उनका उनकी रुचि उनके अनुशासित जीवन से प्रेरणा लेकर **उनके अभिनंदन समारोह में शामिल हुए**-संवेदना के अध्यक्ष सजंय पाठक सहित प्रवीण सोनी एवम दुर्गेश सोनी ने संवेदना एवम पूर्व छात्रों की ओर से अभिन्नदन पत्र एवम डॉ विजय रक्षित की तैलप चित्रों का फ्रेम भेंट किया।

# इतिहास विभाग के छात्र-छात्राओं ने जशपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों का किया अध्ययन

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



शासकीय राम भजन राय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जशपुर इतिहास विभाग के एम. ए.चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित को लघु शोध प्रबंध सौंपा। छात्र-छात्राओं ने अपने लघु शोध प्रबंध कार्य में जशपुर जिले के ऐतिहासिक एवम् सांस्कृतिक क्षेत्र में शोध कार्य किए। विभाग के छात्र योगेश्वर साय ने अगरिया जनजाति का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन जशपुर जिला के विशेष संदर्भ में, कु.आसफा कौसर ने मनोरा विकासखंड के पुरातात्विक स्थलों का ऐतिहासिक सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन, रूसनाथ भगत ने पुरातात्विक स्थल डीपाडीह का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन, सतीश कुमार राम ने जशपुर जिला में स्थित मंदिरों का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन, शारदा केरकेट्टा ने जशपुर जिला के अंतर्गत मेलों का सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में, अदिना साय ने जशपुर रियासत के डोम शासकों का अध्ययन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में, कु.संजना भगत ने जशपुर जिले के प्रागैतिहासिक स्थलों का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन, कु. दीपा साहू ने पुरातात्विक स्थल ग्वालिन सरना का राजनैतिक, सामाजिक एवं धार्मिक अध्ययन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में, रोशनी तिर्की ने जनजाति शिक्षा के विकास में ईसाई मिशनरियों के योगदान अध्ययन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में, कु. आकांक्षा एक्का ने महा गिरजाघर कुनकुरी का सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में, कु. संध्या खलखो ने जशपुर जिले के जनजातियों का सामाजिक,धार्मिक एवम् सांस्कृतिक अध्ययन ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में, अमृता बाई ने जशपुर दशहरा का ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन, पूनम तिग्गा ने जनजातियों में सरना का ऐतिहासिक सामाजिक व धार्मिक महत्व का अध्ययन, तुलेश्वरराम ने जशपुर जिले में समाज सुधार के क्षेत्र में संत गहिरा गुरु के योगदान का अध्ययन, पुरुषोत्तम राम ने वनवासी कल्याण आश्रम जशपुर का शिक्षा के क्षेत्र में योगदान का अध्ययन,आशा लकड़ा ने कुनकुरी विकासखंड के अंतर्गत पुरातात्विक स्थलों का ऐतिहासिक, सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन, बजरंग राम ने जशपुर जिले के दर्शनीय स्थलों का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन, मंगरीता बाई ने जशपुर के पुरातात्विक स्थलों का ऐतिहासिक, सामाजिक धार्मिक एवम सांस्कृतिक अध्ययन। विभागाध्यक्ष गौतम कुमार सूर्यवंशी छात्र-छात्राओं के मुख्य शोध निर्देशक के इस कार्य को सम्पन्न किये एवं विभाग के अतिथि व्याख्याता अनुग्रह एक्का, कुमारी सुलोचना इंदवार ने भी छात्र-छात्राओं के शोध कार्य में निर्देशन किया। शोध प्रबंध को देखने के बाद प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने बताया कि सभी कार्य विश्वविद्यालय के मापदंड के अनुसार किया गया है।

# एक बार फिर जिले के पटवारियों का हुआ तबादला 10 वर्षो से जमे थे, अब राजस्व निरीक्षकों की मांग

## लंबे समय से एक ही स्थान में पदस्थ पटवारियों का किया गया तबादला

पायनियर संवाददाता जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने जिला जशपुर अंतर्गत् तहसीलों में पदस्थ पटवारियों को लम्बे समय से लगातार एक ही तहसील में पदस्थ रहने के कारण तथा प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से जिले के 17 पटवारियों को आगामी आदेश पर्यन्त तक नवीन तहसील में पदस्थापना दिया गया है। जिसके तहत् 10 वर्षो से एक ही तहसील में रहने वाले जशपुर तहसील के पटवारी दिनेश बघेल को फरसाबहार, फरसाबहार के पटवारी सुधीर तिर्की और. प्रियंका पैंकरा को पत्थलगांव, मनोरा पटवारी विजय श्रीवास्तव को फरसाबहार, मनोरा पटवारी प्रणीण तिर्की को कुनकुरी, मनोरा पटवारी बोधनाथ कुजार को कांसाबेल, मनोरा पटवारी कु. अनिता तिर्की को कुनकुरी, बगीचा पटवारी सुलोचनी बाई को फरसाबहार, पत्थलगांव पटवारी जहर साय नाग और रविकांत सोनी को मनोरा, पत्थलगांव पटवारी आशीष खेस को बगीचा, पत्थलगांव पटवारी उसत सिदार और आशेक कुमार मांझी को मनोरा, कुनकुरी पटवारी अनवर विपिन टोप्पो को जशपुर एवं कुनकुरी पटवारी बुधराम भगत को पत्थलगांव तहसील में पदस्थ किया गया है। इसी प्रकार कलेक्टर ने प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से आगामी आदेश पर्यन्त तक फरसाबहार तहसील के पटवारी सुनित कुजूर को पत्थलगांव एवं कांसाबेल तहसील के पटवारी प्रभा मिंज को पत्थलगांव में पदस्थ किया है।

# 31 जुलाई तक रविशंकर विश्वविद्यालय में एडमिशन ले सकेंगे छात्र विवि ने आगे बढाई तारीखें, कॉलेजों से मिल सकेगा ऑफ लाइन प्रवेश

पायनियर संवाददाता बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में एडमिशन के लिए इंतजार कर रहे छात्रों के लिए अच्छी खबर है। विवि में एडमिशन की तारीखें आगे बढ़ा दी है, अब यहां 31 जुलाई तक प्रवेश प्रक्रिया चलेगी। 26 से 31 जुलाई तक कालेजों में कुलपति के आदेश के बाद प्रवेश देने का नियम है। जिले में अभी शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए सभी 9 कॉलेजों में बीए, बीएससी, बीबीए, बीकॉम समेत बाकि के ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों के लिए एडमिशन हो रहा है।

**शैक्षणिक कैलेंडर में 25 जुलाई तक एडमिशन**-सत्र के शुरू होने के पहले ही उच्च शिक्षा विभाग की तरफसे जारी शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार कॉलेजों में प्रवेश की अंतिम तिथि 25 जुलाई थी। जिस अब विवि की तरफसे एफिलियेट कॉलेजों में प्रवेश की तिथि को बढ़ाकर 31 जुलाई कर दिया है। प्रदेश सहित जिले के सभी 9 कॉलेजों में 31 जुलाई तक प्रवेश दिए जाएंगे।

**ऑफ लाइन भी ले सकेंगे प्रवेश**-विवि की ओर से छात्रों की सहूलियत को ध्यान में रखते हुए उन छात्रों को भी ऑफ लाइन प्रवेश दिया जाएगा जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन नहीं किया होगा। छात्रों को जिन कॉलेजों में प्रवेश लेना है तो जरूरी दस्तावेज लेकर सीधे कॉलेज पहुंचकर प्रवेश ले सकते हैं।

**अब तक 14 अगस्त तक चलती थी प्रवेश प्रक्रिया**-विवि और विभाग की ओर से इस बार प्रवेश प्रक्रिया के दिनों में कमी आई है। अब तक 14 अगस्त तक प्रवेश दिए जाते थे, लेकिन इस बार 14 दिन की कटौती की गई है। संभावना है कि इस शिक्षा सत्र से स्नातक प्रथम वर्ष में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जा रही है।

**1 अगस्त तक पोर्टल में करना होगा विवरण अपडेट**-जिन छात्रों को विवि की ओर से ऑफ लाइन प्रवेश दिया जा रहा है, उन सभी छात्रों की पूरी जानकारी-विवरण एक अगस्त तक विश्वविद्यालय के पोर्टल में अपडेट करना होगा। ये पूरा अपडेट करने की जिम्मेदारी कॉलेज की ही होगी। पोर्टल पर विवरण नहीं होने पर अभ्यर्थी का प्रवेश शून्य माना जाएगा। इसके लिए कॉलेज प्राचार्य और प्रवेश प्रभारी जिम्मेदार होंगे।

**बीए, बॉयो और कामर्स की सीटे फुल, बीएससी मैथ्स की 40 सीटें खाली**-कालेजों में प्रवेश के लिए जून से चल रही एडमिशन प्रक्रिया में जिले के अग्रणी महाविद्यालय डी.के. कॉलेज में कामर्स की सभी 150 सीटे फुल हो गयी है, वही बी.ए. की सभी 250 सीटे और बी.एस.सी. बॉयो की सभी 160 सीटे फुल हो चुकी है सिर्फ बी.एस.सी. मैथ्स की ही 160 सीटों में से 120 सीटे ही भरी है, 40 खाली है।

**इस साल भी नहीं होंगे छात्रसंघ चुनाव**-जिले के सभी सरकारी कॉलेजों में इस साल भी छात्रसंघ चुनाव नहीं होंगे। रविशंकर विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र के जारी कलेण्डर में छात्र संघ का चुनाव में छात्र संघ पदाधिकारी मनोनीत किये जायेगें। छात्र संघ का गठन हेतु मनोनयन शासन के निर्देशानुसार 31 अगस्त तक कर लिया जायेगा। शैक्षणिक कलेण्डर के अनुसार महाविद्यालय स्तर पर खेलकूद का वार्षिक आयोजन 19 से 31 दिसंबर तक, महाविद्यालय स्तर पर वार्षिक उत्सव 20 से 23 दिसंबर के बीच एक किसी भी दिन किया जा सकेगा। एनसीसी/ एनएसएस कैंप का आयोजन 23 दिसंबर से 30 दिसंबर तक, दीक्षांत समारोह जनवरी या फरवरी 2025 में, वार्षिक प्रायोगिक परीक्षा फरवरी 2025 में, वार्षिक परीक्षा मार्च 2025 प्रथम सप्ताह, पूरक परीक्षा परिणामों की घोषणा 31 अक्टूबर 2025 तक की जायेगी।

# स्काउट्स गाइड्स संघ के स्थानीय अध्यक्ष पद पर ओमप्रकाश चौधरी हुए निर्वाचित

पायनियर संवाददाता सरायपाली
www.dailypioneer.com

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़, स्थानीय संघ का निर्वाचन आज स्व राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में संपन्न हुआ। अध्यक्ष पद निर्वाचन हेतु कूल 76 मतदाताओ में से 71 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें अभ्यर्थी महेंद्र बाघ को 33 मत प्राप्त हुए एवं अभ्यर्थी ओमप्रकाश चौधरी को 38 मत प्राप्त हुए इस प्रकार ओमप्रकाश चौधरी 05 मतों से विजयी होकर स्थानीय संघ अध्यक्ष के पद हेतु निर्वाचित हुए। हेमन्त चौधरी (निर्वाचन अधिकारी), यशवन्त कुमार चौधरी (सहायक निर्वाचन अधिकारी) एवं निरंजन कोसरिया ने लिपिकीय सहयोगी के रुप में दायित्व निर्वहन किया। निर्वाचन पश्चात् स्थानीय संघ परिषद एवं कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक के रुप में रूपकुमारी चौधरी सांसद, लोकसभा क्षेत्र महासमुन्द एवं चातुरी नन्द विधायक, विधानसभा क्षेत्र तथा श्रीमती सरला कोसरिया के साथ सम्मानित सदस्य के रुप में चंद्रकुमार पटेल, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद एवं विद्याभूषण सतपथी का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। स्थानीय संघ अध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, उपाध्यक्ष अब्दुल हलीम लखानी, अजय कुमार अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, पुष्पलता चौहान, सीता पटेल, तारेश्वरी नायक कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रकाशचंद्र मांझी (बीईओ एवं पदेन सहायक जिला आयुक्त ( स्काउट), सहायक जिला आयुक्त स्काउट ग्रुप लीडर (स्काउट)- सी.एल. पुहुप (प्राचार्य केजुवा ) ग्रुप लीडर (गाइड) गीता तिवारी (प्राचार्य, झिलमिला), कोषाध्यक्ष कैलाशचंद्र पटेल, सचिव यशवन्त कुमार चौधरी, सहसचिव गणेश चौहान, संयुक्त सचिव विलास बाघ, जिला स्काउटर प्रतिनिधि (काउंसलर्स) अनिल पटेल, विजय पटेल, किशोर पटेल जिला गाइडर प्रतिनिधि (काउंसलर्स) पुष्पांजली चौधरी,सविता साहू, नंदिनी विश्वकर्मा आजीवन सदस्य प्रतिनिधि सेवाशंकर अग्रवाल, खेमराज पटेल, ज्योति रानी पटेल का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

# भूमि आबंटन, मनरेगा मजदूरी, आवास, अवैध कब्जा, पेंशन संबंधी मिले आवेदन

■ जनदर्शन में मिले 99 आवेदन

पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com



शासन की मंशानुरूप आमजनों की समस्या, शिकायत और मांगों के त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन हर सोमवार को किया जाता है। आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम ने जिले के वनांचल एवं दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्या, शिकायत और मांगों को गंभीरता से सुना और उन पर कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आज आयोजित जनदर्शन में प्रमुख रूप से भूमि आबंटिन कराने, मनरेगा कार्य की मजदूरी दिलाने, आवास स्वीकृत करने, अवैध कब्जा हटाने, पेंशन योजना का लाभ दिलाने संबंधी कुल 99 आवेदन प्राप्त हुए।

## श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने विधायक संदीप कोट पहुंचे



**लवन।** कसडोल विधायक संदीप साहू श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने कसडोल नगर के समीपस्थ ग्राम पंचायत कोट में मिश्रा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने के लिए पहुंचे थे वँहा उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण का आशीर्वाद प्राप्त कर क्षेत्र की समृद्धि हरियाली, सुख एवं मंगल कामना के लिए प्रार्थना किये।इस अवसर पर पूर्व विधायक कसडोल अरुण मिश्रा, कमलेश साहू, बीमा सलाहकार देवेंद्र साहू भी मौजूद रहे।

# सीईओ जिला पंचायत ने ली समय सीमा की बैठक



पायनियर संवाददाता धमतरी
www.dailypioneer.com

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर आज सीईओ जिला पंचायतरोमा वास्तव ने साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। इस मौके पर उन्होंने जिले की चयनित 12 कमार मॉडल बसाहटों में शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन बिन्दुओं में आशातीत प्रगति नहीं आई है, उन बिन्दुओं में वांछित प्रगति लाई जाए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने जिले में डायरिया, मलेरिया, डेंगू आदि मौसमी बीमारियों के मरीजों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में इन बीमारियों के मरीज मिल रहे हैं, वहां पानी की जांच की जाए। साथ ही आसपास के स्वास्थ्य केन्द्र में इनकी दवाईयां पर्याप्त मात्रा में रखने कहा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर जी. आर.मरकाम, संयुक्त कलेक्टर रामकुमार कृपाल सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत ने खाद-बीज की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए उप संचालक कृषि को निर्देशित किया कि मांग के अनुरूप किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग को निर्देशित किया कि वे नियमित तौर पर खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच करें और साफ -सफाई बनाए रखने की समझाईश दें। सीईओ ने बैठक में आश्रम-छात्रावासों में साफ-सफाई, पेयजल इत्यादि की व्यवस्था दुरूस्त रखने के साथ ही विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त भोजन प्रदाय करने के निर्देश दिए।

# रात में सोने के बीस मिनट पूर्व बच्चों को मोबाइल से दूर करें

पायनियर संवाददाता रायपुर
www.dailypioneer.com



रात में 11 बजे के बाद मोबाइल के उपयोग से बच्चों पर बहुत बुरा असर पड़ता है क्योंकि इस समय से लेकर सुबह तक इसकी तरंगों का असर ज़्यादा होता है जिससे आंखों पर और विचारों पर बहुत दुष्प्रभाव होता है। रात को सोने के बीस मिनट पूर्व मोबाइल को स्विच ऑफ करके बिस्तर से दूर रखना चाहिए। यदि मोबाइल में कोई बहुत आवश्यक कार्य हो तो बिस्तर से परे हटकर उसमें अपना काम करके फिर मोबाइल को अपने सिर से कम से कम तीन फिट दूर रखकर सोना चाहिए। उक्ताशय का विचार मोबाइल की लत से बच्चों को कैसे बचाएं विषय पर अभिभावकों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता के तौर पर मुकेश शाह ने व्यक्त किए। दशा सोरठिया वणिक समाज के पूर्वी विभाग द्वारा मोहन पैलेस, टाटीबंध में आयोजित इस कार्यक्रम में रायपुर के अलावा दुर्ग, बिलासपुर, राजनांदगांव, नागपुर, मुंबई, राजकोट, जगदलपुर से समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। वक्ता मुकेश शाह ने कहा कि सुबह भी उठने के बाद तुरंत बाद नहीं बल्कि आवश्यक हो तो बीस मिनट बाद ही मोबाइल का उपयोग करें। मोबाइल की लत से बच्चों की नींद पूरी नहीं हो रही है जिसका सीधा असर उनके शरीर पर पड़ रहा है।माता पिता भी घर में बच्चों के सामने ज़्यादा मोबाइल में ना रहे और ना ही ज़्यादा देर तक बात करें। बच्चों को मोबाइल से दूर रखने उन्हें घर के छोटे मोटे काम में व्यस्त रखें। बच्चों से हर सामान ऑनलाइन मंगाने की बजाय कुछ कुछ सामान बच्चों को दुकान भेजकर भी मंगाना चाहिए ताकि उनकी शारीरिक सक्रियता बनी रहे और उनमें लोगों से लोक व्यवहार के साथ साथ घुलने मिलने की प्रवृत्ति बनी रहे। लोगों से मेल जोल बढ़ाने व आत्मविश्वास में वृद्धि हेतु पारिवारिक व सामाजिक कार्यक्रमों में बच्चों को साथ में ले जाएं। इतनी देर यदि बच्चे घर में रहते हैं तो ज़्यादातर समय मोबाइल में ही रह जाते हैं और साथ ले जाने से बच्चे इस समय माता पिता के साथ और मोबाइल से दूर रहते हैं। घर में कुछ जगह मोबाइल फ्री ज़ोन घोषित कर वहां मोबाइल के उपयोग पर बिल्कुल प्रतिबंध होना चाहिए जैसे छत, आंगन, घर के सामने की गली या सड़क, पूजा घर, सीढ़ी आदि। इसी प्रकार घर के सभी सदस्यों के लिए मोबाइल फ्री टाईम निर्धारित होना चाहिए अर्थात उस समय परिवार का कोई भी सदस्य सोशल मीडिया पर सक्रिय नहीं रहेगा।


## शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता- राहुल खरे उम्र-34 वर्ष पिता श्री बी.एस.खरे मूल निवासी एच.आई.जी. 01, आर.पी.नगर कोरबा (छ.ग.) वर्तमान निवासी- एच.डी.डी. 80 कबीर नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. का रहने वाला हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक पेश कर रहा हूँः-

1. यह कि मेरी पुत्री के नाम से जन्म प्रमाण पत्र नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग. से बना हुआ है जिसका पंजीकरण संख्या- B-2024:22-90434-003103 पंजीकरण दिनांक- 15.03.2024 है। जिसमें पुत्री का नाम विधि अलियास आरना खरे दर्ज है।
2. यह कि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मैं अपने पुत्री का नाम विधि अलियास आरना खरे के स्थान पर नाम आरना खरे ही रखना चाहता हूँ, क्योंकि पुत्री का नाम बहुत लंबा है, इसीलिये पुत्री के नाम के सामने का नाम विधि अलियास को विलोपित करवाना चाहता हूँ, जिसके लिये नगर पालिक निगम रायपुर छ.ग. का जो भी नियम व शर्त है उसका पालन करने को तैयार हूँ।
3. यह कि मैं यह शपथपत्र संबंधित अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ, ताकि उक्त जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम - आरना खरे दर्ज हो सके एवं पूर्व में दर्ज नाम का विलोपित कर मुझे जन्म प्रमाण पत्र प्राप्त हो सके।

शपथकर्ता

### सत्यापन

उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका क्रमांक-01 से 03 तक की जानकारी सत्य व सही है अतः आज दिनांक 29.07.2024 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया है।

शपथकर्ता



## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक 16-अप्रैल-24 को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **विशाल कृषि सेवा केन्द्र (ऋणी), जितेश कुमार चन्द्राकर (सहऋणी), भास्कर चन्द चन्द्राकर (सहऋणी), ऋण खाता संख्या L9001060130027712** से नोटिस में वर्णित राशि **25,98,435/- (पच्चीस लाख अठानवे हजार चार सौ पैंतीस रुपये मात्र)** कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 24 माह जुलाई वर्ष 2024** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये **25,98,435/- (पच्चीस लाख अठानवे हजार चार सौ पैंतीस रुपये मात्र)** 12-अप्रैल-24 तक तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

रिहायशी/व्यावसायिक संपत्ति भूमि/बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग स्थित **खसरा नं. 306/4, पीएच नं. 36, ग्राम ओदान, तहसील पलारी, जिला बलोदा बाजार, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2250 वर्ग फीट, जो कि जितेश कुमार चन्द्राकर के स्वामित्व में है जिसकी सीमाएंः पूर्वः गली, पश्चिमः सुरेन्द्र का मकान, उत्तरः रामचन्द्र का मकान, दक्षिणः सुखराम का मकान**

दिनांक : 24 जुलाई 2024
स्थान : छत्तीसगढ

प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड



## कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग, दुर्ग

### // मैनुअल पद्धति निविदा सूचना //

ज्ञाप क्रमांक-6417/व.ले.लि./लेखा खण्ड/2024-25 दुर्ग, दिनांक 26/07/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता, लो.नि.वि. रायपुर द्वारा जारी भवन/सड़क SOR दिनांक 01.01.2015 तथा निविदा तिथि तक जारी संशोधन के अंतर्गत मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 12/08/2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि - 13/08/2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 20/08/2024 अपरान्ह 5:30 बजे तक
निविदा खोलने की तिथि - 21/08/2024 पूर्वान्ह 11:30 बजे तक

| एनआईटी क्र. निविदा क्र. | कार्य का नाम NoOfCalls | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 2<br>T0003 | Special Repair Work of 10 Brooder and 06 brooder House of Govt. Poultry Farm at Durg (C.G.) | 12.99 |

☐ General Condition ☐ Plant Condition ☐ Special Condition

नोटः-

1. "It is mandatory for the "B", "C" & "D" Class bidders, to submit (Annexure3, Annexure-"2"
2. It is Mandatory for the "A" Class bidder, to Submit affidavit (Annexure3, Appendix 1, Annexure 1,2.
3. अन्य निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। एवं अन्य निविदा संबंधी शर्तों का अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग

G-242501404/2

## संपादकीय

### कारगिल विजय दिवस सशस्त्र बलों की क्षमता

**कारगिल विजय दिवस** विरोधियों पर भारत की विजय तथा भारतीय सशस्त्र बलों की क्षमता का प्रतीक है। 25 साल पहले भारत ने जो युद्ध जीता था, वह उस पर थोपा गया था। पाकिस्तान से युद्ध में विजय असाधारण वीरता और साहस से लड़ने वाले सैनिकों का योगदान था जिनमें से अनेक ने देश के लिए अपने प्राण बलिदान कर दिए थे। 'कारगिल विजय दिवस' 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ कारगिल युद्ध में विजय का उत्सव है जिसे हर साल 26 जुलाई को मनाया जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विजय दिवस पर कारगिल स्मारक में शहीदों को भावभीनी श्रृद्धांजलि दी। यह वर्ष विशेष है क्योंकि राष्ट्र विजय की रजत जयंती मना रहा है। प्रधानमंत्री जम्मू कश्मीर के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक में वीर सैनिकों को श्रृद्धांजलि देने पहुंचे। लेकिन अभी भारतीय सीमायें पूरी तरह सुरक्षित नहीं हैं। आतंकी गतिविधियां बढ़ रही हैं। इसलिए बड़ा सवाल यह है कि आज हमारी क्या स्थिति है? क्या हमने कोई सबक सीखे हैं? कारगिल युद्ध 1999 में मई से जुलाई तक लड़ा गया था। इसका कारण नियंत्रण रेखा-एलओसी पर भारत की ओर पाकिस्तानी सैनिकों की घुसपैठ थी। उग्रवादियों के वेश में पाकिस्तानी सैनिकों ने जम्मू कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया था। इस अप्रत्याशित घुसपैठ के कारण 'आपरेशन विजय' चलाया गया। यह कब्जा किए क्षेत्रों को वापस लेने का भारत का अभियान था। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भारतीय सशस्त्र बलों ने असाधारण वीरता और रणनीतिक समझदारी का परिचय दिया। यह टकराव 26 जुलाई, 1999 को समाप्त हुआ और भारत ने



सफलतापूर्वक कब्जा किए क्षेत्रों पर पुन: अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया। कारगिल में पाकिस्तान की घुसपैठ आंखें खोलने वाली थी। भारत को इसका पता बहुत बाद में और वह भी स्थानीय लोगों से पहाड़ियों में संदिग्ध गतिविधियों की खबरों से चला। यह निश्चित रूप से खुफिया विफलता थी जिसके कारण 500 से अधिक सैनिक शहीद हुए। इस युद्ध ने बेहतर खुफिया सुविधाओं व निगरानी की आवश्यकता पर जोर दिया। इसके बाद से भारत ने अपना खुफिया नेटवर्क मजबूत किया है तथा सीमा पर सुरक्षा बढ़ाई है ताकि ऐसी घुसपैठों को रोका जा सके। कारगिल युद्ध ने आधुनिक हथियारों व उपकरणों का महत्व भी रेखांकित किया। इसकी प्रतिक्रिया में भारत ने अपनी सैनिक क्षमताओं को आधुनिक बनाने के लिए काफी निवेश किया है। लेकिन सबसे बड़े सबक के रूप में भारतीय सेना ने स्वयं को ऊंचे पहाड़ों पर युद्ध के लिए तैयार किया। इस टकराव ने ऊंचे पहाड़ों पर युद्ध के लिए विशेष प्रशिक्षण की आवश्यकता रेखांकित की। भारतीय सेना ने इसके बाद ऐसे चुनौतीपूर्ण परिवेशों में युद्ध के लिए प्रतिबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा ढांचागत संरचना की तैयारी की है। युद्ध ने अंतरराष्ट्रीय राजनय का महत्व भी रेखांकित किया। भारत ने पाकिस्तानी कार्रवाइयों के खिलाफ व्यापक रूप से अंतरराष्ट्रीय समर्थन प्राप्त किया जिससे इस्लामबाद पर भारी राजनयिक दबाव पड़ा। इस टकराव से सीखे सबकों के कारण सैनिक रणनीति, तकनीक तथा अंतरराष्ट्रीय संबंधों में व्यापक सुधार आया। लेकिन अभी हमें लंबी यात्रा करनी है क्योंकि दो पड़ोसियों-पाकिस्तान और चीन से तनावपूर्ण संबंध किसी भी समय युद्ध भड़का सकते हैं। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कारगिल युद्ध स्मारक पर संबोधन अपने सशस्त्र बलों के प्रति राष्ट्र के सम्मान और आभार को याद दिलाता है। इसमें देश की एकता और अखंडता तथा संप्रभुता की सुरक्षा मजबूत करने की प्रतिबद्धता भी निहित है।

# शहरों में हिंसा के निहितार्थ

शहरों में हिंसा और अपराध एक वैश्विक परिघटना है जिसका दोष अक्सर पुलिस व सामाजिक-आर्थिक आयामों पर डाल दिया जाता है। लेकिन इसकी गहरी समीक्षा होनी चाहिए।



**हिरण्यमय कार्लेकर**
(लेखक, द पायनियर के सलाहकार संपादक हैं)

शहरों में हिंसा और अपराध एक वैश्विक परिघटना है जिसका दोष अक्सर पुलिस व सामाजिक-आर्थिक आयामों पर डाल दिया जाता है। लेकिन इसकी गहरी समीक्षा होनी चाहिए। शहरी हिंसा का विश्लेषण करने से पता चलता है कि इस टकराव का संबंध शहरी जीवन तथा मानव प्रकृति के बीच द्वंद्व है। शहरों में बढ़ती हिंसा और अपराध लगातार पूरी दुनिया की चिन्ता का विषय रहे हैं। हालांकि, 'पुलिसिंग' की गुणवत्ता तथा उपयुक्तता तथा अन्य सामाजिक व आर्थिक आयोमों पर इस संदर्भ में चर्चा होती है। लेकिन इस संपूर्ण परिघटना के अंतर्निहित कारणों पर समुचित ध्यान नहीं दिया गया है। मूल रूप से इस टकराव का कारण शहरी जीवन के अपने चरित्र तथा इस परिवेश में विकसित होते मनुष्यों की सोच का उन्मुखीकरण भी है। इस परिघटना पर समग्र रूप से विद्वान डेसमंड मोरिस ने अपनी पुस्तक 'द ह्यूमन ज़ू' में विश्लेषण किया है।

डेसमंड ने शहरों में हिंसा और अपराधों की वृद्धि का संबंध केवल अपराधों से जोड़ने के बजाय इसे व्यापक संदर्भों में देखने का प्रयास किया है। उन्होंने इस पूरी समस्या को मनुष्यों के भविष्य के आधार पर भी देखा है। डेसमंड मोरिस द्वारा शहरी हिंसा और अपराधों में वृद्धि के बारे में निकाले गए परिणाम बहुत महत्वपूर्ण हैं। मानव जीवन पर इनके कारण पड़ने वाला प्रभाव बहु-आयामी तथा व्यापक है। इसे देखते हुए दुनिया भर के गंभीर शोधकर्ताओं को शहरों में हिंसा तथा अपराध पर डेसमंड मोरिस की 'द ह्यूमन ज़ू' में निकाले परिणामों का गंभीर विश्लेषण अवश्य करना चाहिए। इससे इस परिघटना के मूल कारणों का पता लगाने में आसानी होगी।

मोरिस के अनुसार, शहरी जीवन तथा मनुष्यों की सोच के बीच टकराव का मुख्य कारण जनसंख्या वृद्धि के कारण पैदा बहुत अधिक भीड़ है। उन्होंने अपनी पुस्तक के प्रारंभ में ही दो व्यापक रूप से अलग-अलग परिदृश्यों का वर्णन किया है। पहले परिदृश्य में लोग एक कबीले के सदस्य हैं जिसमें लगभग 60 लोगों का एक 'सुगठित समूह' है जो 20 मील लंबे और 20 मील चौड़े भूमि के एक क्षेत्र में रहता है। इस क्षेत्र में जंगल है जहां 'छोटे और बड़े जानवर' रहते हैं। दूसरे परिदृश्य में, वे इतने ही क्षेत्रफल वाले इलाके में रहते हैं, लेकिन वह 'सभ्य है जहां मशीनें और इमारते हैं' और इस क्षेत्र में '6 मिलियन मनुष्यों का एक सुगठित समूह रहता' है। इस प्रकार 'पहले परिदृश्य में हर व्यक्ति का संबंध 100 मिलियन लोगों से है।'

यह परिवर्तन पिछले कुछ हजार सालों में आया है। मोरिस के अनुसार, मानव विकास के दृष्टिकोण से देखें तो यह परिवर्तन 'लगभग अचानक' आया है। मनुष्यों ने स्वयं को अपने नए परिवेश के अनुकूल बहुत तेजी से ढाला है। उनको विश्वास हो गया है कि यह सतत प्रक्रिया जारी रहेगी और वे जैव-वैज्ञानिक रूप से इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है।

जैव-वैज्ञानिक रूप से मनुष्य सरल और ग्रामीण जानवर बने हुए हैं जिनका वर्णन उपरोक्त पहले परिदृश्य में किया गया है। मोरिस के अनुसार, मनुष्य 'न केवल कुछ शताब्दियों तक इन स्थितियों में रहे हैं, बल्कि उन्होंने लगभग एक लाख साल इन कठोर परिस्थितियों में बिताए हैं।' इस कालखंड में वे 'जैव-वैज्ञानिक रूप से बदले' तथा 'खासकर विकसित' हुए हैं जब जीवित रहने के लिए दबाव बहुत अधिक था और उन्होंने स्वयं को इन परिस्थितियों के अनुकूल ढाला था।

मोरिस के अनुसार, समस्या यह है कि मनुष्यों का विकास कबीलाई जानवरों के रूप में हुआ है। उन्होंने अपनी पुस्तक में कहा, 'कबीले का मूल चरित्र यह है कि वह स्थानीय परिवेश में अंतर-वैयक्तिक आधार पर काम करता है। इस मूल सामाजिक पैटर्न को छोड़ने का विचार और प्रयास प्राचीन मानवीय स्थितियों के एकदम विपरीत था।' लेकिन विडंबना है कि बाद में कस्बों के विकास के कारण मनुष्यों को ठीक यही करना पड़ा। कृषि और व्यापार के विकास के साथ अंतर-शहर समन्वय विकसित हुआ। इस प्रकार मनुष्य 'नागरिक, सुपर कबीलाई मनुष्य बन गए। लेकिन इस सुपर-कबीलाई मनुष्यों के साथ समस्या यह थी कि वे एक दूसरे को व्यक्तिगत रूप से नहीं जानते थे।' इस प्रकार समुदाय के अनेक सदस्य उनके लिए अपरिचित थे। इस परिवर्तन के कारण वैयक्तिक के बजाय गैर-वैयक्तिक समाज का विकास हुआ। डेसमंड मोरिस के अनुसार, 'इसके कारण बाद के हजारों वर्षों में मानव जानवरों को सबसे बड़ी पीड़ा का सामना करना पड़ा। एक प्रजाति के रूप में हम जैव-वैज्ञानिक रूप से बड़ी संख्या में अजनबियों से निपटने के लिए तैयार नहीं हैं, जबकि वे स्वयं को हमारे कबीले के सदस्यों की तरह पेश कर रहे हैं। आदिम कबीलाई समाज से नए समाज में आने वाले मनुष्यों को यह सीखना था। लेकिन यह आसान नहीं था और इस कारण इसके खिलाफ प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से संघर्ष जारी रहा। इनमें से अनेक चीजें अब इतनी छिपी नहीं हैं।' लोगों ने अपनी इच्छाओं को संतुष्ट करने के लिए सहयोगी व्यक्तिगत संबंधों हेतु कबीलों के आकार वाले 'उप-समूहों या छद्म कबीलों का गठन किया जो सुपर-कबीलों की मुख्य संस्था के भीतर काम करते थे।' इससे सामाजिक या पेशेवर साथियों का अस्तित्व सामने आया। लेकिन इसका अर्थ अन्य उप-समूहों को अपने दायरे से बाहर समझना तथा उनके सदस्यों के साथ एक अवैयक्ति भीड़ के सदस्यों के रूप में बुरा व्यवहार करना था, भले ही वे हमारे परिचित ही क्यों न हों।

इस लेखक का विचार है कि 'अपराधी गैंग' ऐसे उप-समूहों या छद्म-कबीलों का गठन करते हैं। ये कम सदस्यों वाले समूह होते हैं जिनकी तुलना कबीलाई शिकारियों से की जा सकती है जो शिकार की तलाश करते थे। लेकिन वर्तमान अपराधी गैंग जानवरों के बजाय अपने अपराधों के लिए मनुष्यों की तलाश करते हैं। यह बात खासकर सशस्त्र डकैतियों या लक्षित भीड़ हिंसा के मामले में सही है। आदिम शिकारियों के समूहों के नेताओं की तरह आज के 'अपराधी गैंग नेता' गैंग के सदस्यों को निर्देशित करते और उनको सुरक्षा देते हैं। लेकिन इसके बदले वे गैंग के सदस्यों से अपने प्रति असंदिग्ध निष्ठा की मांग करते हैं और ऐसे किसी सदस्य के साथ अत्यधिक निर्मम व्यवहार करते हैं जो उनकी नजर में उनसे अलग हो गया है या उसने गैंग लीडर को धोखा दिया है। भीड़ एकदम शुरुआत से ही शहरी जीवन का हिस्सा रही है। इसके साथ ही उसकी गतिशीलता में हिंसा और आपराधिक गतिविधि की प्रवृत्ति भी अंतर्निहित रूप से पाई गई है। ऐसे अपराधी गैंग अपने सदस्यों की पहचान छिपाने की प्रवृत्ति रखते हैं ताकि सामूहिक हिंसा की स्थिति में उनकी पहचान प्रकट न हो।

इसके साथ ही समूह के नेता पद के लिए लड़ाई में भी हिंसा के प्रबंधन की क्षमता शामिल होती है। इसी प्रकार अपराधी भीड़ के सदस्य भी एक भीड़ का हिस्सा बनना पसंद करते हैं ताकि उनको व्यक्तिगत रूप से हिंसक गतिविधियों के लिए जिम्मेदार न ठहराया जा सके। इसके अलावा अपराधी गैंगों और अपराधी भीड़ के बिना भी अत्यधिक भीड़ के कारण तनाव बढ़ने पर कोई व्यक्ति अपना संतुलन खो सकता है। 'रोड रेज' या सड़कों पर हिंसा इस प्रकार की व्यक्तिगत हिंसा का एक उदाहरण है। जलवायु परिवर्तन के कारण बढ़ते तापमान, बादल फटने, अचानक बाढ़, समुद्री तूफान व विशाल समुद्री लहरों जैसी घटनायें आज शहरों और कस्बों को ज्यादा प्रभावित करने लगी हैं।

ऐसे में कानून-व्यवस्था समेत शहरी जीवन के सभी आयामों पर गंभीर वैश्विक विमर्श होना चाहिए। असंदिग्ध रूप से अब इतिहास की धारा उलटने और कबीलाई जीवन की ओर लौटने का सवाल नहीं उठता है। लेकिन इसके बावजूद समुदाय के अस्तित्व पैटर्नों पर विचार जरूरी है जहां इस समस्या को सचेतन ढंग से संबोधित किया जा सके। इसके लिए अंतर-वैयक्तिक संबंध मजबूत करने तथा उप-समूह टकराव घटाने के प्रयास होने चाहिए। लेकिन दुर्भाग्य से ऐसे कोई प्रयास नहीं हो रहे हैं।



# भारत के युवाओं का सशक्तीकरण

> "लक्षित पहलकदमियों के द्वारा कौशल के अभाव को दूर करके न केवल रोजगार बल्कि आर्थिक संवृद्धि व सामाजिक स्थिरता को बढ़ावा मिलता है।"



**पर्ल तिवारी**
(लेखिका अंबुजा फाउंडेशन की सीईओ हैं)

बहुत कम लोग इस बात पर यकीन करेंगे कि तटीय गुजरात के 26 वर्षीय युवा, सफल उद्यमी केविन दहिमा कभी बेरोजगार थे। आज वे खुद ही अपने काम में लगे हुए हैं। 2021 में अपना व्यवसाय शुरू करने और 24 घंटे सेवा प्रदान करने वाले केल्विन हर महीने 55,000 रुपये से ज़्यादा कमाते हैं। उन्होंने अस्पताल सहायक के रूप में प्रशिक्षण लिया है। यह सब एक अस्पताल से शुरू हुआ, जहाँ उन्होंने ऐसे मरीज़ देखे जो अस्पताल से छुट्टी पा चुके थे, लेकिन उन्हें अभी भी कई तरह की देखभाल की ज़रूरत थी - बुजुर्ग मरीज़ जिन्हें ड्रेसिंग की ज़रूरत थी; पूर्व आईसीयू मरीज़ जिन्हें रोज़ाना ऑक्सीजन की ज़रूरत थी; और कैंसर और सर्जरी के बाद के मरीज़ - क्या होगा अगर वे उन्हें अपने घर में आराम से नर्सिंग देखभाल प्रदान कर सकें? न केवल वे जीवन में उत्पादक बन रहे हैं, बल्कि वे जरूरत के समय लोगों की मदद कर रहे हैं, साथ ही भविष्य के लिए कुछ बना रहे हैं। और सफलता की उनकी यात्रा तब शुरू हुई जब उन्होंने कौशल प्रशिक्षण के लिए साइन अप किया। युवा बेरोजगारी के उच्च स्तर के सामाजिक प्रभाव को देखने के लिए बहुत दूर देखने की ज़रूरत नहीं है। दक्षिण अफ्रीका में, जहां युवा बेरोज़गारी 59.7 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है, बेरोज़गारी को आज देश की कई समस्याओं का मूल कारण माना जाता है - जिसमें अपराध, गरीबी और आत्महत्या शामिल हैं।

घर के नज़दीक, पंजाब में नशीली दवाओं के उपयोग की महामारी उच्च बेरोज़गारी और अल्परोज़गार सहित सामाजिक और आर्थिक कारकों से प्रेरित है; और युवा आत्महत्या जैसे राष्ट्रीय मुद्दों को युवा बेरोज़गारी ने और भी जटिल बना दिया है। हमारे युवाओं के लिए उज्ज्वल और उत्पादक भविष्य के लिए अवसर प्राप्त करना पहले कभी इतना महत्वपूर्ण नहीं रहा है।



दुनिया भर में, युवा बेरोज़गारी और अल्परोज़गार कई समाजों में महत्वपूर्ण समस्याएं हैं, जो निराशा और हताशा की भावनाओं को जन्म दे सकती हैं - जो अक्सर सामाजिक अशांति को बढ़ावा दे सकती हैं। अगले दशक में, विश्व बैंक का अनुमान है कि एक अरब युवा नौकरी के बाजार में प्रवेश करने की कोशिश करेंगे, लेकिन उनमें से आधे से भी कम को औपचारिक नौकरी मिल पाएगी। इससे अधिकांश युवा, जिनमें से कई अल्पसंख्यक और हाशिए के समूहों में हैं, बेरोज़गार हो जाएंगे या कामकाजी गरीबी का सामना करेंगे। दुनिया में सबसे बड़ी युवा आबादी (कुल आबादी का 66 प्रतिशत 35 वर्ष से कम आयु का है) और एक थिंक टैंक के नवीनतम आंकड़ों के अनुसार युवा बेरोज़गारी 45.5 प्रतिशत तक हो सकती है - जो दुनिया में सबसे ज़्यादा है, इसलिए यह ज़रूरी है कि भारत इस पर ध्यान दे। हम अपने कई युवाओं के लिए उत्पादक भविष्य को सुरक्षित करने के लिए इन मुद्दों पर निवारक दृष्टिकोण अपनाने के लिए बहुत कुछ कर सकते हैं। कौशल की भारी कमी वाले देश में, यह एक बड़ा अवसर प्रस्तुत करता है - युवाओं और उद्योग दोनों की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए कौशल में सहयोगात्मक रूप से निवेश करना। हाल के अध्ययनों के अनुसार, भारत की रोजगार योग्य आबादी कुशल श्रम बाज़ार की मांगों को पूरा करने के लिए बहुत कम है।

देश के दो-तिहाई कर्मचारी मौजूदा नौकरी के अवसरों के लिए योग्य नहीं हैं। योग्य श्रमिकों की इतनी कमी के साथ, व्यवसाय पदों को भरने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, जो एक बड़ी चुनौती है। यह केवल कुशल श्रमिकों की मात्रा की कमी नहीं है। उपलब्ध प्रतिभा की गुणवत्ता भी कम है। हाल के शोध से पता चलता है कि भारत में केवल 33 प्रतिशत श्रमिकों के पास ही वे कौशल हैं जिनकी नियोक्ता सबसे ज्यादा तलाश करते हैं। स्पेक्ट्रम के दोनों छोर पर मुद्दों से निपटने के लिए समय की मांग कौशल प्रशिक्षण है। जबकि भारत कौशल मिशन ने 2022 तक 500 मिलियन युवाओं को प्रशिक्षित करने के अपने लक्ष्य को छोड़ दिया है, फिर भी कॉर्पोरेट्स, कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं और नागरिक समाज को इस कमी को पूरा करने के लिए आगे आने की स्पष्ट आवश्यकता है।

विशेष रूप से ग्रामीण युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदाताओं तक अधिक पहुंच की आवश्यकता है जो प्लेसमेंट का भी समर्थन करते हैं, साथ ही परिवारों को यह समझाने में भी मदद की आवश्यकता होती है कि कौशल ही वास्तव में आगे बढ़ने का रास्ता है - एक ऐसा रास्ता जो अक्सर युवाओं और उनके परिवारों दोनों की सफेदपोश आकांक्षाओं के साथ संघर्ष करता है। दुख की बात है कि भारत में सभी स्नातकों में से आधे उद्योग-संबंधित कौशल की कमी के कारण बेरोजगार हैं।आज दुनिया कई चुनौतियों का सामना कर रही है, जिनमें से कई हमारे युवाओं को प्रभावित करती हैं। संघर्ष जो शिक्षा और स्थिरता को बाधित करते हैं, एक ध्रुवीकृत ऑनलाइन वातावरण जो नकारात्मकता को बढ़ावा देता है, और आर्थिक असमानता जो अवसरों को सीमित करती है। ये मुद्दे न केवल व्यक्तिगत भविष्य बल्कि समुदायों की समग्र स्थिरता को भी खतरे में डालते हैं। इसलिए युवाओं को उत्पादक नागरिक बनने और सभी के लिए अधिक टिकाऊ भविष्य बनाने के लिए आवश्यक कौशल से लैस करना महत्वपूर्ण है।

## आप की बात

### पेरिस ओलम्पिक

**पेरिस** में ओलंपिक खेलों के उद्घाटन समारोह से पूर्व बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की घटनाएं हुई है। यह निश्चित रूप से आतंकवादी नेटवर्क की ही कारस्तानी है। पहले भी ओलंपिक खेलों के दौरान इन तत्वों ने हमले किए हैं। युद्ध और तनावों को झेल रही इस दुनिया में सिर्फ खेल ही मानवीय सोहार्द और भाईचारे को कायम रखे हुए हैं। ऐसे में दुनिया के इस सबसे बड़े खेल आयोजन के समय हिंसा निश्चित रूप से अत्यधिक चिन्ताजनक है। दुनिया की वर्तमान तनावपूर्ण परिस्थितियों को देखते हुए इस बार ओलंपिक में कड़ी सुरक्षा की गई थी। लेकिन इसके बावजूद ऐसी घटना होना सुरक्षा व्यवस्था मे चूक का ही परिणाम है। हालांकि, इस घटना के बावजूद अब खेल शुरू हो चुके हैं। मानवता के दुश्मन इन खेलों में फिर से कोई बाधा खड़ी नहीं कर पाए इसके पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए। दुनिया भर के सभी देशों को की एकजुट होकर ऐसी आतंकी घटनाओं की निंदा करने के साथ ही आतंकवाद को समाप्त करने के मजबूत कदम उठाने चाहिए। विडंबना है कि आज तक संयुक्त राष्ट्रसंघ आतंकवाद की ऐसी परिभाषा तक नहीं तय कर सका है जिस पर सभी देश सहमत हों। पेरिस की घटना पूरी दुनिया के समक्ष चुनौती है कि वह आतंकवाद के प्रति पूर्ण असहिष्णुता की नीति अपनाए।

**-सुभाष बुडावन वाला,** रतलाम

### उत्तर प्रदेश की राजनीति

**उत्तर प्रदेश** की राजनीति बेहद पेचीदा होती जा रही है। भाजपा की कथित अंदरूनी कलह मीडिया में सुर्खियां बन रही है। भाजपा अध्यक्ष भले ही किसी मतभेद या प्रदेश में संभावित परिवर्तन से इनकार करें, लेकिन एक उप-मुख्यमंत्री दिल्ली में बड़े नेताओं से चर्चा कर रहे हैं और संगठन को सरकार से सर्वोच्च बता रहे हैं तो दूसरे उप-मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की समीक्षा बैठक से गायब रहते हैं। हाल ही में केशव मौर्य ने आरक्षण के संबंध में मुख्यमंत्री के आधीन कार्मिक विभाग को पत्र लिखा जो मीडिया में सार्वजनिक हो गया। इससे पहले केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का भी ऐसा ही पत्र सार्वजनिक हुआ था। योगी आदित्यनाथ की पल्लवी पटेल से मुलाकात से अफवाहों का बाजार और गर्म हुआ। इन्हीं पल्लवी पटेल ने केशव मौर्य को विधानसभा चुनाव में हराया था। जनता देख रही है कि बड़ी-बड़ी डींगें हांकने वाले दोनों उप-मुख्यमंत्री अपने प्रभार वाली सीटों पर भाजपा को वह विजय नहीं दिला पाये जो योगी आदित्यनाथ ने पूरे गोरखपुर क्षेत्र में दिलाई। कट्टर भाजपा-विरोधी अफजाल अंसारी भी उत्तर प्रदेश में भाजपा की विजय का श्रेय योगी आदित्यनाथ को दे चुके हैं। अखिलेश यादव फिलहाल सबसे ज्यादा खुश हैं।

**- वीरेंद्र कुमार जाटव,** दिल्ली

### संसद की गरिमा

**संसद** की गरिमा को कुछ सांसदो द्वारा कई बार धूमिल किया गया। अनर्गल टीका-टिप्पणी तथा असंसदीय शब्दों का प्रयोग अब विपक्ष तथा खासकर उसके कुछ सांसदों की आदत बनती जा रही है। बजट पर चर्चा के बीच हंगामा समझ से परे है। संसद को अपने संकुचित राजनीतिक व चुनावी स्वार्थ के लिए अखाड़ा बनाकर आखिर सांसद जनता को क्या संदेश देना चाहते हैं? संसदीय कार्यवाही में व्यवधान से लाखों रुपयों की बर्बादी होती है। ऐसे में संसदीय कार्यवाही में व्यवधान डालने, शोर शराबा मचाने तथा बार-बार आसन के आदेशों की अवहेलना करने वाले सांसदों के खिलाफ उसी प्रकार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए जैसी खेलों में अंपायरों द्वारा की जाती है। संसद की कार्यवाही स्थगित होने का कारण बनने वाले दोषी सांसदों का वेतन और भत्ता काटने का निर्णय उसी प्रकार किया जाना चाहिए जिस प्रकार अनेक विभागों में हड़ताली कर्मचारियों का वेतन स्वत: कट जाता है। ऐसे कठोर कदमों को भले ही विपक्षी लोकतंत्र की हत्या कहें, लेकिन यदि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को बोलने न दिया जाए तो ऐसी कठोर कार्रवाई भारत में संसदीय लोकतंत्र और संसद की गरिमा बनाए रखने के लिए जरूरी हो जाती है।

**- योगेश जोशी,** बड़वाह

### वन्यजीवों की सुरक्षा

**असम** के कई अभयारण्यों में बाढ़ का गंभीर प्रकोप है। काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में इस महीने के प्रारम्भ में ही 31 जानवर डूबकर मर चुके थे जिनकी संख्या बाद में और बढ़ी है। हर साल देश भर में कई हजार वन्यजीव बाढ़ के कारण मारे जाते हैं। उत्तर-पूर्व के करीब सभी राज्यों में बारिश के दिनों में जबरदस्त बाढ़ आती है और इंसानों की तरह वन्यजीव भी बड़ी तादाद में प्रभावित होते हैं। लेकिन अंतर यह है कि इंसानों के लिए जहां प्रशासन चिंता जताता है और उनके बचाव के प्रयास करता है, वहीं वन्यजीवों को आमतौर पर उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। गुजरात और महाराष्ट्र की सीमा से शुरू होकर गोवा, कर्नाटक, तमिलनाडु तथा केरल से होते हुए कन्याकुमारी तक फैले पश्चिमी घाट में भी हर साल हजारों जानवर जानलेवा बाढ़ के शिकार होते हैं। शेर जैसी पूंछ वाले मैकाक, नीलगिरि ताहर व लंगूर जैसी लुप्तप्राय प्रजातियों के भी दर्जनों जानवर पश्चिम घाट में आने वाली बाढ़ में हर साल मारे जाते हैं। हालांकि, वन्यजीवों की देखभाल में लगे कर्मचारी उनको बचाने का भरसक प्रयास करते हैं, लेकिन इन प्रयासों में तेजी लाई जानी चाहिए।

**- गोपाल सोनी,** धार

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# नवागढ़ में तीन अमानक नमूने बेमेतरा के कई फलों-सब्जियों का लिए गए सैम्पल 1 लाख 75 हजार रुपए का किया जुर्माना

## बरसात के सीजन को ध्यान में रखते खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा खाद्य केंद्रों में जाकर किया जा रहा खाद्य परीक्षण

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी (रा.) के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा बरसात के सीजन को ध्यान में रखते हुए जिला अंतर्गत होटल, गुपचुप कार्नर, मिष्ठान भण्डार, होटल, ढाबा, डेयरी व बेकरी फर्म इत्यादि का निरीक्षण किया जा रहा है। ऐसे प्रतिष्ठानों की कीचन, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था, परिसर की स्वच्छता का निरीक्षण किया जा रहा है। इस माह जनजागरूकता अभियान के तहत चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा नवागढ़ स्थित विभिन्न फर्मों का निरीक्षण कर 54 नमूना जांच हेतु लिए गए तथा मौके पर प्राथमिक जांच कर 51 नमूने मानक एवं 03 नमूने अमानक पाए गए। दिलीप मिष्ठान भण्डार नवागढ़ से अमानक पाए गए 06 किग्रा मिल्क केक को तथा अखाद्य रंग से बने



चाट मसाला 02 किग्रा को गुपचुप सेंटर से मौके पर नष्ट किया गया। तथा गुणवत्ता में शंका के आधार पर पनीर लूज एवं पेंड़ा लूज का नमूना लिया गया है।

इसी क्रम में बेमेतरा में नया बस स्टैण्ड स्थित फुट मार्केट में संचालित फर्म सरजू फुट भण्डार, राजपाल फ्रूट भण्डार, जीकेएस फुट मर्चेंट, चन्द्रशेखर फुट मचेंट, संजय सब्जी मार्केट का जांच कर विभिन्न फल जैसे अनासपत्ती, अनार, आलू बुखारा, जाम, शीमला सेव के पांच नमूनों तथा सब्जियों में कुंदरू, आलू, हरी मिर्च, प्याज के चार नमूनों में पेस्टीसाइड की मात्रा की जांच हेतु नमूना लेकर लैब भेजा गया है। अमानक स्तर के पाए गए खाद्य पदार्थों पान मसाला, चना बेसन, मिथ्याछाप बेकरी प्रोडक्ट, अवमानक चिली पाउडर, चायपत्ती एवं मिथ्याछाप पोहा इत्यादि के विक्रेता तथा निर्माता फर्म को खाद्य सुरक्षा अधिकारी के द्वारा प्रस्तुत प्रकरण में न्यायालय द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों के उल्लंघन पाए जाने पर कुल 125000/- (एक लाख पच्चीस हजार) रूपए, अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है तथा बिना खाद्य लाइसेंस संचालित पाए जाने पर बेरला ब्लॉक स्थित फर्म राधेमणी कोल्ड स्टोरेज, ग्राम हरदी को न्यायालय द्वारा 50,000/- (पचास हजार) रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। जांच में अमानक स्तर के पाए गए खाद्य पदार्थों के प्रकरण को न्यायालय में प्रस्तुत कर दण्डित कराया जा रहा है। उक्त निरीक्षण/जांच खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजू कुर्रे एवं कमल प्रसाद, नमूना सहायक द्वारा किया जा रहा है।

# सच्चे मन से मानस की साधना कर सब कुछ पाया जा सकता है : गुहा

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सावन मास के पूरे महीने में पूरे भू-मंडल में भगवान शिव की विशेष पूजा होती है। ऐसे में छग में प्रभु राम को भांजे के रूप में पूजे जाते है, जिनकी चारित्रिक विशेषताएं परम पूज्य गोस्वामी जी द्वारा रचित श्री रामचरित मानस में वर्णित है सावन में मानस पथिक विशेष सावन मास में परायण विधि से प्रभु की आराधना करते है। इसी उपलक्ष्य में मां गंगा मैया झलमला की गोद में बसा बालोद क्षेत्र में आराधना बालिका मानस मंडली एवं समस्त नगरवासियों के विशेष सहयोग से तीन दिवसीय विराट मानस तिहार का आयोजन किया गया।

जिसमें छग के प्रचलित मानस मंडलीयों ने अपनी सांगीतिक प्रस्तुति प्रदान किए। बतौर समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप मानस दर्शन जीवन अर्पण छग के संस्थापक दीपक गुहा रहे। अध्यक्षता माखन साहू उपाध्यक्ष राज मानस संघ धमतरी, विशेष अतिथि के रूप देवलाल सिन्हा अध्यक्ष जिला मानस संघ बेमेतरा के साथ मानस दर्शन के संयोजक मंडल मे आत्मा साहू (आसू कवि) मैसूल साहू हेमराज भार्गव पोषण सिन्हा सहित संयोजक मंडल के मित्र मंडल उपस्थित रहे। गुहा ने अपने उद्बोधन में मानस मंचो में मानस के सम्मान व मंडलियों द्वारा प्रासंगिक प्रस्तुति पर सबको सचेत व संकेत करते हुए तुलसी जी की पंक्तियों के आधार पर अपना संदेश देते हुए कहा कि जे गावही यह चरित संभारे, सच्चे मन से मानस की साधना कर सब कुछ पाया जा सकता है, मानस एक चलित व सार्वत्रिक विश्वविद्यालय है, जहाँ की पंक्तियों व शब्दो पर लोग रिसर्च कर कई डिग्रियां ले रहे है। वहीं देवलाल सिन्हा ने मानस दर्शन के केश काल बस्तर में सितम्बर 28 व 29 को होने वाले आयोजन पितृ देवो भव के कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए आयोजक समिति को सफल आयोजन के लिए बधाई प्रेषित किया।

आत्मा राम साहू ने अपने उद्बोधन में अपने कविताओ के माध्यम से मंच में समा बांधा और कहा कि सावन मास के अवसर पर ऐसे आध्यात्मिक कार्यक्रम बहुत ही अनुकरणीय है सबको बधाई कहते हुए अपने अंदाज में अपनी बात रखी। उपस्थित समस्त अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया।

# राशन दुकान में हो रही धांधली वार्डवासियों ने की शिकायत

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com

वार्ड क्रमांक 6 मोहभट्ठा के वार्डवासियों सहित भाजपा मंडल उपाध्यक्ष शिव साहू, पार्षद नीतू कोठारी, छाया पार्षद लक्ष्मण यादव ने अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेयी कों ज्ञापन सौंपकर कहा है कि मोहभट्ठा में स्थित शासकीय उचित मूल्य राशन दुकान का संचालक के द्वारा मनमानी तरीके से राशन वितरण किया जाता, समय पर दुकान नही खोली जाती है एवं हितग्राहियों से अभद्रता पूर्ण व्यवहार किया जाता है, एवं संचालन कार्य हेतु सेल्समेन नही रखा गया है। राशन लेने वाले हितग्राहियों को चॉवल के कट्ठा को पलटने एवं तौल कांटा तक लाने को कहा जाता है। प्रायः देखा गया है कि संचालिका एवं उनके पति के द्वारा मनमानी करते हुए एक माह के अंदर कई बार ई-रिक्शा मे 6-8 कट्टा चॉवल लोड कर बेमेतरा के तरफ ले-जाते देखा गया है। साथ ही रसुखदारों के पास चॉवल को बेच दिया जाता है। ई-रिक्शा मे लोड होते



हुए एवं बेमेतरा के दुकान मे खाली करते हुए फोटो एवं विडियो हम वार्डवासियों के पास है, जिसकी फोटो पत्र के साथ संलग्न है। माह अप्रैल एवं मई के राशन कई हितग्राहियो को नही दिया गया है। राशन मांगने पर संचालक द्वारा आबंटन नही है, बोलकर हितग्राहियों को राशन से वचिंत कर खाली हाथ वापस लौटा दिया जाता है। संचालक द्वारा सूचना बोर्ड मे दुकान खोलने एवं बंद करने की निर्धारित समय की जानकारी नही लिखा गया है और न ही बताया जाता है। कभी रात 7 से 8:00 बजे खोलते है तो कभी 1 से 2 बजे दोपहर खोला जाता है। हितग्राहियों को दुकान खुलने की निर्धारित समय की जानकारी नही होने के कारण राशन लेने हेतु काफी परेशानी होती है। हमे अपने रोजी-मजदूरी को छोड़कर राशन दुकान का बार-बार चक्कर काटने के बाद भी राशन से वंचिंत होना पड़ता है। नगर पालिका बेमेतरा की पार्षद नीतू कोठारी ने कहा कि मोहभट्ठा स्थित राशन दुकान में हितग्राहियों कों समय में खाद्य सामग्री उपलब्ध नही होने की शिकायत अपर कलेक्टर एवं जिला खाद्य अधिकारी से की है अधिकारियों ने हम आश्वस्त किया है कि शीघ्र अनियमितता की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। पूर्व पार्षद शिव साहू कहा कि राशन दुकान समूह के संचालिका एवं उनके पति के द्वारा राजनीतिक पहुंच बताकर धौंस दिखाते हुये, मेरा कुछ नही बिगाड़ सकते कहकर, हितग्राहियों एवं वार्डवासियों को रौब दिखाते हुए चमकाया जाता है जिससे वार्डवासी परेशान है।

# कुसमी बना नगर पंचायत, अधिसूचना हुई जारी

## क्षेत्रवासियों ने दीपेश साहू का किया धन्यवाद

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सालों के इंतजार के बाद ग्राम पंचायत कुसमी को नगर पंचायत बनाए जाने की अधिसूचना जारी हो ही गई। छतीसगढ़ राजपत्र में इसकी अधिसूचना प्रकाशित की गई है। इस खबर से कुसमी क्षेत्र में स्थानीय लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। साथ ही स्थानीय लोगों ने इस दौरान जमकर आतिशबाजी करते हुए प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय उप मुख्यमंत्री अरुण साव जिंदाबाद के नारे भी लगाए। वहीं राज्यपाल कार्यालय की ओर से संयुक्त सचिव. रेणुका श्रीवास्तव ने कुसमी को नगर पंचायत बनाए जाने की अधिसूचना जारी कर दी। जिसके बाद कुसमी के लोगो में जश्न का माहौल है।

**नपं. बनने से अन्य गावों को भी मिलेगा लाभ : दीपेश साहू**

विधायक दीपेश साहू मीडिया से बात करते हुए क्षेत्रवासियो को कुसमी को नगर पंचायत की दर्जा मिलने पर बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किया। तत्पश्चात विधायक साहू ने कहा की कुसमी को नगर पंचायत बनाये जाने से क्षेत्र के अन्य गावों को फायदा होगा। विधायक साहू का कहना है की नगर पंचायत मे कई प्रकार की सुविधाएं होती है। शासन की ओर से हर साल करोड़ों रूपये के विशेष बजट भी मिलेंगे। नगर पंचायत मे फायर ब्रिगेड, बड़े सामुदायिक भवन समेत, अन्य सुविधाएं मिलने लगेंगे। इसका लाभ नगर पंचायत के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य गांव के लोग भी ले सकते है। साहू ने अंत मे कहा की छत्तीसगढ़ मे डबल इंजन की सरकार और प्रदेश मे विष्णु की सुशासन से विकाश की रफ़्तार बढ़ रही है। जिसके चलते प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने क्षेत्रवासियो की अनुरोध को सुना और कुसमी को नगर पंचायत का दर्जा दिया इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय उपमुख्यमंत्री अरुण साव का बहुत बहुत धन्यवाद आभार प्रकट करता हुं।

**क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने दीपेश साहू का आभार प्रकट**

ग्राम पंचायत कुसमी को नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और ग्रामवासियों मे जश्न का माहौल है। लोग खुशी मना रहे है। तों वही जनप्रतिनिधियों ने कुसमी को नगर पंचायत का दर्जा मिलने पर विधायक कार्यलय पहुंचकर विधायक दीपेश साहू को मिठाई खिलाकर स्वागत अभिनंदन कर धन्यवाद किया। इस अवसर पर संतोष कुमार साहू, बृजमोहन साहू, दानीराम साहू, मोहित साहू, देवेंद्र साहू, माधव प्रसाद, अनिल पाटकर, रवि प्रकाश साहू, यशवंत वर्मा मण्डल अध्यक्ष, पोषण वर्मा महामंत्री, होरी लाल सिन्हा प्रदेश मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, रेवा राम निषाद जिला मंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा, थान सिंह साहू, नरसिंह साहू नंदकिशोर साहू, गणेशाराम, मोहन डेहरे, दीपक यादव, अमर सिंग, कैलाश साहू, रोहित साहू, मोहन जाँगड़े उपस्थित रहे।

# 2 लाख 65 हजार रूपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को मध्यप्रदेश से किया गया गिरफ्तार

**कवर्धा।** प्रार्थी धन्नू राम पटेल पिता कुंजलाल पटेल उम्र 45 साल साकिन तरेगांव मैदान थाना बोड़ला जिला कबीरधाम के द्वारा 09-07-2024 को थाना बोड़ला आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 29-08-2020 को जोएब उल्लाह ऊर्फजुबीखान पिता अजमत उल्लाह खान उम्र 39 साल निवासी घोंघा थाना बोड़ला जिला कबीरधाम ने नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख 65 हजार रूपये ले लिया था और नौकरी न लगने पर पैसे वापस नही कर रहा था प्रार्थी द्वारा आरोपी के विरूद् मामला दर्ज कराने पर थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 165/2024



धारा 420 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया एवं इसकी सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियो को दिया गया पुलिस अधीक्षक कबीरधाम अभिषेक पल्लव द्वारा तत्काल आरोपी की पतासाजी हेतु थाना बोड़ला में टीम का गठन किया गया तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम विकास कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कबीरधाम पुष्पेन्द्र बघेल के दिशा निर्देशन में तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बोड़ला संजय कुमार तिवारी के पर्यवेक्षण में आरोपी की पतासाजी प्रारंभ की गई सायबर सेल कवर्धा की मदद से आरोपी के विषय में 27-07-2024 को सूचना मिली की फरार आरोपी जोएब उल्लाह ऊरर्फजुबीखान मयध्प्रदेश के थाना बैहर क्षेत्र में उपस्थित है पुसि अधिकारियो द्वारा तत्काल संपर्क कर आरोपी को थाना बैहर से अभिरक्षा में लेकर थाना बोड़ला लाया गया आरोपी के विरूद् पूर्व मे भी थानाभोरमदेव में मामला दर्ज होने से आरोपी को गिर. कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। इस कार्यवाही में प्रधान आरक्षक 368 मनोज महोबिया, 453 उमाशंकर नाग, आरक्षक 142 राजकुमार साहू, 715 दीपचंद नेताम, 202 सुरेश कुमार धुर्वे एवं सायबर सेल कवर्धा का प्रमुख योगदान रहा।

# मेलुराम साहू का निधन



बेमेतरा। भिलौरी निवासी मेलुराम विश्वकर्मा 58 वर्षीय का 29 जुलाई सोमवार को निधन हो गया। उनकी अंत्येष्टि कार्यक्रम में समाज एवं परिवार के लोग एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। वे बेमेतरा जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री ललित विश्वकर्मा के मामा थे।

# झरन कुंड के समीप बारहमासी नाले के किनारे कुंड में भरा पानी





पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

झरन कुंड के समीप से बहने वाला बारहमासी नाले के किनारे में चारों ओर वाल नही होने से नाला ओर कुंड एक हो चुका है। पूरा नाले का पानी कुंड में प्रवेश कर जाता है हर वर्ष बारिश के मौसम में इसी प्रकार की परेशानी का निरंतर सामना करना पड़ता है। हमारी समिति के द्वारा लगातार इस सम्बंध में नगरपालिका, बीएसपी, विधायक, वार्ड पार्षद सभी से गुहार लगाते लगाते कई साल गुजर गए लेकिन कोई सुनने वाला नहीं है अब समिति के लोगों को आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। समिति की ओर रमेश मित्तल ने बताया कि नगर की जनता के सहयोग से हमने कम से कम एक पार्ट का निर्माण कार्य कराकर कई मूर्तियों को ऊपर शिफ्ट कर दिया है अब हमें पार्ट 2 में बचे हुए मंदिर को भी निर्माण कराकर उपर ही शिफ्ट करना है। लेकिन यह प्राकृतिक झरनों के जो कुंड है जहां आम जनता के साथ साथ कई वार्डो के नागरिकों के लिए पीने का पानी व निस्तारी के लिए बहुत बड़ा साधन है उसके लिए हमारी समिति को बार बार बोलना पड़ रहा है उसके बावजूद कार्य नही होना जनप्रतिनिधियों के लिए शर्म की बात है।

# कारगिल युद्ध के 25 वां वर्षगांठ स्थानीय जैन भवन चौक में मनाया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

कारगिल युद्ध के 25 वां वर्षगांठ स्थानीय जैन भवन चौक दल्ली राजहरा में मनाया गया। ज्ञात रहे की 25 वर्ष पूर्व 18000 फीट की ऊंचाई पर स्थित भारतीय सीमा के पास स्थित कारगिल में पाकिस्तानी घुसपैठियों के रूप में पाकिस्तानी सैनिको भारत की सीमा पर घुसने का प्रयास कर रहे थे उन्हें मार गिराया था। इस युद्ध में हमारे सैनिकों ने अपनी जान गंवाकर ऑपरेशन विजय को सफल बनाया था और भारत देश का मान बढ़ाया था। भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी एवं भाजपा सदस्यों और पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार साहू अपने साथ रिटायर्ड युवा फौजी साथियों के द्वारा कारगिल युद्ध में अपनी जान न्योछावर करने वाले शहीदों को नमन कर याद किया गया।



इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष राकेश द्विवेदी ने कहा कि कारगिल में हमारे जवानों के द्वारा पाकिस्तान से 84 दिनों तक युद्ध लड़कर फिर भारतीय चौकियों पर अपना कब्जा जमाया। पाकिस्तान एक तरफ भारत के साथ शांति वार्ता की अपील करता है विश्व में यह दिखाना चाहता है कि हम शांति के समर्थक हैं और दूसरी ओर पीठ पीछे खंजर लेकर आतंकवादियों के साथ मिलकर हमेशा खंजर घोंपने का काम करता रहा है। पाकिस्तान कारगिल के ऊंची चोटी पर अपने सैनिकों को घुसपैठियों एवं आतंकवादियों के रूप में भेज कर भारतीय सीमाओं पर घुसपैठ कर दोहरा घात कर रहा था। इसका भारतीय सैनिकों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। पूर्व सैनिक संघ के जिला अध्यक्ष राजकुमार साहू ने बताया इस युद्ध की शुरुआत 3 मई 1999 की शुरुआत में हुई थी। पाकिस्तानी सेना ने घुसपैठिया एवं आतंकवादियों के साथ मिलकर भारतीय क्षेत्र की कई रणनीतिक पहाड़ियों पर कब्जा जमा लिया था। इन चौकियों को मुक्त कराने के लिए भारत की ओर से ऑपरेशन विजय की शुरुआत की गई थी। 03 महीने की लंबे संघर्ष के बाद 26 जुलाई 1999 को भारतीय सैनिकों ने पाकिस्तान द्वारा कब्जाई गई चौकी पर फिर से कब्जा जमा कर उसमें तिरंगा फहराया था।

# हितेंद्र सिन्हा बनाये गए ब्लॉक अध्यक्ष

**बेमेतरा।** ओबीसी महासभा जिला बेमेतरा का आवश्यक बैठक साहू छात्रावास बेमेतरा में पंचम साहू की अध्यक्षता में रखा गया। जिसमें 7 अगस्त को होने वाले मंडल



दिवस एवं ओबीसी महासभा के जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी का मनोनयन तथा संगठन की ससक्तता और सार्थकता, संवैधानिक अधिकार के तहत संख्या के अनुपात में 27% प्रतिनिधित्व (आर्थिक, सामाजिक,शैक्षणिक एवं राजनैतिक) में चर्चा की गई। राधेश्याम साहू अध्यक्ष ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई के निर्देशन पर 10 अगस्त 2024 दिन शनिवार को बी. पी. मंडल जयंती व नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह मनाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। तत्पश्चात संगठन विस्तार जिला में दीना साहू कोषाध्यक्ष्य, आनंद साहू मीडिया प्रभारी रामसहाय वर्मा, सलाहकार, महेश्वर श्रीवास, माधो साहू, मोती दास मानिकपुरी, नरोत्तम साहू, रामकुमार साहू, मारकंडे साहू कार्यकारिणी सदस्य, हितेंद्र सिन्हा अध्यक्ष एवं सीताराम यदु उपाध्यक्ष ओबीसी महासभा विकाखण्ड (ब्लॉक) बेमेतरा बनाये गए। जिसमें रोमन लाल जायसवाल, नानक राम साहू, राजू देवांगन, रामबिलास निषाद, दिनेश गंगबेर, कमलेश साहू, सहदेव साहू मुख्य रूप से शामिल रहे।

# शासन द्वारा निर्धारित जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर नगरपालिका द्वारा लगाया

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अल्पसंख्यक मोर्चा कार्यसमिति सदस्य मुश्ताक अहमद ने बताया कि 27 जुलाई को वार्ड क्रमांक 01 श्री दुर्गा मंच में शासन द्वारा निर्धारित जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर नगरपालिका द्वारा लगाया गया था। जिसमें वार्ड क्रमांक 01 और 02 की जनता के समस्याओं का समाधान किया जाना है और जनता की मांग भी आवेदन के प्रारुप के माध्यम से लिया जाना है। प्रदेश कार्यसमिति अल्पसंख्यक मोर्चा मुश्ताक अहमद ने बताया कि इस जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में निम्न शिकायत और मांग किया है। वार्ड क्रमांक 01 में लगभग 04 वर्ष पूर्व, पार्षद निधि से वार्ड पार्षद द्वारा वार्ड में अपनी निधि से बाल उद्यान बनाने के लिए राशि दिया था उसका टेंडर भी हुआ, काम शुरू भी हुआ मगर उसके बाद, कार्यस्थल पर न तो ठेकेदार कभी आया और न नगरपालिका के इंजीनियर कभी आये। मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने भी इस ओर ध्यान नही दिया। मुस्ताक अहमद ने कहा कि अब तो यह भी सुनने को मिल रहा है कि ठेकेदार द्वारा नगरपालिका की मिली भगत से बिना कार्य किए ही बिल निकल लिया गया है। वार्ड क्रमांक 01 के लिए पिछली सरकार में उप स्वास्थ्य केन्द्र बनाने के लिए 28 लाख 51 हजार रुपए स्वीकृत हुए थे मगर नगरपालिका के इंजीनियर और मुख्य नगरपालिका




अधिकारी द्वारा स्थल परिवर्तन कर उप स्वास्थ्य केन्द्र को वार्ड क्रमांक 22 में बनवा दिया गया है। वार्ड क्रमांक 01 में स्वच्छ भारत योजना के तहत घर घर जाकर कचरा तो लिया जा रहा है और उसके बदले स्वच्छता शुल्क भी जनता से लिया जा रहा है मगर नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारीयों द्वारा आजतक वार्ड में डस्टबिन का वितरण नहीं किया गया है। पूरे नगर में आवारा पशुओं का सड़कों पर बोलबाला है रात में आवारा पशुओं के कारण दुर्घटनाएं हो रही है मगर नगरपालिका द्वारा जनता के टेक्स की राशि से खरीदा गया काऊ कैचर वाहन अब सफेद हाथी बनकर रह गया है नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी आवारा पशुओं को पकड़ कर कांजी हाउस भेजने किसी भी प्रकार की दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। काऊ कैचर वाहन खरीदना सिर्फ़ कमीशनखोरी तक सिमटकर रह गया है। मुख्य सचिव छत्तीसगढ़ शासन के बोलने के बाद भी नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारी मौन साधे हुए हैं। वार्ड क्रमांक 01 में चारों तरफ गंदगी पसरी पड़ी है नालियों की सफाई नहीं हो रही, झाड़ियों का अंबार लगा हुआ है कमोबेश लगभग यही हाल पूरे शहर का है मगर नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारीयों को इतनी फुर्सत नहीं है कि वार्ड और नगर की सफाई पर ध्यान दें, उनका तो सारा ध्यान कौन सा टेंडर कब होगा और उसे किसे दिलाना है उसमें लगा हुआ है। मुश्ताक अहमद ने आगे बताया कि जन समस्या निवारण पखवाड़ा में वार्ड क्रमांक 01 और 02 से 35 आवेदन आयें मगर एक भी आवेदन का मौक़े पर निराकरण नहीं किया गया। जिससे जनता में नाराजगी दिखी है, इसकी जानकारी एस डी एम राजहरा को दे दी गई है उनके द्वारा आश्वासन दिया गया है सभी आवेदनों का जल्द से जल्द निराकरण कर लिया जाएगा तथा आवेदन कर्ता को इसकी जानकारी भी दी जाएगी। मुश्ताक अहमद ने बताया कि एसडीएम राजहरा को यह भी बताया गया है कि आवेदन के प्रारुप में जो पावती आवेदन कर्ता को दी जा रही है उसमें शिकायत क्रमांक अंकित नहीं है जिसपर एस डी एम राजहरा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नगरपालिका के जिम्मेदार अधिकारीयों को निर्देशित किया है कि पावती में शिकायत या मांग जो भी उसमें आवेदन क्रमांक नंबर अंकित किया जाए। 27 जुलाई को वार्ड क्रमांक 01 और 02 के जन समस्या निवारण पखवाड़ा में मुख्य रूप से अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मुश्ताक अहमद, राजहरा मंडल उपाध्यक्ष रामेश्वर साहू, वार्ड क्रमांक 01 की पार्षद श्रीमती शिवांगी ध्रुव, वार्ड क्रमांक 02 की पार्षद कुमारी ममता नेताम वार्ड क्रमांक 01 के बूथ अध्यक्ष विक्टर जान, भारतीय मजदूर संघ के खेल प्रकोष्ठ के संयोजक बादल तिवारी एवं नगरपालिका के कर्मचारियों की उपस्थिति थी।

# लोहे का दरवाजा, शटर एवं मोटर सायकल चोरी करने वाले अपचारी बालको के विरूद्व कवर्धा पुलिस की कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com

संतोष धुर्वे निवासी आदिवासी मंगल भवन कवर्धा ने 20.07.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि भोजली तालाब के पास आदिवासी मंगल भवन में मरम्मत कार्य चल रहा है। बाउन्ड्री के अंदर रखे लोहे का दरवाजा एवं शटर को कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है कि रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्व थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 480/2024 धारा 331(3),305(ए) बी.एन.एस. पंजीबद्व कर अज्ञात चोरो की पतासाजी की जा रही थी। पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, अति.पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, उप पुलिस अधीक्षक (अजाक/क्राईम) प्रतीक चतुर्वेदी के द्वारा आरोपी पतासाजी एवं चोरी की वारदात रोकने हेतु पूर्व में आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया था। निर्देशो का पालन करते हुए टीम गठित किया गया, टीम द्वारा आस-पास पतासाजी किया गया पतासाजी के आधार पर पता चला कि अपचारी बालकों द्वारा लोहे का दरवाजा एवं शटर को चोरी करना स्वीकार किये है साथ ही 05.06.2024 को बिसौहाराम धुर्वे के मोटर सायकल होण्डा साईन क्रमांक सीजी 04-



5453 को कैलाश नगर कवर्धा से चोरी होने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 367/2024 धारा 379 भादवि कायम कर पतासाजी में लिया गया था। अपचारी बालको से पूछताछ करने पर उक्त मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार करने पर चोरी गये दरवाजा,शटर एवं मोटर सायकल बरामद किया गया है। प्रकरण में विधि विरूद्व संघर्षरत बालको के विरूद्व विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। पूर्व में भी अपचारी बालको के विरूद्व अपराधिक मामले दर्ज है। भविष्य में पूरे जिले में किसी भी प्रकार की चोरी या अन्य वारदात में शामिल होने पर कवर्धा पुलिस द्वारा गंभीरता से जांच कर आरोपियों के विरूद्व कड़ी से कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# खड़ी ट्रक से साउंड सिस्टम व थैले से रुपए चुराने वाले 04 आरोपी गिरफ्तार

## जूटमिल पुलिस ने आरोपियों से चोरी साउंड सिस्टम और घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त कर भेजा रिमांड पर

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com




ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करने वाले राजू सिंह गबेल (उम्र 58 वर्ष) निवासी विनोबा नगर चक्रधरनगर द्वारा थाना जूटमिल में लिखित आवेदन देकर ट्रांसपोर्टनगर जूटमिल के पास उनके ट्रांसपोर्ट आफिस के पास खड़ी ट्रक से साउंड सिस्टम और थैले में रखे 6,000 चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया। जूटमिल पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 305(ख) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता राजू सिंह गबेल से पूछताछ पर उसने बताया कि घटना दिनांक 24 जुलाई की रात माल लोडिंग के काम के लिए रूका हुआ था, रात्रि करीबन 03 बजे कुछ तोडफोड का आवाज सुनकर बाहर आकर देखे तो के ट्रक क्र. जीजे 24 एक्स 4666 के पास 03-04 लडके खड़े थे जो ट्रक से कुद कर मो.सा. सीजी 13 एक्स 4313 में बैठकर भाग गये। ट्रक के ड्रायवर बिलाई खान ने बताया कि ट्रक अंदर थैले में रखे डीजल भराने के लिए रखे 6000 रूपये भी गायब है।

थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज द्वारा आरोपियों के मोटर सायकल नंबर का डिटेल निकाल कर घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज चेक कर अज्ञात आरोपियों के संबंध में मुखबीरों से पूछताछ किया गया जिसमें बजरंग पारा के अजय मेहर तथा राजीव गांधी नगर के लड़कों के शामिल होने की जानकारी मिली। तत्काल जूटमिल पुलिस टीम द्वारा छापेमारी कर संदेही अजय मेहर, उमेश उर्फ भानु, हीराधार सिदार, पंकज रिंटू चैहान को हिरासत में लेकर चोरी के संबंध में पूछताछ किया गया। संदेही बताए कि 24 जुलाई की रात ट्रांसपोर्ट नगर महावीर ट्रांसपोर्ट के सामने खड़ी ट्रक का गेट को तोड़कर ट्रक से एक साउंड सिस्टम और 6000 को थैला सहित चुराए थे जिसके 1500-1500 रुपए चारों आपस में बांट लिए थे। आरोपियों ने बंटवारे में मिली रकम को खर्च करना बताएं। आरोपी उमेश उर्फ बानू चैहान के पास से चोरी साउंड सिस्टम तथा आरोपी पंकज उर्फ रिंटू चैहान से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल सीजी 13 एक्स 4313 की जप्ती की गई है। प्रकरण में आरोपियों की संख्या एक से अधिक होने पर धारा 3(5) भारतीय न्याय संहिता जोड़ी गई और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक मोहन भारद्वाज एवं हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

# खाकी ने एक बार फिर दिखाई मानवता

## व्यवसायी की मौत के बाद उनके दिव्यांग बच्चों के साथ कराया शव का अंतिम संस्कार

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com



रायगढ़ जिले की पुलिस ने एक बार फिर से मानवता का परिचय देते हुए एक व्यवसायी की मौत हो जाने के बाद उसका अंमित संस्कार कराने उनके बच्चों के पैसे नही होनें की वजह से आगे आकर न केवल परेशानियों को दूर करते हुए अंतिम संस्कार कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिसकी अब पूरे जिले में चर्चा हो रही है। दरअसल पूरा मामला इस प्रकार है कि जूटमिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बेनीकुंज अपार्टमेंट सावित्री नगर में रहने वाला प्रकाश जायसवाल 54 साल मूलतः दिल्ली के गांधीनगर का रहने वाला है। पहले वह दिल्ली से रायपुर आकर कुछ व्यवसाय करता था। जहां बिजनेस में नुकसान होनें के बाद वह अपने 22 साल की बेटी और 20 साल का बेटा के साथ आकर में आकर रह रहा था। बिजनेस में नुकसान के बाद विनय जायसवाल के परिवार में कई सारी विपत्तियां आने लगी, साथ ही साथ वह बीमार पड़ने लगा था। बताया जा रहा है कि उनके दोनों बच्चे भी गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। तीन चार दिन पहले मोहल्लेवासियों ने विनय जायसवाल को मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में भर्ती था जहां कल शाम उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।

**शव मेडिकल कालेज में छोडकर जाने की थी तैयारी**-विनय जायसवाल की मौत हो जाने की सूचना दिल्ली में रहने वाले उनके परिचित को मिलने के बाद आज वे रायगढ़ पहुंचे और उन्होंने बताया कि मृतक विनय जायसवाल के दोनों बच्चों की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे पिता का अंतिम संस्कार करा पाये इसलिए वे शव को मेडिकल कॉलेज में छोड़कर जा रहे थे।

**टीआई मोहन भारद्वाज आये आगे**-जूटमिल थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज को जैसे ही इस मामले की जानकारी हुई वे मेडिकल कालेज रायगढ़ पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिले तब उन्हें उनकी सारी समस्या समझ में आ गई तब उन्होंने मृतक के बेटे-बेटियों को अंतिम संस्कार तक रूकने के लिये मनाया और हिन्दु प्रथा के अनुसार शव का कयाघाट मुक्तिघाम में अपनी टीम के साथ अंतिम संस्कार कराया गया। इतना ही नही मृतक विनय जायसवाल के दोनों बच्चों को दिल्ली पहुंचाने वाहन की व्यवस्था करते हुए आर्थिक सहयोग भी किया गया। खाखी के इस मानवीय पहल को देखते हुए जिलेवासी अब इसकी प्रशंसा भी करने लगे हैं।

# अंडर 14 क्रिकेट का ट्रायल 4 अगस्त को स्टेडियम मे होगा ट्रायल, टूर्नामेंट अक्टूबर में

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीसीसीआई के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा क्रिकेट के आने वाले सत्र की घोषणा कर दी गई है। जिसमें अंडर 14 टेस्ट मैच हेतु टीम के लिए ट्रायल 4 अगस्त को फिटनेस टेस्ट और ट्रायल स्टेडियम में ही होगा। जला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि अंडर 14 के सभी मैच टेस्ट आधार पर होंगे फिटनेस टेस्ट फिटनेस टेस्ट एवं ट्रायल के लिए दोपहर 3 बजे रायगढ़ स्टेडियम में खिलाडियों को पहुंचने के लिए कहा गया है। दोपहर को 3.00 बजे से खिलाडियों का बल्लेबाजी एवं गेंदबाजी के आधार पर ट्रायल लिया जाएगा। ट्रायल के लिए चयनकर्ता वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज बोहिदार, अभिषेक गुप्ता को मनोनीत किया गया है। संघ के अध्यक्ष संतोष पाण्डेय ने ज्यादा से ज्यादा खिलाडियों को ट्रायल में शामिल होने की अपील की है।

### यह है नियमावली एवं फीस

सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि सभी खिलाडियों को अपनी कीट लानी होगी तथा सफेद ड्रेस में आना होगा। ट्रायल के लिए प्रत्येक खिलाड़ी के पंजीयन हेतु 200 रुपये शुल्क रखा गया है। जो मैदान पर ही ट्रायल के पूर्व लिया जाएगा। अंडर 14 के लिए कट ऑफ डेट 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 रखी गई है। अर्थात वहीं खिलाड़ी इसमे शामिल हो सकते हैं जो 1 सितंबर 2010 से 31 अगस्त 2012 के बीच जन्मे हैं। राज्यस्तरीय टूर्नामेंट हेतु 20-20 खिलाडियों को सीएससीएस के निर्देश पर आगे भेजा जाएगा। सभी नये खिलाडियों को ट्रायल पूर्व अपना रजिस्ट्रेशन करवाने का निर्देश दिया गया है। बिना रजिस्ट्रेशन के खिलाड़ी ट्रायल में शामिल नहीं हो सकेंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए ओरिजनल प्रमाण पत्र व डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र, मेनूवल जन्म प्रमाण पत्र, पीवीसी आधार कार्ड,6 साल की मार्कशीट , तत्काल की फोटो के साथ जिला क्रिकेट संघ कार्यालय में प्रातरू 10:30 से 1:30 व शाम 5 से 8:30 बजे तक आकर करवा लें। विस्तृत जानकारी जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय से ली जा सकती है। जिन खिलाडियों ने डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनवाया है वह अनिवार्य रूप से मैच से पूर्व बना लें। ताकि प्रतियोगिता में शामिल हो सके।

# सार्वजनिक राशन दुकान मे हुए चोरी के दो अलग अलग प्रकरण में 06 विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक सहित 10 आरोपियों गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से स्कार्पियो व पिकअप वाहन जब्त

पायनियर संवाददाता ≺ जांजगीर चांपा
www.dailypioneer.com



सार्वजनिक राशन दुकान मे हुए चोरी के दो अलग अलग प्रकरण में 06 विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक सहित 10 आरोपियों गिरफ्तार। आरोपियों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पकड़ने में मिली पुलिस को सफलता आरोपियों के कब्जे से स्कार्पियो व पिकअप वाहन जब्त। ग्राम बरबसपुर के सरपंच के द्वारा भी रिपोर्ट दर्ज कराया गया की ग्राम बरबसपुर स्थित सार्वजनिक राशन दुकान में 21/7/24 के रात्रि अज्ञात चोरों के द्वारा चावल चोरी कर लिया गया है जिस पर थाना नवागढ़ में अपराध क्रमांक 275/24 धारा 305, 331(4) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया। चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी एवं चोरी गए मशरूका की पतासाजी हेतु पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया। इसी क्रम में नवागढ़ पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी एवम चोरी गए मशरूका का पतासाजी की जा रही थी। मुखबिर सूचना पाते ही थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा अति पुलिस अधीक्षक जांजगीर के कुशल मार्गदर्शन में गठित टीम द्वारा ग्राम बरबसपुर एवं दाहिदा रवाना हुई और घटना स्थल का मुआयना किया गया जन्हा पर घटना स्थल पर पिकअप के चक्के के निशान दिखाई दे रहे थे, इसी संदेह के आधार पर की घटना स्थल में चोरी करते समय चावल को पिकअप में ले जाया गया होगा इस तथ्य को पुख्ता करने के लिए आसपास सीसीटीवी खोजा गया जो ग्राम बरबसपुर के एक दुकान में लगा सीसीटीवी से यह स्पष्ट हुआ की रात्रि लगभग 2 बजे एक सफेद रंग का पिकअप एक साथ ही साथ चलता हुआ कला रंग का स्कार्पियो दिखाई दिया। घटना स्थल पर दिखाई दिए चक्के के निशान और 2 बजे रात को पिकअप और स्कार्पियो के सीसीटीवी फुटेज से संदेह यकीन में बदल गया और पुलिस टीम इसी आधार पर आगे बढ़ने लगी, थाना नवागढ़ की टीम, सायबर सेल जांजगीर के साथ मिलकर लगभग 50 सीसीटीवी को जांचा गया जो उक्त पिकअप को बम्हनीडीह, चांपा, कोरबा की ओर जाते देखा गया, कोरबा में जाकर पता करने पर धनेश साहू के पास कला रंग का स्कार्पियो होना पता चला और धनेश साहू पूर्व में भी चोरी के केस में जेल जाना पता चला संदेह के आधार पर धनेश साहू को अभिरक्षा में लेकर थाना नवागढ़ टीम और सायबर टीम के द्वारा पूछताछ किया गया को आरोपी धनेश साहू अपने साथी मनीष यादव, मनिकुमार शाह, लक्ष्मी दास महंत, अन्य 6 विधि विरुद्ध संघर्षरत बालक तथा अन्य साथी के साथ घटना को अंजाम देना बताया । दिनांक 21/7/24 को उपरोक्त साथियों के साथ धनेश साहू कोरबा में प्लान बनाया की दाहिदा में धनेश साहू के रिश्तेदार रहते है जहा पर देखा हैं की दुकान में चावल आया है और पास लगे बरबसपुर में भी चावल आया है, अपने साथियों के साथ दोनो जगह चोरी करने का प्लान बनाकर पिकअप और स्कार्पियो में सभी लोग दाहिदा और बरबसपुर गए जहा पर बैटरी वाला कटर मशीन से ताला को काटकर दाहिदा से 30 बोरी चावल और बरबसपुर से 49 बोरी चावल चोरी किए ।

# अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को दिया अंजाम

- नगदी रकम, जेवरात के अलावा कांसा के बर्तन भी ले भागे चोर, पीड़ित ने लिखाई रिपोर्ट

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जिले के खरसिया विधानसभा क्षेत्र में अज्ञात चोरों के द्वारा देर रात घर घुसकर सोने के जेवर, कांसा का बर्तन और नगदी रकम के अलावा जरूरी कागजात चोरी करने का मामला सामने आया है। पीड़ित की रिपोर्ट के बाद पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खरसिया चैकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मौहापाली निवासी छोटेलाल पटैल ने चैकी में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह मौहापाली वार्ड नं. 14 का रहने वाला हूं और उसकी मां जीवन बाई पटैल गांव में ही एक अन्य मकान में अकेली रहती है। इसी बीच 26 जुलाई की देर रात अज्ञात चोर मकान में घुसकर घर से सोने का पदक माला कीमती लगभग 25 हजार रूपये, तीन कांसा का लोटा, तीन कांसा की थाली, तीन कांसा का माली कुल कीमत 7 हजार रूपये तथा पेटी में रखें नगदी रकम 50 हजार रूपये नगद मिलाकर अज्ञात चोरों ने उनके घर से लगभग 82 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### जरूरी कागजात भी ले भागे चोर

छोटेलाल ने बताया कि अज्ञात चोरों ने उनके घर से एक पेटी भी चुरा कर फरार हो गए हैं जिसमें जीवन बाई पटैल का पासबुक, आधार कार्ड, भूमि का कागजात एवं ऋण पुस्तिका के अलावा अन्य जरूरी कागजात रखा हुआ था।

### अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज

घर के चोरी होनें की जानकारी सुबह 6 बजे होनें के बाद पीड़ित छोटेलाल अपनी को घटना से अवगत कराते हुए खरसिया चैकी पहुंचकर मामले की रिपोर्ट लिखाई है। जिसके बाद खरसिया चैकी पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

## शासकीय उचित मूल्य दुकान चोरभट्ठी का संचालनकर्ता एजेंसी निलंबित

**जैजैपुर।** विकासखंड जैजैपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत चोरभट्ठी के ग्रामवासियों से शासकीय उचित मूल्य दुकान चोरभट्ठी के दुकान संचालक के विरुद्ध पीडीएस चावल वितरण मे गड़बड़ी एवं मनमानी करने के संबंध मे शिकायत प्राप्त हुई थी । शिकायत प्राप्त होने पर कलेक्टर जिला सक्ती अमृत विकास तोपनो के निर्देशानुसार खाद्य निरीक्षक जैजैपुर से तत्काल शिकायत की जांच कराई गई। जांच करने पर चावल वितरण मे अनियमितता पायी गई तथा दुकान संचालक द्वारा कुछ राशनकार्डधारियों को खाद्यान्न वितरण नहीं करना पाया गया। खाद्य निरीक्षक जैजैपुर के प्रतिवेदन के आधार पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती द्वारा तत्काल कार्यवाही कर शासकीय उचित मूल्य दुकान चोरभट्ठी के संचालनकर्ता एजेंसी को निलंबित कर आगामी आदेश तक सेवा सहकारी समिति मुक्ता मे संलग्न कर दिया गया है।

## कटघोरा बीएमओ के तबादले पर बिफरे स्वास्थ्य कर्मी-हड़ताल पर जाने दी चेतावनी

**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत कटघोरा खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) डॉ. रूद्रपाल सिंह को पद से हटाए जाने के बाद स्वास्थ्य कर्मियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मियों का कहना है कि डॉ. रूद्रपाल को बिना उचित कारण हटाना अनुचित है और यह उनके मनोबल को हतोत्साहित करने वाला कदम है।कटघोरा में छत्तीसगढ़ स्वास्थ्यकर्मी फेडरेशन की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें फेडरेशन ने कोरबा जिला प्रशासन से डॉ. रूद्रपाल को तुरंत बीएमओ के पद पर बहाल करने मांग की। फेडरेशन ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं तो वे सामूहिक अवकाश और धरना प्रदर्शन करेंगे। संघ ने कहा कि अगर उनकी मांगे फिर भी पूरी नहीं हुईं तो छत्तीसगढ़ स्वास्थ्यकर्मी फेडरेशन बेमियादी हड़ताल पर जाएगा।

## जिला पुलिस लावारिस वाहनों को वाहन स्वामी को दिलाने के लिए प्रयासरत

**कोरबा।** कोरबा अनुभाग में कुल 441 वाहन, दर्री अनुभाग में कुल 402 वाहन, कटघोरा अनुभाग में कुल 326 वाहन थाना चौकी में लावारिस हालत में खड़े है। कोरबा जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी के द्वारा विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी में खड़े लावारिस वाहनो की जांच कर उसका निराकरण किया जा रहा है। इस अभियान के तहत थाना/चौकी क्षेत्र जैसे बाज़ार, बस स्टैंड आदि में लावारिस हालत में मिले वाहन जो काफी समय से थाना में खड़े हैं उनकी जांच कर आरटीओ से वाहन स्वामी की जानकारी लेकर उनके वाहन स्वामी को संपर्क कर उनको सुपुर्दनामे में दिये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# तेलीकोट में खरसिया पुलिस ने लगाया जन चौपाल, रहवासियों को साइबर फ्रॉड से बचने व नशे से दूर रहने की दी समझाइश

पायनियर संवाददाता ≺ रायगढ़
www.dailypioneer.com




पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा-निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रायगढ़-ग्रामीण रामगोपाल करियारे के मार्गदर्शन पर खरसिया पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था के कार्यों के साथ नियमित रूप से क्षेत्रवासियों को अपराधों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम तेलीकोट में खरसिया पुलिस द्वारा पुलिस जन चौपाल लगाया गया जिसमें थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक कुमार गौरव साहू, चौकी प्रभारी खरसिया उप निरीक्षक संजय नाग व विवेचकगण ने नवीन कानून, साइबर क्राइम, नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा पर रहवासियों को संबोधित कर जानकारी दिया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक कुमार गौरव साहू ने नवीन कानून के संबंध में संक्षिप्त जानकारी दी गई और साइबर फ्रॉड के संबंध में बताया कि जैसे-जैसे डिजिटाइजेशन और तकनीकी बढ़ रही है, वैसे-वैसे साइबर फ्रॉड भी बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि कोई भी बैंक अपने ग्राहक से ओटीपी नहीं मांगती है, ऑनलाइन फ्रॉड करने वाले ट्रांजेक्शन के लिए ओटीपी मांगते हैं ऐसे में आप किसी को भी ओटीपी नहीं बताएं। यदि भूलवश ओटीपी बता भी दी है, तो आप 1930 नंम्बर पर शिकायत दर्ज करावें। इन दिनों लोगों को ज्यादा मुनाफा कमाने का लालच देकर मोबाइल पर लिंक भेजा जाता है, टेलीग्राम या व्हाटस ग्रुप में जोड़कर अंजान कंपनी या फर्म में रूपये निवेश कराते हैं, कई व्यक्ति लालच में अधूरी जानकारी पर रूपये निवेश कर फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं, कोई भी व्यक्ति आदमी घर बैठे मोबाइल से पैसा नहीं कमा सकता, पैसा कमाने के लिए मेहनत करनी पड़ती है। ऐसे फ्रॉड कॉल का किसी प्रकार उत्तर नहीं देने कहा और ठगी का शिकार होने पर थाना व बैंक जाकर सूचना देने बताया गया। चौकी प्रभारी संजय नाग ने नशा मुक्ति को लेकर क्षेत्र में अवैध शराब की सूचना देने रहवासियों को प्रेरित किया गया और नव जवानों को नशे से दूर रखना बताये। उन्होंने सड़क हादसों से बचने तेज गति और शराब पीकर वाहन चलाने से बचने कहा गया। महिला प्रधान आरक्षक सरोजनी राठौर द्वारा महिला और बालकों संबंधी अपराधों की जानकारी दी गई। जन चौपाल में काफी संख्या में ग्राम तेलीकोट के रहवासियों के साथ थाना व चैकी खरसिया के स्टाफ मौजूद थे।


IndusInd Bank
क्षेत्रीय कार्यालयः 3ए अपर वुड स्ट्रीट शाखा, पहली मंजिल, सावित्री टॉवर, कोलकाता – 700017

परिशिष्ट–IV–क
[नियम 8(6) का परंतुक देखें]
अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

**वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) अधिनियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री नोटिस**

आम जनता को और विशेष रूप से कर्जदार(रों) और गारंटर(रों) को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित है, का **भौतिक** कब्जा, इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, के **कर्जदार सिद्धि एग्रो फूड्स प्रा. लिमिटेड (उधारकर्ता), श्री सुशील कुमार जैन (निदेशक और गारंटर), श्री सुनील कुमार जैन (निदेशक और गारंटर), श्रीमती चंद्र कला जालान (गारंटर), श्रीमती संजू जालान (गारंटर), श्री सुरेश कुमार जालान (गारंटर), श्री बिहारीलाल जैन (गारंटर) और मैसर्स सुशील इंडस्ट्रीज (इसके प्रोपराईटर - सुशील कुमार जैन द्वारा प्रतिनिधित्व) (गारंटर)** से इंडसइंड बैंक लिमिटेड, प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि रु. **70,42,12,056.16** (रु. सत्तर करोड़ ब्यालीस लाख बारह हजार छप्पन और पैसे सोलह मात्र) दिनांक 03.04.2024 तक और दिनांक 04.04.2024 से संविदात्मक दर पर भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित की वसूली हेतु "जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है" के आधार पर नीचे वर्णित विशिष्ट तिथियों पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य, जमा धरोहर राशि और संपत्ति के निरीक्षण की तारीख नीचे वर्णित है।

| लॉट नं. | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | ज्ञात भार | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सुशील कुमार जैन के नाम पर जिसका दुकान नं./प्लॉट नं.- 9, सर्वे नं. 355(पी) का भाग, भूमि क्षेत्रफल 286 वर्ग फुट, (उस पर निर्माण सहित) अन्नपूर्णा कॉम्प्लेक्स, अग्रसेन रोड, मौंजा भैस्थान, रामसागरपारा, ग्राम- चिरहुलडीह, पी.एच. नं. 106-बी, आर.आई.सी. - रायपुर-1, रामसागरपारा वार्ड नं. 17, सिटी तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दीः (विक्रय पत्र के अनुसार) उत्तर में - अन्य की संपत्ति, दक्षिण में - सड़क, पूरब में - विक्रेता की संपत्ति और पश्चिम में - विक्रेता की संपत्ति | शून्य | रु. 38,00,000/- (रु. अडतीस लाख मात्र) | रु. 3,80,000/- (रु. तीन लाख अस्सी हजार मात्र) |
| 2. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर जिसका कार्यालय सं. 327, कारपेट क्षेत्रफल - 165 वर्ग फुट (उस पर निर्माण सहित) अरिहंत कॉम्प्लेक्स की तीसरी मंजिल, म्युनिसीपल मकान नं. 12/358 से 365 तक का भाग, कालकरपारा वार्ड क्रमांक 14 (पुराना) इंदिरा गांधी वार्ड क्रमांक 20 (नया), स्टेशन रोड, ग्राम रायपुर खास, पी.एच. नं. 106-ए, आर.आई.सी. - रायपुर-।सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दीः (विक्रय पत्र के अनुसार) - उत्तर में - भवन का मार्ग, दक्षिण में - मार्ग, पूरब में - कार्यालय सं. 326 और पश्चिम में - कार्यालय सं. 328 | शून्य | रु. 13,80,000/- (रु. तेरह लाख अस्सी हजार मात्र) | रु. 1,38,000/- (रु. एक लाख अडतीस हजार मात्र) |
| 3. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन के नाम पर श्री कृष्णा अपार्टमेंट के ब्लॉक डी के फ्लैट नं. डी-105, निर्मित क्षेत्रफल-784.93 वर्ग. फुट एवं बालकनी क्षेत्रफल-90.93 वर्ग. फुट. कुल क्षेत्रफल- 875.86 वर्ग. फुट., (उस पर निर्माण सहित) सर्वे सं. 625/4-7, 625/5-8, 625/9-10 का भाग, ग्राम-मोवा, पी.एच. सं. 109, आर.आई.सी.-रायपुर-1, डॉ. भीमराव अम्बेडकर, वार्ड सं. 27, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - फ्लैट नं. ए-106, दक्षिण में - खुली जगह, पूरब में - खुली जगह और पश्चिम में - गालियारा | शून्य | रु. 29,10,000/- (रु. उनतीस लाख दस हजार मात्र) | रु. 2,91,000/- (रु. दो लाख इक्यान्वे हजार मात्र) |
| 4. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि चंद्रकला जैन और संजू जैन के नाम पर, सर्वे सं. 778/11 भूमि क्षेत्रफल 0.166 हेक्टेयर (17860 वर्ग फुट), (उस पर निर्माण सहित), ग्राम-हीरापुर उर्फ जरवाय, पी.एच. नंबर 103, आर.आई.सी. -रायपुर-।, रामकृष्ण परमहंस, वार्ड सं. 2, सिटी तहसील एवं जिला - रायपुर (छत्तीसगढ़) और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - नंदकिशोर की संपत्ति, दक्षिण में - लाहोटी की संपत्ति, पूरब में - नहर और पश्चिम में - सड़क | शून्य | रु. 4,24,20,000/- (रु. चार करोड़ चौबीस लाख बीस हजार मात्र) | रु. 42,42,000/- (रु. ब्यालीस लाख ब्यालीस हजार मात्र) |
| 5. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि सुशील इंडस्ट्रीज (प्रोप. सुशील कुमार जैन) के नाम पर प्लॉट नं. 48/6 (पी), भूमि क्षेत्रफल 0.093 हेक्टेयर या 10000 वर्ग फुट (उस पर निर्माण सहित), ग्राम - गोंदवारा, पीएच सं. 108, यतियतान वार्ड क्रमांक-4, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर, छत्तीसगढ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार): उत्तर में - विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में - विक्रेता द्वारा अन्य को बेची गई संपत्ति, पूरब में - रोड और पश्चिम में - रोड | शून्य | रु. 95,00,000/- (रु. पिचान्वे लाख मात्र) | रु. 9,50,000/- (रु. नौ लाख पचास हजार मात्र) |
| 6. | सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि श्री बिहारी लाल जैन के नाम पर, प्लॉट नंबर 32, सर्वे सं. 696/7 का भाग, क्षेत्रफल - 2400 वर्ग फुट, (उस पर निर्माण सहित) स्वामी आत्मानंद वार्ड सं. 15, समता कॉलोनी, ग्राम - चिरहुलडीह, पी.एच. सं. 106-बी, आर.आई.सी. -रायपुर-।, सिटी, तहसील एवं जिला रायपुर-छत्तीसगढ़ और चौहद्दी (विक्रय पत्र के अनुसार) : उत्तर में - प्लॉट नं. 26, दक्षिण में - रोड, पूरब में - प्लॉट नं. 31 और पश्चिम में - प्लॉट नं. 31 | शून्य | रु. 1,97,60,000/- (रु. एक करोड़ सत्तान्वे लाख साठ हजार मात्र) | रु. 19,76,000/- (रु. उन्नीस लाख छिहत्तर हजार मात्र) |

| | |
|---|---|
| नीलामी की तिथि एवं समय | लॉट नं. 1 हेतुः 09-09-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 2 हेतुः 09-09-2024 (दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक)<br>लॉट नं. 3 हेतुः 10-09-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 4 हेतुः 10-09-2024 (दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक)<br>लॉट नं. 5 हेतुः 11-09-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 6 हेतुः 11-09-2024 (दोपहर 02:30 बजे से दोपहर 03:30 बजे तक) |
| ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट | https://www.bankeauctions.com |
| ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि | 06-09-2024 (सभी लॉट नं. हेतु) |
| न्यूनतम बोली वृद्धि राशि | रु. 1,00,000/- मात्र (सभी लॉट नं. हेतु) |
| इच्छुक खरीदारों हेतु संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय | लॉट नं. 1 और 2 हेतुः 19-08-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 3 और 4 हेतुः 20-08-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक)<br>लॉट नं. 5 और 6 हेतुः 21-08-2024 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक) |
| प्राधिकृत अधिकारी का संपर्क विवरण | मोबाइल नंबर 9874438785<br>ईमेल rohit.swaroop@indusind.com |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट अर्थात www.indusind.com या सेवा प्रदाता की वेबसाइट अर्थात https://www.bankeauctions.com पर दिए गए लिंक को देखें।

**सरफेसी अधिनियम के प्रावधानों/नियमों के अंतर्गत बिक्री हेतु वैधानिक 30 दिन का नोटिस**

उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर इस नोटिस को 30 दिनों की बिक्री नोटिस के रूप में मानें, उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर्स को एतद्वारा इस बिक्री सूचना की तारीख से 30 दिनों के भीतर ऊपर बताए अनुसार अपनी देयता का पूर्ण निर्वहन करने और प्रतिभूत आस्ति पर बंधक सम्पत्ति को छुड़ाने का अंतिम और अंतिम अवसर दिया जाता है, ऐसा न करने पर प्रतिभूत आस्ति को ऊपर उल्लिखित निबंधन और शर्तों के अनुसार बेच दिया जाएगा।

दिनांकः 30.07.2024
स्थानः रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
इंडसइंड बैंक लिमिटेड

# केंद्रीय बजट करीब 200 प्रतिशत ज्यादा आवंटन के साथ जनजातीय समुदायों को बनाएगा सशक्त : सर्बानंद सोनोवाल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शिलॉन्गब में इलाके व्यापारिक समुदाय के नेताओं, युवाओं और महिलाओं के साथ केंद्रीय बजट, 2024 पर चर्चा में हिस्सा। लिया। चर्चा केंद्रीय बजट के प्रावधानों के इर्द-गिर्द रही, जो विकसित भारत के विचार को साकार करने की दिशा में रोडमैप तैयार करता है। सोनोवाल ने कहा कि इस बजट से पूर्वोत्तर भारत काफी लाभान्वित होगा क्योंकि इसका उद्देश्य युवाओं, महिलाओं और आदिवासी समुदायों को सक्षम बनाकर इलाके के आर्थिक, औद्योगिक और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाना है। बैठक में मेघालय सरकार के पशुपालन मंत्री अलेक्जेंडर हेक भी उपस्थित थे। आदिवासी समुदायों के सशक्तिकरण पर आयोजित बैठक में केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा, केंद्रीय बजट 'विकसित भारत' बनाने की दिशा में रोडमैप निर्धारित करता है। नए जोश और प्राथमिकता के साथबजट का उद्देश्य पूर्वोत्तर के युवाओं, महिलाओं और जनजातीय समुदायों को सशक्तम बनाना और आर्थिक, औद्योगिक तथा कृषि क्षेत्र को बढ़ावा देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमारे खूबसूरत पूर्वोत्तर को 'अष्टलक्ष्मी' और भारत के विकास के नए इंजन के रूप में पहचाना है। इस बजट में आदिवासी समुदायों के सशक्तीकरण और सक्षमता के लिए आवंटन लगभग 200% बढ़ाया गया है, जिनमें 13,000 करोड़ रुपये आदिवासी समुदायों के कल्याण पर खर्च किए जाएंगे। पारंपरिक कारीगरों, शिल्पियों, स्वयं सहायता समूहों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए, पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, राष्ट्रीय आजीविका मिशन और स्टैंड अप इंडिया जैसी योजनाओं के लिए भी आवंटन बढ़ाया गया है। जनजातीय समुदायों को सामाजिक न्याय हेतु इस बजट में प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम नाम से नई योजना की घोषणा की गई, जिसका उद्देश्य जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाना है। इससे 63,000 गांवों की 5 करोड़ जनजातीय आबादी को सीधा लाभ मिलेगा। पूर्वोत्तर में कृषि के लिए बजट प्रोत्साहन का उल्लेरख करते हुए सोनोवाल ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व मेंहम प्राकृतिक खेती और बागवानी के केंद्र के रूप में पूर्वोत्तर की जबरदस्त क्षमता को सामने लाने के साथ-साथ युवा प्रतिभाओं को विश्व स्तरीय कुशल कार्यबल बनने में सक्षम बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं। खेती और बागवानी वाले 32 फसलों की उच्चक पैदावार और जलवायु अनुकूल 109 किस्मों जारी होने से मेघालय को आय बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव को कम करने का अवसर मिला है। प्रस्तातवित डिजिटल फसल सर्वे के साथ ही किसान क्रेडिट कार्डके जरिये किसानों को ऋण लेने में सुविधा होगी। पर्यावरण अनुकूल टिकाऊ कृषि परियोजना के लिए 598 करोड़ रुपये का आवंटन जलवायु परिवर्तन, मृदा क्षरण और कीट, नाशीजीव एवं रोग संक्रमण के प्रतिकूल प्रभावों को नियंत्रित करेगाऔर पैदावार में सुधार होगा। सर्बानंद सोनोवाल ने आगे कहा, बजट का उद्देश्य विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देना है, खास तौर पर मुद्रा योजना के माध्यम से, जो एमएसएमई को आवश्यक ऋण सहायता प्रदान करती है। इसके साथ ही पहली बार नौकरी के क्षेत्र में आने वाले युवाओं को तीन किस्तोंा में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के जरिये 15,000 रुपये दिए जाएंगे और इसे मेघालय औद्योगिक एवं निवेश प्रोत्साहन नीति के साथ जोड़ा जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया से योगेश तिवारी ने की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया बजट संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पहुंचे। इस मौके पर सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने केंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत कर सौजन्य मुलाकात की। योगेश तिवारी के साथ उनके कई समर्थक भी मौजूद थे। छत्तीसगढ़ आगमन पर केंद्रीय मंत्री ने योगेश तिवारी से कई पहलुओं पर चर्चा भी की। आम जनमानस खासकर युवाओं और किसानों को ध्यान में रखकर पेश केंद्रीय बजट पर योगेश तिवारी ने केंद्रीय मंत्री मंडाविया को बधाई दी। इस विषय पर चर्चा करते हुए मंडाविया ने बताया कि यह बजट युवाओं और किसानों के रोजगार व सहायता पर केंद्रित है। केंद्र सरकार के बजट पर मनसुख मांडविया ने कहा कि, पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार जनता का आशीर्वाद मिला है। यह प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट है। ये बजट गरीबों को सहायता देने और उद्योगों को बढ़ावा देने वाला है। ये बजट देश की आर्थिक गतिविधि को बढ़ाने वाला है। किसानों की आय बढ़ानी जरूरी है, इसलिए 1 लाख 12 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

## बढ़ते अपराध एवं बिजली बिल को लेकर सामाजिक जनचेतना अभियान



**रायपुर।** शहर में बढ़ते अपराध एव बिजली बिल को लेकर नगर निगम सभापति एव पूर्व महापौर प्रमोद दुबे ने सामाजिक जनचेतना के लिए अभियान चलाया है। जिसका 8 वें दिन ब्राह्मण पारा वार्ड में किया गया। जनता से बढ़ते अपराध एवं बढ़ते हुए बिजली बिल को लेकर राय लिया गया। जिसमें वार्ड अध्यक्ष सुयश शर्मा एव ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी मुन्ना मिश्रा प्रशांत तिवारी थे, एवं सत्यनारायण नायक नागेंद्र वोरा, नीतीश शर्मा अविनय दुबे महेश सोनी योगेश तिवारी बाकर अब्बास राजू नायक, निर्मल पांडेय, आशु मिश्रा, अमित सापहा, डोमेश, रोहित, यश, भूपेन्द्र जलशत्री, निहाल तिवारी देव, क़ानू एवं अन्य साथीगण थे, सुयश शर्मा ने बताया कि हम ये मुहिम विगत 8 दिनों से विभिन्न वार्डो में प्रमोद दुबे के नेतृत्व में कर रहे। ये एक सामाजिक जनचेतना का अभियान है। समाज में बढ़ती लाचार क़ानून व्यस्था से हर वर्ग में भय का वातावरण बना हुआ है। एवं बिजली बिल जिस तेज़ी के साथ बढ़ा हुआ है, ग़रीब एव मध्यमवर्ग को आर्थिक रूपो से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस कारण ये मुहिम हम सतत् जारी रखेंगे।

# भारत में Galaxy AI पावर्ड गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और जेड फिलिप 6 को शानदार रिस्पॉन्स मिला

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com




भारत के सबसे बड़े इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने घोषणा की कि जो ग्राहक भारत में गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और गैलेक्सी जेड फिलिप 6 के लिए प्री-बुकिंग कर चुके हैं, उन्हें समय से पहले डिलीवरी मिलेगी। गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और गैलेक्सी जेड फिलिप 6 ने पिछले फोल्डेबल फोन्स की तुलना में सिर्फ24 घंटों में 40% ज्यादा प्री-ऑर्डर हासिल किए हैं। गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और गैलेक्सी जेड फिलिप 6 के लिए प्री-ऑर्डर भारत और बाकी दुनिया में 10 जुलाई को शुरू हुए। ये नए स्मार्टफोन 24 जुलाई, 2024 से भारत में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगे, साथ ही हाल ही में लॉन्च किए गए अन्य डिवाइस गैलेक्सी वॉच अल्ट्रा, गैलेक्सी वॉच7, गैलेक्सी बड्स3 प्रो और गैलेक्सी बड्स3 भी मिलेंगे। सैमसंग इंडिया के एमएक्स बिजनेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजू पुलन ने कहा, हम भारत में अपने नए फोल्डेबल्स - गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और गैलेक्सी जेड फिलिप 6 को लेकर उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया से बहुत खुश हैं। प्री-ऑर्डर में 1.4 गुना वृद्धि से पता चलता है कि भारतीय उपभोक्ता नई तकनीक को तेजी से अपनाने वाले हैं। ये नए फोल्डेबल स्मार्टफोन, जो अब छठी पीढ़ी में हैं, गैलेक्सी एआई के नए युग की शुरुआत करते हैं और संचार, उत्पादकता और रचनात्मकता में मोबाइल अनुभवों को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हैं। गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और गैलेक्सी जेड फिलिप 6 की सफलता से हमें भारत में अपने प्रीमियम सेगमेंट में नेतृत्व को मजबूत करने में मदद मिलेगी। भारतीय उपभोक्ताओं के लिए गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और फिलिप 6 का निर्माण सैमसंग की नोएडा फैक्ट्री में किया जा रहा है।

# पं दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ वृंदावन धाम मथुरा द्वारा विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान का भव्य आयोजन

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



नई दिल्ली स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के सभागार में पं दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ वृंदावन धाम मथुरा द्वारा विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान का भव्य आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ अरविंद कुमार पूर्व कुलपति, रानी लक्ष्मी बाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी, विशिष्ट अतिथि डॉ स्वर्णलता पांचाल रिसर्च साइंटिस्ट अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली, समारोह के अध्यक्ष डॉ इन्दु भूषण मिश्र कुलपति पंडित दीनदयाल उपाध्याय हिंदी विद्यापीठ, मुख्य वक्ता दीपा मिश्रा सुप्रसिद्ध कथा वाचिका वृंदावन धाम मथुरा, एवं विशिष्ट सानिध्य डॉ विश्वनाथ पाणिग्रही जी-राष्ट्रीय पर्यावरणविद एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी छत्तीसगढ़ के कर कमलों द्वारा बसंतपुर वाड्रफनगर जिला बलरामपुर छत्तीसगढ़ निवासी बलराम प्रसाद गुप्ता (पूर्व प्राचार्य) को विद्या वाचस्पति (डॉक्ट्रेट) सम्मान से नवाजा गया। गुप्ता को यह विशिष्ट सम्मान उनके शिक्षा साहित्य समाज सेवा शोध एवं पर्यावरण के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। ज्ञातव्य है कि गुप्ता को पूर्व में भी राज्यपाल पुरस्कार सहित अन्य कई सम्मान प्राप्त हुए हैं। उच्चतम शिक्षा प्राप्त गुप्ता, मानवता एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के पोषक रहे हैं एवं सन 1985 से अखिल विश्व गायत्री परिवार से जुड़े हुए हैं तथा सत्य सनातन धर्म के प्रति उनकी गहरी निष्ठा रही है। विद्या वाचस्पति (डाक्ट्रेट) सम्मान प्राप्त होने पर उनके परिजनों तथा इष्ट मित्रों ने शुभकामनाएं व्यक्त किए हैं।

# पॉवर कंपनी में अनामिका मण्डावी को प्रकाशन अधिकारी का वेतनमान



पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज में पदस्थ सहायक प्रकाशन अधिकारी अनामिका मण्डावी को उच्च वेतनमान स्वीकृत करने का आदेश छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी द्वारा जारी कर किया गया है। वे कार्यालय अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसंपर्क) में ही पदस्थ रह कर अपने पद एवं दायित्व का निर्वाह करेगी। अनामिका मण्डावी छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी में वर्ष 2015 में सहायक प्रकाशन अधिकारी के रूप में चयनित हुई थी। उन्होंने हसदेव ताप विद्युत गृह कोरबा पश्चिम में पदस्थापना के साथ-साथ अपनी सेवाएं प्रारंभ की।

तत्पश्चात् उनकी योग्यता एवं प्रतिभा को देखते हुए उन्हें पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया में पदस्थ किया गया। वे जनसम्पर्क विभाग के अन्य कार्यों के अतिरिक्त मासिक पत्रिका 'संकल्प' में संपादकीय सहयोगी के रूप में संलग्न है। पदोन्नति के पद का वेतनमान मिलने के अवसर पर उनका कार्यालय में अभिनंदन किया गया।

# विप्र फाउंडेशन का शपथ ग्रहण संपन्न, प्रदेश कार्यकारिणी समेत कई जिला अध्यक्षों ने ली शपथ



- शपथ ग्रहण समारोह में जरूरतमंदों को दिए गए व्हील चेयर, वॉकर और जयपुर पैर

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com

विप्र फाउंडेशन की छत्तीसगढ़ कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण राजधानी के वृंदावन हाल में संपन्न हुआ। फाउंडेशन के मुख्य संरक्षक एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष कचरू प्रसाद शर्मा, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष दीपाली शर्मा, जोनल संगठन महामंत्री प्रद्युम्न सारस्वत, महामंत्री राजाबाबू सारस्वत, प्रदेश संयोजक मुल्कराज शर्मा, रायपुर जिला अध्यक्ष अभिषेक शर्मा समेत प्रदेश एवम जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने संगठन हित में काम करने की शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह में जरूरतमंद 6 दिव्यांगजनों को वॉकर, व्हील चेयर और जयपुर पैर भी वितरित किए गए। इस अवसर पर विशेष रूप से सीए राजू शर्मा, चरण शर्मा, सोनाली शर्मा, दीपक शर्मा समेत प्रदेश भर से आए संगठन के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे। फाउंडेशन के विभिन्न प्रकल्पों के प्रचार प्रसार और सहयोग करने की अपील विप्र फाउंडेशन के शिक्षा, कन्या विवाह एवं परशुराम कुंड प्रकल्प के संबंध में सदस्यों को जानकारी दी गई साथ ही उनसे इन सभी प्रकल्पों के प्रचार प्रसार एवं इसमें सहयोग करने की भी अपील की गई।

# डबल इंजन की सरकार में मजदूरों को नहीं मिल रहा योजनाओं का लाभ : सुशील सन्नी अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल सुशील सन्नी अग्रवाल ने कहा कि महज छह माह के कार्यकाल में ही डबल इंजन की सरकार हांफने लगा है। श्रम विभाग की स्थिति बदहाल है। सरकारी तंत्र पर सरकार का नियंत्रण पूरी तरह कमजोर पड़ गया है। अग्रवाल ने कहा कि भाजपा राज में सरकारी विभागों की बदहाली किसी से छुपी नहीं है, वर्तमान में श्रम विभाग का काम धाम भगवान के भरोसे चल रहा है। पिछले 5 महीनों से जिला श्रम विभाग में कई जिलों में श्रम निरीक्षक नहीं होने से श्रमिकों को मिलने वाली बहुत सी योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पा रहा है। श्रमिक पंजीयन से लेकर मजदूर कार्ड बनाने तथा त्रुटि सुधार कार्य के हजारों आवेदन पेंडिंग पड़े हैं। गरीब मजदूर परिवार की महिलाओं को महतारी जतन योजना के अंतर्गत 17368 आवेदन, मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना के अंतर्गत 21821 आवेदन, मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृति योजना के अंतर्गत 33863 आवेदन, मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक आवास सहायता योजना के अंतर्गत 2300 आवेदन, श्रमिक सियान सहायता योजना के अंतर्गत 1200 आवेदन, और सबसे महत्वपूर्ण श्रमिकों के पंजीयन के लगभग 36000 आवेदन वर्तमान में पेंडिंग पड़े हैं। सिलाई मशीन योजना, दीदी ई रिक्शा योजना आदि सहित हजारों आवदेन लंबित पड़े हैं, जिसके कारण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। अग्रवाल ने कहा की छोटी छोटी त्रुटि सुधार के लिए मजदूरों को मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ता हैं। अग्रवाल ने कहा की श्रम विभाग में प्लेसमेंट में कार्य कर रहें कर्मचारियों को सही समय पर वेतन का भुगतान भी यह सरकार नही कर पा रही है जिससे उनका मनोबल गिरा हुआ है। अग्रवाल ने भाजपा की साय सरकार को कोसते हुए कहा कि गरीब मजदूरों के हितों से ट्रबल इंजन सरकार को कोई सरोकार नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सरकारी विभागों के कार्यों में जो कसावट लाई थी, अफसर, कर्मचारियों को सख्त निर्देश देकर तथा दलालों को हटाकर जनता के मन में सरकार के प्रति जो विश्वास जगाया था, वह व्यवस्था भाजपा सरकार के आते ही डगमगा गई हैं। जनता का विश्वास सरकार पर से खत्म हो गया है। आज हर शासकीय दफ्तर में केवल घूसखोरी, कमीशन खोरी, भ्रष्टाचार तथा लूट मची है।

# सर्व ब्राह्मण समाज तथा बेटी बचाओ मंच की निकली भव्य बोल बम कांवर यात्रा

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



ग्यारह पंडितों और धर्म ध्वज लिए शिव भक्तों ने सर्व ब्राह्मण समाज तथा बेटी बचाओ मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा की अगुवाई में समाज, बेटी बचाओ मंच तथा जय मां रणचंडी महिला समिति ने भव्य बोल बम कांवर यात्रा निकाली। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बुढेश्वर महादेव में पूजा अर्चना पश्चात पंडित महेश पांडे ने सभी कांवरियों का मंगल तिलक लगाया। नगर निगम के सभापति प्रमोद दुबे ने धर्मध्वज लहराकर बोल बम के जय घोष तथा ग्यारह पंडितों की शंख ध्वनि के साथ कांवरियों की विदाई दी। कांवर यात्रा की व्यवस्था में जिला अध्यक्ष मुन्ना मिश्रा, कोषाध्यक्ष गिरीश दुबे, जे पी शर्मा, नीरज शर्मा, धनंजय शर्मा, विजयकांत शर्मा, हेमंत तिवारी, सुमित शर्मा, चंदन पांडेय, चंद्रप्रकाश बाजपेई, रत्ना शर्मा, सुधा शर्मा, शारदा मिश्रा, राजकुमार गौतम, ऋषि कुमार, बजरंग ठाकुर तथा यतीश सोनी संभाले हुए थे। यात्रा में शिव नंदी का किरदार निभा रहे कलाकार आकर्षण का केंद्र रहे। सुबह 11:00 बजे बुढेश्वर महादेव से जल लेकर महादेव घाट के लिए कांवरियों का जत्था रवाना हुआ। यात्रा के साथ दो भगवा वस्त्रधारी पंडित दो सफेद घोड़े में सवार चल रहे थे। लाखे नगर चौक में आतिशबाजी कर कांवरियों का स्वागत किया गया। वही चौधरी परिवार तथा शिव शक्ति समिति अश्वनी नगर की ओर से स्वल्पाहार के साथ स्वागत किया गया। कांवरियों का बेटी बचाओ मंच तथा जय मां रणचंडी महिला समिति ने भव्य स्वागत किया तथा यात्रा में शामिल हुए। सुंदर नगर चौक में पार्षद मृत्युंजय दुबे ने स्वागत किया वह फलाहार का वितरण किया। महादेव घाट स्थित हटकेश्वर महादेव में जलाभिषेक तथा शिव आरती व भोजन प्रसादी के साथ कांवर यात्रा का समापन हुआ। यात्रा की खास बात यह रही कि बिना पुलिस व्यवस्था के कार्यकर्ताओं ने ही व्यवस्था ऐसी संभाल रखी थी कि पूरे यात्रा में कहीं कोई यातायात बाधित नहीं हुआ। यात्रा में मुख्य रूप से मुन्ना मिश्रा आशा शर्मा, मल्लिका मिश्रा, प्रियंका पांडे, दिलीप तिवारी, विनीत दुबे, हेमंत तिवारी, वंदना दुबे, बेटी बचाओ मंच की ओर से कृष्णा वर्मा, गीता विश्वकर्मा, इमला ठाकरे, सरला इंग्ले, संतोषी जैतवार, अंजलि ध्रुव, प्रगति रहंगडाले, अमृता पुष्पराज, माला विश्वकर्मा, हिना आडवाणी, प्रमिला निषाद, अंजली यदु, किरण कर्स, रुपा यदु, रीना ठाकुर, जय मां रणचंडी महिला समिति की ओर से ऋषि कुमार, लता छूरा, पूनम कुमार, अनुपमा दीप, निर्मला सागर, रामबाई जगत, पूजा सोनी, आकांक्षा सोनी, जान्हवी।

# 15 अगस्त तक 10 नये विद्युत उपकेंद्र पूर्ण करने के निर्देश

## एमडी डिस्ट्रीब्यूशन ने ली समीक्षा बैठक

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ स्टेट डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीमसिंह ने क्षेत्रीय ईडी, मुख्य अभियंता तथा अन्य मैदानी अघिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक लेकर अनेक महत्वपूर्ण निर्देश दिये। मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय तथा ऊर्जा सचिव एवं स्टेट पॉवर कंपनियों के अध्यक्ष पी.दयानंद के निर्देशानुसार भीमसिंह ने अधोसंरचना विकास परियोजनाओं में तेजी लाने की हिदायत दी। भीमसिंह ने ऑडिट पैरा के निराकरण के कार्य को गंभीरता से नहीं लेने वाले अधिकारीगण को फटकार लगाते हुये कहा कि एक सप्ताह में 70 प्रतिशत राशि की वसूली की जाए। उन्होंने 33/11 केवी क्षमता के उपकेंद्रों के लंबित कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश देते हुये कहा कि 15 अगस्त तक कम से कम 10 नये उपकेन्द्रों का निर्माण पूरा हो जाना चाहिये। जो ठेकेदार समय पर कार्य पूरा करने में कोताही कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए।

# अमित अग्रवाल ने 17वें हुंडई इंडिया कॉउचर वीक में एंटेवोरटा का किया अनावरण

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



अमित अग्रवाल ने 28 जुलाई 2024 को नई दिल्ली के ताज पैलेस में 17वें हुंडई इंडिया कॉउचर वीक में एंटेवोरटा का अनावरण किया। हमेशा जन्म के समय मौजूद रहने वाली भविष्य की रोमन देवी से प्रेरित एंटेवोरटा समय और ब्रह्मांड के बीच सदाबहार संबंध का प्रतीक है इसका कलेक्शन दार्शनिक, पौराणिक, धार्मिक, वैज्ञानिक एवं ब्रह्मांड संबंधी प्रभावों को एक लौकिक कथा के रूप में पिरोता है। एंटेवोरटा पांच विशिष्ट पहचानों के माध्यम से 'समय' की खोज है। इसका कलेक्शन में नए टेक्सटाईल एवं तकनीकों को पेश किया गया है, जो ब्राण्ड के सिगनेचर स्टाइल एवं दृष्टिकोण के साथ सही मायनों में बेजोड़ अनुभव प्रदान करते हैं। हमारे परिधानों की रेंज पारम्परिक फैशन की सीमाओं के परे मानवता के मूल सार को गहराई से दर्शाती है। समय को पांच अलग किंतु एक दूसरे से जुड़े पहलुओं के रूप में देखते हुए, हम फैशन के दायरे से आगे बढ़कर अपना कलेक्शन लेकर आते हैं। हम अपने पार्टनर्स- लैंसकार्ट, नाईन वेस्ट, लोटस मेकअप और इसवारी- के योगदान के लिए उनके आभारी हैं,

# द सॉलिटेयर्स फेस्टिवल ऑफ इंडिया के लिए डिवाइन सॉलिटेयर्स ने अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ मिलाया हाथ

पायनियर संवाददाता ◂ रायपुर
www.dailypioneer.com



डायमंड सॉलिटेयर ज्वैलरी का एक प्रमुख ब्रांड, डिवाइन सॉलिटेयर्स अगस्त के फीके महीने में कुछ चमक बिखेरने के साथ-साथ आने वाले त्यौहारों और शादियों के मौसम की धमाकेदार शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। अब यह ब्रांड 2024 में लगातार तीसरे साल द सॉलिटेयर फेस्टिवल ऑफ इंडिया के साथ भारत में डायमंड सॉलिटेयर के प्रचार-प्रसार के लिए सबसे बड़े आयोजन की शुरुआत करने जा रहा है, और इस बार अभिनेत्री वाणी कपूर ब्रांड एंबेसडर होंगी। वॉर, शुद्ध देसी रोमांस और बेफिक्रे जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर अदाकारा, वाणी कपूर की मौजूदगी से इस साल का यह कार्यक्रम कामयाबी का परचम लहराने वाला है। वाणी अपने साथ स्टार मैजिक का तड़का लेकर आई हैं, जिनके इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 8 मिलियन है। इसमें ज्यादातर भारत के सशक्त युवा शामिल हैं, जो इस साल के कैंपेन को चर्चा का विषय बना देंगे। हर साल आयोजित होने वाला यह फेस्टिवल, इस बार 1 से 31 अगस्त के दौरान 200 से ज्यादा पार्टनर ज्वैलर्स स्टोर्स और https://shop.divinesolitaires.com पर जारी रहेगा, जिसमें भारत के कुछ बेहतरीन हीरा आभूषण निर्माताओं के सॉलिटेयर कलेक्शन पेश किए जाएँगे।

# बासी खादय पदार्थ विनिष्टीकरण, बेचने वालो पर 3900 रूपये का चालान काटा

पायनियर संवाददाता ◂ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



सोमवार को फिर नगर निगम भिलााई के जोन 1 नेहरू नगर अंतर्गत जलजनित मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु अभियान चलाया गया। जिसमें वार्ड क्रं. 17 आकाश गंगा दक्षिण, गंगोत्री क्षेत्र में साफ-सफाई को लेकर प्रतिष्ठानो में जाकर जॉच किये। होटल एवं आईस क्रीमपार्लर में निरीक्षण के दौरान खादय पदार्थ एवं साफ-सफाई सही नहीं पाए जाने पर कार्यवाही की गई। जिसमें मित्तल बिरयानी, नोवेल्टी कुल्फी, आइसक्रीम पार्लर, रॉयल राजस्थानी रेस्टोरेंट, बुडहन खोवा जलेबी, सलोनी स्वीट्स में निरीक्षण के दौरान खादय पदार्थ बासी पाया गया। बासी व बदबूदार खादय पदार्थो को जप्ती बनाकर उसे जमीन में गाड़कर ब्लीचिंग डालकर विनिष्टिकरण किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक पाये जाने पर इन प्रतिष्ठानो से 3900 की चालानी कार्यवाही भी किया गया। कार्यवाही के दौरान उन्हे समझाईस भी दिया गया कि दोबारा बासी खादय पदार्थ बेचते हुए पाये जाने पर उनका गुमशता एवं ट्रेड लाईसेंस कैंसल कर दिया जायेगा। स्वच्छता का ध्यान रखें व सिंगल यूज प्लास्टिक का विक्रय न करे अन्यथा जुर्माना की राशि दोबारा भी काटी जायेगी।

# एक पौधा माँ के नाम अभियान की उड़ा रहे धज्जियां

## डोंगरगांव मेनरोड में सिरिंज व अशोक वृक्ष की कटाई, विद्युत पोल शिफ्टिंग के नाम काटे जा रहे हरे-भरे वृक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

देशभर में इन दिनों एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण अभियान जारी है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य में व्यापक पैमाने में पौधारोपण किये जा रहे हैं। जिला प्रशासन भी पौधारोपण को लेकर बेहद संजीदगी से पौधारोपण में जुटा हुआ है। इसी क्रम में नगर व अंचल में भी पौधारोपण हुए हैं। हालांकि एक वर्ग पौधारोपण के विपरीत पूर्व से ही नगर के मेनरोड किनारे आच्छादित वृक्षों को काट कर अभियान की धज्जियाँ उड़ा रहा है।

दरअसल नगर के मेनरोड में स्थित नगर पंचायत के पुराने भवन के सामने परिसर में सिरिज व अशोक के वृक्ष शोभायमान थे। इन



वृक्षों पर सोमवार को एक स्वार्थी वर्ग की नजर लग गई, और बगैर अनुमति के ही लगभग 4 से 5 लोगों ने मिलकर सिरिंज व अशोक के वृक्ष को काटना प्रारंभ कर दिया। कामगारों ने 2 अशोक वृक्ष को लगभग 7 फिट ऊपर से काट कर ठूठ हालत में छोड़ दिया। वहीं सिरिंज वृक्ष को काटने लगे थे। तभी एक पत्रकार की नजर पड़ गई। इस वाकये को लेकर नगर पंचायत व एसडीएम सहित प्रेस क्लब डोंगरगांव को भी सूचित किया गया। तब एसडीएम ने पटवारी को निर्देशित किया। पटवारी द्वारा पत्रकारों की मौजूदगी में मौके पर पंचनामा तैयार कर प्रतिवेदनएसडीएम को भेजने की बात कही है। हैरत की बात ये है कि नगर में पौधारोपण दरम्यान अपनी फेटो व अखबारों में खबर छपाई को लेकर फिक्रमंद रहने वाले कुछ मौकापरस्तों की वृक्षों की कटाई को लेकर कोई सरोकारिता नही देखी गई।

### प्रेस क्लब ने कराया नगर दर्शन

बज्मे नजर है कि वृक्षों को काटने के दरम्यान प्रेस क्लब के पत्रकार 4 पत्रकार मौके पर पहुंच कर पहले कामगारों को वृक्ष काटने से रोका। तब मौके पर। मौजूद कामगार ने विद्युत विभाग के कहने पर ही पोल शिफ्टिंग के लिए वृक्ष काटने की बात बताई। तब जेई को तलब किया गया। तब रोशन पांडेय नामक व्यक्ति ने स्वयं को विद्युत ठेकेदार का सुपरवाइजर बताया। तब पत्रकारों ने अनुमति दिखाने की बात कही तो अनुमति नही थी। फिर पत्रकारों ने सुपरवाइजर की ऑनस्पॉट ही नगर दर्शन कराकर हेकड़ी निकाल दी।

### वृक्ष कटाई का मामला हुआ सरगर्म

सोमवार को विद्युत विभाग के इशारे पर पोल शिफ्टिंग के नाम बगैर अनुमति हरेभरे वृक्ष काटे जाने की बात उजागर होने के बाद मेनरोड में जमावड़े के दौरान उसी परिसर में ही कुछ माह पुर्व हुए अवैध अशोक वृक्ष की कटाई से लेकर समीप ही स्वास्थ्य विभाग के क्वार्टर हिस्से में पेड़ कटाई की चर्चा होने लगी है। वहीं हालिया दिनों नाथूनवागांव में हरेभरे वृक्षों की कटाई की चर्चा भी सरगर्म है। उल्लेखनीय है कि मेनरोड में सड़क निर्माण दरम्यान 10 से 12 वृक्षों के ही अनुमति की आड़ में 50 से भी अधिक वृक्ष काट देने की पुख्ता खबर है।

वृक्ष कटाई को लेकर विभाग के ईई से बात हुई है। प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उचित कदम उठायेंगे।

**मनोज मरकाम, एसडीएम**

## पूर्व विधायक छन्नी ने किया प्राथमिक शाला का उद्घाटन



**छुरिया।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टीपानगढ़ में प्राथमिक शाला भवन का उद्घाटन पूर्व विधायक छन्नीसाहू के करकमलों से सम्पन्न हुआ। इस मौके पर ग्राम सरपंच ज्ञानेश्वरी साहू, जागेश्वर साहू, इसदेव साहू, वीसंबर साहू, मोहन साहू, अशोक साहू, जीतराम साहू, पीलू राम साहू, जानकी बाई साहू, कला बाई साहू, साधनाबाई साहू, शिक्षक हरेंद्र साहू, सचिव बुद्धू राम श्रीवास, पूर्व सरपंच संतरामकोर्राम आदि उपस्थित रहें।

## एकलव्य विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव।** जिले में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए लगातार कार्यक्रमों का आयोजन कर पौधरोपण किया जा रहा है। सभी शासकीय कार्यालयों व भवनों, स्कूल, कालेज, छात्रावास सहित निजी संस्थानों में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया जा रहा है। जिसमें नागरिक उत्साहपूर्वक हिस्सा ले रहे हैं। इस कड़ी में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राजनांदगांव में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत बच्चों एवं शिक्षकों द्वारा 150 फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया और पौधों के संरक्षण एवं देखरेख की जिम्मेदारी भी ली। बच्चों को बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यह है कि हर व्यक्ति अपनी माँ के नाम पर एक पेड़ लगाए तथा भावनात्मक जुड़ाव के साथ जनसामान्य को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर अमिय श्रीवास्तव सहित स्कूल के शिक्षका एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जिले में अब तक औसत 638.4 मिमी वर्षा दर्ज

*घुमका तहसील में हुई सर्वाधिक 69.5मिमी वर्षा*

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2024 से अब तक औसत 638.4 मिमी बारिश रिकार्ड की गई है। जिले के सभी 7 तहसीलों में पिछले 24 घण्टों में औसत 37मिमी बारिश हुई। सर्वाधिक वर्षा घुमका तहसील में 69.5 मिमी दर्ज की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार पिछले 24 घण्टों में डोंगरगढ़ तहसील में 28 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 21.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 72.6 मिमी, घुमका तहसील में 69.5 मिमी, छुरिया तहसील में 17.7 मिमी, कुमरदा तहसील में 27 मिमी एवं डोंगरगांव तहसील में 22.5 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## पेरिस जाएंगे फिरोज, ओलंपिक में शामिल होंगे



**राजनांदगांव।** पेरिस ओलंपिक में हॉकी इंडिया पर्यवेक्षक के रूप में छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी हिस्सा लेंगे। मिली जानकारी के अनुसार 26 जुलाई से पेरिस में शुरू हुई पेरिस ओलंपिक में भारतीय हॉकी दल भी अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने पेरिस पहुंच गया है। जिसमें संस्कारधानी के साथ ही छत्तीसगढ़ के लिए भी गौरव की बात है कि हॉकी इंडिया ने छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष एवं हॉकी इंडिया नई दिल्ली के सह-सचिव फिरोज अंसारी को हॉकी इंडिया के पर्यवेक्षक के रूप में शामिल किया है। अंसारी के पर्यवेक्षक के रूप में भाग लेने पर हॉकी नर्सरी के खेलप्रेमियों के साथ ही छत्तीसगढ़ के समस्त हॉकी प्रेमियों एवं खिलाडियों में हर्ष का माहौल है। अंसारी 30 जुलाई को पेरिस के लिए रवाना होंगे। इसके पूर्व अंसारी 2012 में लंदन ओलंपिक, 2014 में पुरूष वर्ल्ड कप हॉलैण्ड, 2018 में महिला वर्ल्ड कप, 2018 में रियोओलंपिक व 2023 मंड 19वीं एशियन गेम्स हंगुजू (चाईना) में भी पर्यवेक्षक के रूप में भाग ले चुके हैं। अंसारी को इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेवसॉय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, खेल मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने बधाई दी।

## अनुपूरक बजट में नांदगांव जिले को मिली 3 बड़ी सौगात

*पूर्व सांसद यादव ने जताया आभार*



**राजनांदगांव।** अनुपूरक बजट में राजनांदगांव जिले के विकास के लिए किए गए 3 प्रमुख प्रावधानों में संस्कारधानी के गौरवपथ में लाईब्रेरी निर्माण कार्य सहित धर्मनगरीडोंगरगढ़ में रिंग रोड (बाईपास मार्ग) निर्माण कार्य एवं परिक्रमा पथ मार्ग निर्माण कार्य शामिल है। पूर्व सांसद यादव ने इन तीनों सौगातों के लिए राजनांदगांव जिले की जनता की ओर से मुख्यमंत्री विष्णुदेवसाय, छग विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, वित्तमंत्री ओपी चौधरी को धन्यवाद देते सभी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन में राजनांदगांव जिले से किए गए उपेक्षापूर्ण सौतेले व्यवहार के कारण इस क्षेत्र की विकास की गति पर विराम लग गया था, किन्तु भाजपा शासन के अनुपूरक बजट में इसे पुनः गति प्रदान करने का सराहनीय प्रयास किया गया है।

## भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा निकली



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

भगवान चंद्रमौलेश्वर की पालकी यात्रा आज बसंतपुर क्लब हाउस से निकली। यात्रा दोपहर 02 बजे शुरु होकर महामाया चौक, प्रभात नगर होते हुए हेमूकलाणी नगर, लालबाग सिंधी कॉलोनी स्थित शिव मंदिर पहुंची जहां यात्रा ने विश्राम लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो। जगह-जगह पर यात्रा का स्वागत किया गया वे चंद्रमौलेश्वर के दशज़्न लोगों को मिले। यात्रा में



विभिन्न वेशभूषा में शिवगण का रुप धरे लोग भी शामिल हुए जो आकषज़्ण का केंद्र रहे। इस दौरान मां काली की वेशभूषा में मौजूद कलाकर ने भी अपनी ओर ध्यान खींचा।

## श्रावणमास में शिवनाथ नदी तक भक्त कांवड़ यात्रा

### जितेंद्रिय महादेव एवं महाकाल मंदिर में श्रावण भक्ति

### नगर के शिवालयों में गुंजायमान हुआ जय महाकाल

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

महाकाल की आराधना का पावन मास श्रावण में नगर सहित अंचल शिवभक्ति में डूब गया है। शिवमंदिरों में जलाभिषेक के लिए विशेषकर महिलाओं की कतार देखी जा रही है। नगर के जितेंद्रिय महादेव मंदिर में महाभिषेक तथा महाकाल मंदिर में श्रावण मास की दिनभर विशेष आराधना, महाआरती एवं प्रति सोमवार कांवड़ यात्रा से नगर में धर्म की बयार प्रवाहित हो रही है। उल्लेखनीय है कि श्रावण मास में शिव आराधना अपने चरम पर पहुंच गया है। प्रथम सोमवार के उपरांत द्वितीय सोमवार को भी शिवालयों में जलाभिषेक के लिए दिनभर हुजूम लगा था। नगर के साकेतधाम परिसर में स्थित महाकाल मंदिर में रोजाना प्रातःसंध्या बेला में ढोल, ताशा व



डमरू के साथ दिनभर महाकाल की स्तुति सहित प्रति सोमवार साकेत धाम से शिवनाथ नदी तक कांवड़ यात्रा जारी है। वहीं मटियावार्ड आजाद चौक में स्थित प्राचीन जितेंद्रिय महादेव मंदिर में इन दिनों श्रावण मास पर विशेष महारुद्राभिषेक जारी है। इनके अलावा श्रावण मास में नगर के मटियावार्ड स्थित प्राचीन शिव मंदिर, रेस्ट हाउस के सामने शिव मंदिर व बिजली ऑफिस परिसर स्थित शिव मंदिर में दिनभर हर हर महादेव गुंजायमान हो रहा है।

### महाकाल मंदिर से कांवड़ यात्रा

साकेत धाम स्थित महाकाल मंदिर से श्रावण मास में प्रति सोमवार कांवड़ यात्रा प्रारंभ की गई है। श्रावण मास के प्रथम तथा द्वितीय सोमवार को भक्तों ने साकेतधाम से मटियावार्ड होते हुए शिवनाथ नदी तक कांवड़ यात्रा की। मन्दिर समिति ने बताया कि प्रति सोमवार कांवड़ यात्रा के अलावा 10 अगस्त शनिवार को बाबा चंद्रमौलेश्वर की यात्रा निकाली जायेगी।

## सुनसान इलाके और अड्डेबाजी पर पुलिस की कार्रवाई



पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्गके निर्देश पर जिले भर में सुनसान इलाके और अड्डेबाजी पर पुलिस की कार्रवाई जारी है। अपराधों की रोकथामसहित सुरक्षा व शांति व्यवस्था के मद्देनजर शहर के गली मोहल्लों, चौक चौराहों व कालोनियों में देर रात तक पुलिस की पेट्रोलिंगजारी है।

शहर भ्रमण के दौरान संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। गुंडा-बदमाशपर सतत् निगाह रखने व प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। सुनसान एरिया व अड्डेबाजी एरिया पर पुलिस गश्त के दौरान चार पहिया वाहन एवं मोटर सायकल से घूमते आवारागर्दी करते लड़कों निगरानी बदमाश व असामाजिक तत्वों को रोक कर पूछताछ एवं तलाशी ली गई। अनावश्यक घुमने वाले मंचलों को रात्रि में घर पर रहने की समझाईश दी गई। इसी प्रकार जिले के सभी अनुविभाग/थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारी अपने दलबल के साथ वाहनों के साथ सुनसान एरिया व अड्डेबाजीएरिया पर पुलिस द्वारा गश्त कर कार्रवाई कर रहे हैं।

## मप्र ने दोनों वर्ग में महाराष्ट्र को हराया, वेस्ट जोन की बनी चैम्पियन

### छत्तीसगढ़ ने जीता कांस्य पदक, द्वितीय हॉकी इंडिया वेस्ट जोन का समापन

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मध्यप्रदेश की बालिकाओं ने रविवार को फाईनल मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट में महाराष्ट्र को 5-4 गोल और बालक वर्ग में भी मध्यप्रदेश ने महाराष्ट्र को 6-4 गोल से पराजित करते हॉकी इंडिया द्वारा आयोजित द्वितीय वेस्ट जोन जूनियर बालक-बालिका वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर चैम्पियनशिप पर कब्जा किया। वहीं महाराष्ट्र को रजत पदक पर संतोष करना पड़ा। तीसरे व चौथे स्थान के लिए खेले गए मैच में मेजबान छत्तीसगढ़ ने राजस्थान को हराकर दोनों वर्ग में कांस्य पदक जीता। स्पर्धा का पुरस्कार वितरण राजनांदगांव सांसद, पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह समेत असुंता लकरा, राजेश जैन, फिरोज अंसारी, अकरम खान के आतिथ्य व शिवनारायाण धकेता, गणेश प्रसाद शर्मा, रमेश डाकलिया, कुतबुद्दीन सोलंकी, नीलमचंद जैन, प्रकाश शर्मा, अजय झा, रामअवतार जोशी, ऑशा थॉमस, अनुराज श्रीवास्तव, प्रिंसभाटिया, रणविजय प्रताप सिंह, मृणाल चौबे की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। फाईनल




मैच का प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार मध्यप्रदेश की गोल की पर संजू शाही, बालक वर्ग में तुषार परमार को प्रदान किया।

प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण करते अतिथियों ने दोनों ही वर्ग के विजेता टीम मध्यप्रदेश को स्वर्ण पदक व आर्कषक ट्रॉफी, उपविजेता टीम महाराष्ट्र को रजत पदक व ट्रॉफी एवं मेजबान छत्तीसगढ़ को कांस्य पदक व ट्रॉफी प्रदान की गई। समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में भूषण सॉव, ज्ञानचंद जैन, शिवा चौबे, योगेश द्विवेदी, घनश्याम प्रसाद, हनिफ कुरैशी, बबिता लिल्हारे, हेमु सोनी, शकिलअहमद, सचिन खोब्रागढे, अभिनव मिश्रा, खेमराजसिन्हा, आशिष सिन्हा, खुशाल यादव, चन्द्रहास साहू, अनिश, विष्णु सिन्हा, अनिश अहमद, नियज खान, एम. रवि रॉव, किशोर धीवर, राजेशनिर्मलकर, तौफिक अहमद, सुखदेव निर्मलकर, कृष्णा यादव, प्रितम प्रजापति, फरहान, शब्बीर हैदरी, दीपक यादव, लक्ष्मण यादव सहित तकनीकी अधिकारी व निर्णायकगण उपस्थित थे। समापन समारोह का संचालन मृणाल चौबे व आभार प्रदर्शन शिवनारायाण धकेता ने किया।

## मानपुर पहुंचने से पहले ही रास्ते में दम तोड़ा

### दीवार ढही, मलबे में दबने से वृद्ध की मौत, सड़क मार्ग बंद होने के चलते समय पर नहीं पहुंच सके अस्पताल

पायनियर संवाददाता ◄ मोहला-मानपुर
www.dailypioneer.com

औंधी इलाके के गांव राजकट्टा में वृद्ध पर दीवार गिर गई। मलबे में दबने से घायल हुआ व्यक्ति ने ईलाज के लिए ले जाए जाने के दौरान रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक क्षेत्र की नेता कंचनमाला भुआर्य के रिश्तेदार हैं। दूसरी ओर नेशनल हाइवे के बंद होने के चलते घायल को मानपुर लाए जाने में भी देरी हुई। इसी बीच उन्होंने दम तोड़ा।

मृतक की परिजन कंचनमाला भूआर्यने घटना के संदर्भ में बताया कि, मृतक झाडू राम भुआर्य आज सुबह तकरीबन 8 बजे जब वे घर के पिछले हिस्से में हाथ-मुंह धो रहे थे उसी दौरान मिट्टी की दीवार उनके ऊपर गिर गई। जब परिजनों ने देखा तो उनका पूरा शरीर मलबे में दबा हुआ था। आनन फानन में उन्हें



औंधी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां से उन्हें मानपुर अस्पताल के लिए रेफर किया गया था। उनकी स्थिति गंभीर थी। हम उन्हें मानपुर लेकर जा ही रहे थे कि उनकी सांसे थम गई। औंधी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के बाद परिजनों को मरीज को मानपुर लेकर आने के लिए लंबा रास्ता तय करना पड़ा। दरअसल, तकरीबन एक सप्ताह से नेशनल हाइवे 930 ठप पड़ा हुआ है। यहां कई पुल-पुलियों का निर्माण अधूरा है जबकि मानपुर से कोहका के बीच दो एप्रोच रोड बह चुकी है। घायल ग्रामीण को नेशनल हाइवे में आवागमन बंद होने के चलते अतिरिक्त लंबी दूरी तय कर औंधी से सीतागांव-मदनवाड़ा होते हुए मानपुर के रास्ते राजनांदगांव ले जाया जा रहा था।

### कोरकोट्टी, कोंडाल में एप्रोच रोड बहाल नहीं

यदि नेशनल हाइवे बहाल होती तो घायल को सीता गांव मदनवाड़ा होते हुए लंबी दूरी वाले जर्जर मार्ग से न ले जाकर हाइवे से ले जाया जाता। ऐसे में कम से कम समय में मानपुर पहुंच जाते। और हालत बिगड़ने की स्थिति में राजनांदगांव जाने से पहले मानपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज मिल सकता था। संभवतः जान बच जाती। मानपुर में 108 भी मिल सकता था। जिसमे अक्सीजन सुविधा के साथ राजनांदगांव ले जाया जा सकता था। औंधी में 108 उपलब्ध नहीं होने के चलते निजी वाहन में ले जाया जा रहा था। कोहका से मानपुर के बीच कोरकोट्टी, कोंडाल में एप्रोच रोड बहने के चलते ये हालात बने हैं। प्रशासन ने यह रुट डायवर्ट किया हुआ है।

## 20 लाख कर्ज, इसलिए एटीएम लूट की योजना बनाई

**राजनांदगांव।** रविवार - सोमवार की दरम्यानी रात सोमनी में एटीएम से चारी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि युवक शटर तोड़ने के बाद एटीएम को तोड़ पाने का प्रयास कर रहा था लेकिन वह



पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक

असफल रहा। इस बीच ही पुलिस टीम ने उसे मौके से भागने के दौरान दबोच लिया। आरोपी घटना कारित करने के लिए महाराष्ट्र से मोटरसायकल में यहां पहुंचा था। पुलिस ने बताया कि घटना 28 - 29 जुलाई की रात तकरीबन 02.45 बजे की है। ग्रामीणों ने जानकारी दी कि एक युवक शटर तोड़ने के बाद बैंक ऑफ बडौदाके एटीएम को तोड़ने का प्रयास कर रहा है। तत्काल सोमनी पुलिस की टीम मौके की ओर रवाना हुई। इस मामले में महाराष्ट्र निवासी आरोपी स्वपनिल मंगर (23) को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने बताया गया कि वह बैल दौड में करीबन 20लाख रुपए हार चुका है। कर्ज से परेशान होकर उसने बड़ी घटना की योजना बनाई थी। सोमनी पुलिस ने आरोपी स्वपनिल को मौके पर पकड़कर उसके कब्जे से लोहा कटर मशीन, वायर कटर, पेचकश व पाना पेंचिस तथा प्लासजब्त किया है। पुलिस ने बताया कि एटीएम को तोड़-फोड़ करने से लाखोंरूपये का नुकसान हुआ है। प्रकरण में आरोपी के विरूद्ध धारा-331 (4),324(4),305 (ई), 62 बीएनएस कायम कर जांच कार्यवाही में लिया गया।

## खरपतवार नाशक में घरेलू शैंपू या चिपको मिलाकर छिडक़ाव करें : अशोक चौधरी

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने जारी विज्ञप्ति में कहा कि धान की बुवाई के बाद लगातार सूखने के कारण खरपतवार की अधिकता हो गई है। इसके बाद पिछले 10 दिनों से लगातार वर्षा के कारण खरपतवार नाशक दवाई का छिडक़ाव नहीं हो पाया है। धान की बुवाई एक महीने से अधिक होने के कारण खरपतवार नाशक डालना आवश्यक हो गया है। ऐसे में समय को देखते हुए जब वर्षा नहीं हो रही हो, तब खरपतवार नाशक में घरेलू शैंपू अथवा चिपको मिलकर दवाई का छिडक़ाव करना चाहिए, ताकि वर्षा होने पर भी खरपतवार नाशक पौधों में चिपका रहे किसान कॉल सेंटर दिल्ली के मौसम विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि आगामी 2 अगस्त तक हल्की से मध्यम वर्षा राजनांदगांव जिले में होने की संभावना है, इसलिए किसान भाई मौसम का ध्यान रखते दवाई का छिडक़ाव करें।

चौधरी ने कहा कि किसानों को खरपतवार नाशक दवाई छींटने के लिए साफपानी का उपयोग करना चाहिए, क्योंकि खेत में जमे हुए मटमैला पानी के उपयोग से खरपतवार नाशक दवाई मिट्टी के संपर्क में आने से अपना प्रभाव खत्म कर लेता है, इसलिए कुआं -बोरिंग के पानी का उपयोग करना किसानों के लिए फायदेमंद हो सकता है। किसान नेता अशोक चौधरी ने बताया कि फसल में तना छेदक का उपचार करने का समय भी यही है, अपने कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर अथवा किसान कॉल सेंटर जिसका नंबर 1551 है, चर्चा करके उसका छिडक़ाव भी कर लेना चाहिए, तना छेदक का कीड़ा अभी ही फसल में लग जाता है और बाद में वह फसल को नुकसान करता है, उसे समय दवाई छींटने का ज्यादा लाभ नहीं हो पता। अतः किसान भाई अपने फसल के लिए इसकी चिंता भी कर लें।

# गीतों और रंगों के अनूठे संयोजन के साथ 120 कलाकारों ने बताए नारी के मनोभाव

## कृष्ण प्रिया कथा केंद्र की 'घुंघरुओं का सफर' श्रृंखला में हुआ नृत्य नाटिका 'नायिका' का मंचन

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई
www.dailypioneer.com



कृष्ण प्रिया कथा केंद्र दुर्ग भिलाई की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुति 'घुंघरुओं का सफर' श्रृंखला के अंतर्गत नृत्य नाटिका 'नायिका' का मंचन 28 जुलाई रविवार की शाम महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में हुआ। दर्शकों से खचाखच भरे हॉल में कथक शैली में गीत-संगीत के साथ अनूठा नृत्य संयोजन देख लोग वाह-वाह कर उठे। शुरूआत में केंद्र की संचालक उपासना तिवारी ने सभी दर्शकों का अभिनंदन करते हुए अपने केंद्र के अब तक के 29 साल के सफर की उपलब्धियां बताईं। दीप प्रज्ज्वलन डॉ. ममता शुक्ला, डॉ. सुधीर शुक्ला डॉ. आलोक दीक्षित और प्रभंजय चतुर्वेदी ने किया। वंदना से शुरुआत हुई और इसके बाद बच्चों ने 'पुष्पांजलि' के अंतर्गत कथक की प्रस्तुति भी दी। नृत्य नाटिका 'नायिका' में प्राचीन कालीन नाट्यशास्त्र में भरत मुनि द्वारा वर्णित अष्ट नायिकाओं के व्यवहार और प्रकार को मंच पर दर्शाया गया। 10 वर्ष से 24 वर्ष की आयु के 120 कलाकारों ने नारी के मनोभावों और उसके प्रेम के विभिन्न चरणों को पार्श्व में बज रहे गीतों और रंगों के संयोजन के साथ बेहद खूबसूरती से पेश किया। इसका लेखन व निर्देशन स्वयं उपासना तिवारी का था। संगीत संयोजन रविंद्र कर्मकार,वी के सुंदरेश संगीत, बिन्नी पॉल मिक्सिंग, सौमेंद्र फड़के, घुंघरू का स्वर जितेंद्र मानिकपुरी, बिंदिया का स्वर उपासना तिवारी, कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर दिव्या राहटगांवकर, सेजल चौधरी, नीलिमा वासनिक, सहयोगी अवनी अग्रवाल, देविका दीक्षित और एलईडी ग्राफिक्स सेजल चौधरी थे।

**'घुंघरू' और 'बिंदिया' के बीच संवाद के साथ गीतों का सामंजस्य**-नृत्य नाटिका 'नायिका' में कलाकारों ने शास्त्रीय कथानक के साथ गीतों का अनूठा सामंजस्य दर्शकों के सामने पेश किया। कथानक के अनुसार 'घुंघरू' और 'बिंदिया' के बीच प्रेम को लेकर संवाद होता है। जिसमें 'घुंघरू' ईश्वरीय प्रेम में विश्वास रखता है, जबकि 'बिंदिया' सांसारिक प्रेम को ही सब कुछ मानती है। दोनों के बीच परस्पर संवाद होता है। इनके साथ-साथ भरतमुनि द्वारा वर्णित नायिकाएं अपने-अपने स्वरूप में मंच पर आती है। प्रत्येक नायिका की कहानी के साथ गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति होती है। इनमें मोसे छल किए जाए, आज जाने की ज़िद न करो, आओ बलमा चौदहवीं शब् को कहाँ चांद कोई खिलता है और इन आँखों की मस्ती के जैसे अनूठे नृत्य संयोजन वाले गीतों को शामिल किया गया था। अंत में 'घुंघरू' कहता है कि मैं अनंत प्रेम का उपासक हूं जो सद, चित और आनंद है। इस पर 'बिंदिया' सूफी प्रेम की ओर ले जाती हूं। इस दौरान सकल बन फूल रही सरसों गीत के साथ नृत्य नाटिका का समापन होता है।

# बैकुंठ से सेंचुरी मोड़ जाने वाली सड़क काफी जर्जर

## बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



क्षेत्र के बैकुंठ से सेंचुरी मोड़ जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। सड़क की इस स्थिति से बहेसर नागरिक खासे नाराज हैं। कई बार प्लांट के संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाया है गांव-गांव में आवागमन के साधन के लिए सड़कें बनाई जा रहीं हैं। पर देख रेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते सड़कें पहले ही जर्जर हो रही हैं। ये सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर हो जाती है। बैकुंठ से बहेसर होते सेंचुरी मोड़ को जोड़ने वाली सड़क काफी इंतजार के बाद बनी थी। ग्रामीणों ने बताया कि बीच में करीब 5 से 6 किलोमीटर की सड़क का काम काफी सालों से अटका हुआ था। काफी मांग के बाद सड़क का निर्माण पूरा हुआ था। पर बनने के कुछ ही महीनों बाद सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी। वर्तमान में इस सड़क की हालत यह है कि कई स्थानों पर सड़क है या नहीं, इसका पता ही नहीं चलता। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। यह सड़क आने जाने वाले राहगीर के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इस मार्ग पर प्रतिदिन वाहनों का आवागमन होता रहता है। और आपको बता दें कि स्कूल भी यहीं सड़क से लगभग 50 मीटर की दूरी में संचालित है, जिसमें बच्चे यहीं जर्जर सड़क का सामना कर के स्कूल के लिए प्रस्थान करते हैं, जिसमें बच्चों को भी जर्जर सड़क से हादसा होने की भी सभावना बनी रहती है।

# शासकीय महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ सरायपाली
www.dailypioneer.com




स्व. राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में को प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा प्राचार्य . पी. के. भोई के निर्देशन व के. एस. पटेल (प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष) के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन किया गया।उक्त कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष के एस पटेल द्वारा बाघों के संरक्षण की आवश्यकता और उनकी घटती हुई संख्या के कारणों पर विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने बाघों के संरक्षण हेतु कई महत्वपूर्ण उपाय भी बताए। कार्यक्रम में प्राणीशास्त्र परिषद के विद्यार्थियों ने भी बाघों के संरक्षण पर अपने विचार प्रस्तुत किए और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। प्राचार्य पी. के. भोई ने अपने संबोधन में कहा, बाघ हमारे पर्यावरण का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इनके संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने छात्रों को बाघों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और इस दिशा में सक्रिय भागीदारी करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में एक शपथ समारोह आयोजित किया गया जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने बाघों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्धता जताई। इस दौरान सभी को बाघों के संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने और उनके प्राकृतिक आवास को सुरक्षित रखने का संकल्प दिलाया गया।उपरोक्त जानकारी प्राणीशास्त्र परिषद के मीडिया प्रभारी प्रताप दास ने दी।

# छात्रावास अधीक्षको की बैठक लेकर आश्रम और छात्रावास में खान पान रहन सहन पढ़ाई लिखाई की समूचित व्यवस्था के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ गरियाबंद
www.dailypioneer.com



बरसात को मद्देनजर कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के आश्रम एवं छात्रावास अधीक्षकों की बैठक ली। उन्होंने आश्रम - छात्रावासों में बच्चों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करते हुए उनके रहने और पढ़ने का बेहतर माहौल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधीक्षकों को छात्रावास में स्वयं सभ्य, मृदुशील एवं आकर्षक व्यक्तित्व के साथ रहने के निर्देश दिए, जिससे बच्चों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। बच्चे सभ्य जीवन शैली के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि आश्रम-छात्रावासों में बच्चों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए अधीक्षकगण समर्पित भाव से रूचि लेकर कार्य करें। समय सारणी बनाकर उनका अनुपालन सुनिश्चित करवाएं। कलेक्टर ने कहा की आदर्श छात्रावास के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्रावास को 26 जनवरी को पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने सभी सुविधाओं को बेहतर कर आदर्श छात्रावास प्रतियोगिता में शामिल होने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि छात्रावास में सफाई सफाई व्यवस्था बनाएं रखे। सभी कमरों के अलावा परिसर को भी स्वच्छ रखे। बरसात के मौसम के मद्देनजर परिसर में जल भराव न होने दे। जिससे मच्छर, मक्खी एवं गंदगी का खतरा नहीं रहेगा। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच कराएं। आवश्यकतानुसार मलेरिया जांच एवं दवाइयों का वितरण कराएं। साथ ही छात्रावासों में गुणवत्ता पूर्ण खाद्य सामग्रियों का उपयोग करें। कलेक्टर ने खाद्य पदार्थों का व्यवस्थित भंडारण भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग श्री नवीन भगत सहित सहायक संचालक, मंडल संयोजक एवं आश्रम छात्रावासों के अधीक्षक गण मौजूद रहे बैठक में कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि बच्चों के बेहतर विकास के लिए छात्रावासों में शासन द्वारा सभी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने अधीक्षकों से छात्रावास में पर्याप्त भवन, बिजली, पानी, शौचालय, भोजन, बेड, गद्दा एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों की जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मीनु के अनुसार ताजा और गरम भोजन देने के लिए कहा। इसके अलावा छात्रावास आश्रमों के रखरखाव, शिष्यवृत्ति, खाद्यान्न भंडारण एवं रखरखाव के संबंध में जानकारी लेकर सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी कन्या आश्रमों में सुरक्षा की दृष्टि से महिला सुरक्षा कर्मचारी की नियुक्ति, चौकीदार एवं अहाता निर्माण की जानकारी ली। उन्होंने भवनों की स्थिति, मरम्मत की आवश्यकता एवं रंग रोगन की जानकारी ली। कलेक्टर ने छात्रावास परिसर में जर्जर भवनों का उपयोग नही करने एवं नियमानुसार उन्हें डिस्मेंटल कराने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास में पढ़ाई लिखाई के साथ खेलकूद एवं अन्य उपयोगी गतिविधियों की सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही परिसर के खाली जगहों पर वृक्षारोपण एवं बागवानी अंतर्गत फलदार पौधों का रोपण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने आश्रम छात्रावासों में बच्चों के परिजनों को ही नियमानुसार बच्चों से मिलने देने एवं बाहरी व्यक्तियों को प्रवेश नही देने के भी निर्देश दिए।

# जिले कई ग्रामों में अवैध महुआ शराब बिक्री

पायनियर संवाददाता ◄ महासमुंद
www.dailypioneer.com

कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि महासमुंद जिले कई ग्रामों में अवैध महुआ शराब बिक्री भाजपा शासन आने के बाद फल फूल रही है अवैध शराब बिक्री आबकारी और पुलिस प्रशासन के संरक्षण में कई ग्रामों में किया जा रहा है जिसका नतीजा है आज महासमुंद जिले में दो शराबी पिताओं की शर्मनाक हरकत सामने आया है एक ने पुत्र की हत्या की, दूसरे ने बेटी से अनाचार पिथौरा, क्षेत्र में एक पिता ने नशे में अपने ही पुत्र की हत्या कर दी वही एक अन्य पिता ने नशे में अपनी ही पुत्री को अनाचार का शिकार बना दिया।दोनों ही मामलों में जिस तरह दोनों पिताओं ने अपने ही सगे पुत्र पुत्रियों के साथ हरकत की इसकी जिम्मेदार शराब को ही माना जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार का दिन दो शराबी पिताओं की घटिया करतूत का रहा।पहली घटना पिथौरा नगर के समीप स्थित ग्राम पंचायत भिथिडीह ।के कमारो के ग्राम कमारपारा की है।यहां का निवासी दीवान कमार (55) प्रतिदिन की तरहः क्षेत्र में आसानी से उपलब्ध शराब पी कर आपस मे पति पत्नी एवम पुत्र लड़ाई कर रहे है।इस बीच दीवान की पत्नी अपने पुत्र राजू कमार (22) को घर मे छोड़कर खुद समीप के ग्राम चरौदा में आयोजित रथयात्रा घूमने चली गयी।पत्नी के जाने के बाद पिता दीवान एवम पुत्र राजू पुनः लड़ने लगे इस लड़ाई में पिता दीवान ने अपने पुत्र राजू के सीने पर धारदार हथियार से वार कर दिया।जिससे राजू की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दूसरी घटना में एक शराब पीकर धुत्त पिता ने अपनी ही नाबालिग पुत्री को अपनी हवस का शिकार बना लिया।घटना के बारे में बताया जा रहा है कि क्षेत्र का निवासी एक व्यक्ति अपनी पुत्री को लेने गया था।अपनी 13 वर्षीय नाबालिग मासूम पुत्री पर शराब के नशे में धुत पिता की नीयत खराब हो गयी और उसने कोमाखान के समीप अनाचार की घटना को अंजाम दिया।डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा कि शराब ने बर्बाद की दो जिंदगियां। उक्त दोनों घटनाओं में अनेक समानताएं है।दोनों ही घटनाओं के आरोपी पिता ही है जिन्होंने अपने ही पाल पोसकर बड़े किये बच्चों पर शर्मनाक अत्याचार किये।माना जा रहा है कि उक्त घटनाओ का मुख्य कारण शराब का नशा ही है।यदि दोनों आरोपी पिता पर शराब हावी नही होती तो शायद ये घटनाएं भी नही होती। अगर पुलिस प्रशासन और आबकारी विभाग गांवो में बिक रही अवैध शराब पर लगाम लगाती तो इस प्रकार की घटनाएं नही घटती लेकिन अवैध शराब बिक्री पर भाजपा शासन और जिला प्रशासन गंभीर नहीं है।

# संसद में यात्री ट्रेनों की सुविधाएं बढ़ाने सांसद ने उठाया मुद्दा

- बंद पड़ी ट्रेनों व नए ट्रेनों को चलाने रेल मंत्री से की मांग
- लदान साथ-साथ और यात्री ट्रेनों की दुर्दशा पर उठाए सवाल

पायनियर संवाददाता ◄ मनेन्द्रगढ
www.dailypioneer.com



कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत ने सोमवार को संसद के मानसून बजट सत्र के दौरान कोरबा संसदीय क्षेत्र की रेल सुविधाओं को लेकर शून्य काल में मुद्दा उठाया और बंद पड़ी ट्रेनों और नई ट्रेनों को चलाने के साथ-साथ यात्री ट्रेनों और स्टेशनों का कार्य प्रगति से कराए जाने को लेकर सवाल उठाए। सांसद ज्योत्सना महंत ने शून्य काल में कहा कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाला कोरबा जिला रेलवे को सर्वाधिक राजस्व देता आया है और दे रहा है लेकिन यात्री सुविधाओं के मामले में कोरबा संसदीय क्षेत्र को उपेक्षित रखा गया है। सांसद ने कहा कि कोरबा से चलने वाली यात्री ट्रेनों की लेट-लतीफी और ट्रेनों के रद्द होने से यात्री बेहद परेशान हैं। कोरबा से लंबी दूरी की यात्री ट्रेनों को चलाने के लिए रेल मंत्री को पत्रों के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है। बावजूद कोरबा यात्री सुविधाओं को लेकर अपने आप को ठगा महसूस कर रहा है। कोरबा रेलवे स्टेशन का उन्नयन कार्य में प्रगति लाने के साथ-साथ, कोरबा पश्चिम क्षेत्र को जोडने वाली गेवरा रेलवे स्टेशन में यात्री ट्रेन व सुविधा शून्य के समान है। कोरबा-गेवरा रोड यात्री ट्रेन पुनः परिचालन किया जाए, कोरबा स्टेशन में पिट लाईन लाईन चालू किया जाए। नई यात्री ट्रेनों को चलाने के संबंध में सांसद ने कहा कि बीकानेर-कोरबा-बीकानेर द्विसाप्ताहिक खाटू श्यामजी एक्सप्रेस व्हाया चुरू, फतेहपुर शेखावटी, रींगस, जयपुर, कोटा, कटनी एवं बिलासपुर, कोरबा-राउरकेला-कोरबा इंटरसिटी एक्सप्रेस व्हाया चांपा बाईपास, कोरबा से रायगढ़ रूट पर ट्रेन चलाई जाए, तिरूपति-बिलासपुर-तिरूपति को विस्तार कोरबा तक किया जाए जो बिलासपुर में लगभग 32 घंटे तक खड़ी रहती है, छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का गेवरारोड/कोरबा तक विस्तार किया जाए। कोरबा संसदीय क्षेत्र के रेलवे स्टेशनों में सुविधा बढ़ाने को लेकर बार-बार अवगत कराने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कोरबा संसदीय क्षेत्र का दूसरा हिस्सा एमसीबी जिले में भी यात्री सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपे गए हैं, जिसमें प्रमुख रूप से अंबिकापुर से दिल्ली तक सप्ताह में एक दिन ट्रेन चलाई जा रही है जिसे कम से कम तीन दिन किया जाए, रायपुर-अंबिकापुर ट्रेन का स्टापेज बढ़ाने के साथ-साथ इस ट्रेन को रात्रि के साथ-साथ सुबह भी चलाया जाए, अंबिकापुर-दुर्ग यात्री ट्रेन को नागपुर तक चलाये जाने की आवश्यकता है।

# नवनिर्मित सांस्कृतिक भवन सुरखी रोड भाटापारा मे बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com



सर्व आदिवासी समाज ब्लॉक इकाई भाटापारा का गठन 27/07/24, दिन शनिवार, स्थान- नवनिर्मित सांस्कृतिक भवन सुरखी रोड भाटापारा मे संपन्न हुआ बैठक में उपस्थित आदिवासी समाज द्वारा सर्वसम्मति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया गया नव निर्वाचित पदाधिकारीगण ब्लॉक अध्यक्ष - जगदीश छेदईहा कार्यकारणी अध्यक्ष नरसिंह प्रसाद छेदईहा उपाध्यक्ष -राजेश मरकाम, रामसिंग ध्रुव, शिवमंगल सिंह ठाकुर सचिव -कमल जगत सहसचिव - जीतेन्द्र नेताम, रूपेंद्र छेदईहा कोषाध्यक्ष - नेहरू मरकाम मिडिया प्रभारी-विक्रम मरकाम, हिमांशु जगत सांस्कृतिक सचिव -यमन मंडावी, रत्नेश छेदईहा संरक्षक -संतराम नेताम, नरेश मरावी, जेठूराम पोर्ते, कल्याण छेदईहा, के. पी. मंडावी महिला प्रभाग - ब्लॉक अध्यक्ष अनामिका ठाकुर, ब्लॉक उपाध्यक्ष भागमती ध्रुव, ज्योति ध्रुव इस अवसर पर सर्व आदिवासी समाज जिला संरक्षक व मांवली महासभा अध्यक्ष बंशीलाल नेताम, जिला संरक्षक टेकसिंह ध्रुव, भूपेंद्र ध्रुववंशी जिला अध्यक्ष, जिला कार्यकारी अध्यक्ष मोतीलाल मंडावी, प्रदेश संयुक्त सचिव विनोद भगत, जिला उपाध्यक्ष भानू ध्रुव, मनोहर मंडावी, जिला सचिव थानू नेताम, जिला सहसचिव दशरथ मंडावी, जिला कोषाध्यक्ष अभय लाल ध्रुव, जिला सांस्कृतिक सचिव केशव कुंजाम, राजकुमार छेदईहा, मांवली महासभा कोषाध्यक्ष कार्तिक नेताम, मोपका चक अध्यक्ष संतराम नेताम, शंकर लाल मरई , जिलाध्यक्ष युवा प्रभाग कामेश मंडावी, उपाध्यक्ष अशोक मरकाम, जिलाध्यक्ष महिला प्रभाग अंजू नेताम, उपाध्यक्ष आशा ध्रुव, ज्योति ध्रुव, ईश्वरी ध्रुव, नीलकंठ ध्रुव,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बालाराम मरकाम, युवा प्रभाग ब्लॉक अध्यक्ष पलारी अजय पोर्ते, कृष्णा ध्रुव,मन्नू लाल ध्रुव, रवि छेदईहा,लालू नेताम, कांशी छेदईहा(सिंगर), देवानंद नेताम, रामजी ध्रुव, सोनू ध्रुव, देवकुमार ध्रुव, संतोष रौतिया, परदेशी ध्रुव, राहुल नेताम, पाणिकर्ण नेताम, जीतेन्द्र मंडावी, मिथलेश पोर्ते सहित सगा समाज भारी संख्या मे उपस्थित रहे। ब्लॉक निर्वाचन प्रभारी मनोहर लाल मंडावी जिला उपाध्यक्ष के निर्देशानुसार मनोनयन की प्रक्रिया संपन्न हुई तथा कार्यक्रम का संचालन परस राम छेदईहा ने किया।

# गंगरेल डैम में युवक की सड़ी.गली लाश मिली, जांच में जुटी पुलिस

**धमतरी**। गंगरेल डैम के पीछे फूटहामुड़ा के पास एक युवक की सडी.गली लाश पानी में तैरती हुई मिली है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। मामला हत्या और आत्महत्या का है पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है। जानकारी के अनुसार गंगरेल बांध के पीछे फूटहामुडा के पास आज सुबह एक युवक की पानी में तैरती हुई लाश ग्रामीणों ने देखी जिसके बाद मामले की सूचना केरेगांव पुलिस को दी गई।


यूनियन बैंक ऑफ इंडिया | Union Bank of India
आन्ध्रा ANDHRA | कार्पोरेशन Corporation

क्षेत्रीय कार्यालय,
रसल चौक, नेपियर टाउन, जबलपुर- 482001
फोन: 0761- 411588
E- mail: crld.jabalpur@unionbankofindia.bank

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नीलामी सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।**

आम लोगों को तथा विशेष रुप से उधार लेने वाले और प्रतिभूतिदाता को यह नोटिस दिया जाता है की नीचे वर्णित अचल संपत्तियों जिसका **सांकेतिक/भौतिक कब्जा** प्रतिभूति लेनदार **यूनियन बैंक ऑफ इंडिया** की संबंधित शाखा के पास प्रभारित है उक्त संपत्तियों को **''जहां है जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''** के आधार पर **दिनांक 14.08.2024, दोपहर 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे** के मध्य प्रतिभूत लेनदार की निम्नलिखित संबंधित ऋणियों एवं प्रतिभूति दाताओं स निम्नलिखित बकाया धन राशि की वसूली हेतु बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि तथा अन्य विस्तृत विवरण की जानकारी निम्नानुसार है।

| क्र. | ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम | संपत्ति का विवरण | बकाया राशि (रू.) | आरक्षित मुल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि | सम्पर्क व्यक्ति का नाम एवं मोबाईल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | **श्री वीरेन्द्र सिंह पिता कुबेर सिंह,** पता : एचडीडी-135, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, फेस-2 तिरंगा चौक कबीर, नगर रायपुर, छत्तीसगढ़, **शाखा : एआरबी** | वीरेंद्र सिंह के नाम पर आवासीय भूमि और भवन, जिसका क्षेत्रफल लगभग 816 वर्ग फीट है, खं. क्रमांक 110/17 (भाग), पी.एच. क्रमांक 105, वार्ड 67, चंगोराभाठा, रायपुर (छ.ग.) में स्थित है। | रू. **30,85,000.00** +ब्याज + विधिक व्यय एवं अन्य खर्चे | 18,00,000/- / 1,80,000/- / 18,000/- | श्री मोहन कुमार 9326079130 |

स्थान : रायपुर,
दिनांक : 30.07.2024

विक्रय से संबंधित और शर्तो के ब्यौरे के लिए वेबसाईट https://ebkray.in

प्राधिकृत अधिकारी,
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गिरौद जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

आनलाईन रा.प्र.क्र./..........
अ-2 वर्ष..........दिनांकः 19/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद प्रधान पिता शिवनाथ प्रधान जाति कोलता साकिन ग्राम गिधौरी तहसील टुण्डरा कास्तकार ग्राम गिधौरी, पटवारी हल्का कमांक 02, राजस्व निरीक्षक मण्डल गिधौरी, तहसील टुण्डरा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम गिधौरी स्थित जिसका भूमि खसरा नम्बर 400/26 रकबा 0.041 हेक्ट. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 08/08/2024 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19/07/2024 आज दिनांक 19 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गिरौद**



**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गिरौद जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

आनलाईन रा.प्र.क्र./.............
अ-2 वर्ष..........दिनांकः 29/07/2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कांति गुप्ता बेवा सुनील कुमार गुप्ता जाति बनिया साकिन ग्राम घटमडवा तहसील टुण्डरा कास्तकार ग्राम घटमडवा, पटवारी हल्का क्रमांक 03, राजस्व निरीक्षक मण्डल गिधौरी, तहसील टुण्डरा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम घटमडवा स्थित जिसका भूमि खसरा नम्बर 12 रकबा 0.10 हेक्ट. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन कराने बाबत् आवेदन पत्र पेश किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 16/08/2024 को सुनवाई नियत है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गिरौद**



**न्यायालय कार्यपालन दण्डाधिकारी तहसीलदार लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र........ब/121 वर्ष 2023-2024
ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 32

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शरद कुमार पिता श्यामधर जाति कुर्मी ग्राम.....प.ह.नं.32 रा.नि.मं. मरदा तहसील-लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन-पत्र में लेख किया जाता है, पुत्र/पुत्री/माता/पिता ननका का जन्म/मृत्यु दिनांक 04/06/1982 को ग्राम अमलीडीह में हुई है। जिसको ग्राम पंचायत रजिस्ट्रार में पंजीयन कर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र स्टाम्प के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति करना हो तो पेशी दिनांक 30/07/2024 को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। पेशी मियाद बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी लवन**



**न्यायालय कार्यपालन दण्डाधिकारी तहसीलदार लवन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र........ब/121 वर्ष 2023-2024
ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 32

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री ईश्वरी वर्मा पिता नीलकंठ जाति कुर्मी ग्राम.....प.ह.नं.32 रा.नि.मं. मरदा तहसील-लवन, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा आवेदन-पत्र में लेख किया जाता है, पुत्र/पुत्री/माता/पिता चैतकुंवर का जन्म/मृत्यु दिनांक 21/08/1980 को ग्राम अमलीडीह में हुई है। जिसको ग्राम पंचायत रजिस्ट्रार में पंजीयन कर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु आवेदन मय शपथ पत्र स्टाम्प के साथ इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है जो प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को दावा-आपत्ति करना हो तो पेशी दिनांक 30/07/2024 को मेरे समक्ष न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति पेश कर सकते हैं। पेशी मियाद बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15/07/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी लवन**

# छत्तीसगढ़ को विकसित राज्य बनाने सरकार संकल्पित : उप मुख्यमंत्री अरूण साव

## जनता की इच्छा और आकांक्षाओं के अनुरूप बनेगा 2047 का छत्तीसगढ़ विजन : धरमलाल कौशिक

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com




उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि छत्तीसगढ़ संभावनाओं का प्रदेश है। जितनी ताकत छत्तीसगढ़ राज्य में है देश के किसी भी राज्य में इतने संसाधन और क्षमता नहीं है। यदि सुव्यवस्थित योजना बनाकर काम करें तो यह छत्तीसगढ़ राज्य देश का सिरमौर राज्य बन सकता है। बिलासपुर को विश्व स्तरीय शहर बनाने की दिशा में हमारी सरकार ने काम करना शुरू किया है। बिलासपुर छत्तीसगढ़ का दूसरा बड़ा शहर है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन -2047 डॉक्यूमेंट तैयार करने में छत्तीसगढ़ के एक-एक व्यक्ति से सुझाव लिया जा रहा है। सपनों का बिलासपुर और छत्तीसगढ़ बनाने के लिए आपके सुझाव स्वागतेय है। उप मुख्यमंत्री स्व. लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम में छत्तीसगढ़ विजन -2047 के लिए राज्य नीति आयोग द्वारा आयोजित संभागस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने की। कार्यशाला में संभाग के युवाओं, किसानों, महिलाओं और प्रबुद्धजनों ने अपने-अपने विचार साझा किए। कलेक्टर अवनीश शरण ने स्वागत भाषण दिया। उप मुख्यमंत्री साव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देश के इतिहास में पहली बार योजना बनाने में आम लोगों से राय ली जा रही है। समाज के हर व्यक्ति को समाहित करते हुए हम योजना बनाएंगे। देश में पहली बार आपकी आकांक्षाओं और इच्छाओं का बिलासपुर और छत्तीसगढ़ बनाएंगे। छत्तीसगढ़ के पास असीम संभावनाएं है। सभी को ध्यान में रखकर जब हम योजना बनाएंगे तो एक समन्वित और समावेशी विकास हो पाएगा। बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि हमारा भारत कैसा हो, छत्तीसगढ़ कैसा होना चाहिए, इसके लिए सभी सुझाव लिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था में लगातार सुधार आया है। 2014 के पहले हम विश्व में 11 वें पायदान पर थे। आज हम पांचवे पायदान पर हैं। सभी के सुझाव से तैयार किया गया विजन डॉक्यूमेंट गौरवशाली होगा। कार्यक्रम में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व पिछले 10 वर्षो में भारत ने अभूतपूर्व तरक्की की है। छत्तीसगढ़ एक समृद्ध राज्य है जहां प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक ससाधन, वन संपदा और मानव संसाधन है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नतृत्व में छत्तीसगढ़ विजन -2047 तैयार किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्राप्त सुझावों का नीति आयोग द्वारा संकलन किया जाएगा। प्रदेश में पर्यटन, कृषि और सर्विस सेक्टर में असीम संभावनाएं है। कृषि में युवाओं की भागीदारी बढ़ानी होगी। कमिश्नर डॉ. अलंग ने कहा कि संभागस्तरीय इस कार्यशाला में निश्चित रूप से अच्छे सुझाव आएंगें जिससे प्रभावी विजन डॉक्यूमेंट तैयार होगा। कार्यक्रम में संभाग के सभी जिलों से आए युवा, किसान, महिला, बुजुर्ग और प्रबुद्धजनों ने परिचर्चा में शामिल होकर विकसित छत्तीसगढ़ को लेकर अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम में कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी विधायक दिलीप लहरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान, अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के कुलपति एडीएन बाजपेयी, नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार नीति आयोग के सदस्य सचिव अनूप श्रीवास्तव, संयुक्त संचालक नीतू बोरड़िया मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सौरभ सक्सेना ने किया। संवाद कार्यक्रम में संभाग के सभी जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए।

# प्रकृति के संरक्षण के लिए नमीयुक्त भूमि में कारगर होगा सीड बॉल : डॉ. गौरव सिंह

■ कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक, लंबित राजस्व प्रकरणों का जल्द निराकरण करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



जिला प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी प्रकृति संरक्षण की बेहतरी का कार्य करें। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सीड बॉल का इस्तेमाल कर पर्यावरण को संरक्षित करने के साथ खाली जमीन पर पौधे उगाने का कार्य करें। श्रम कार्ड बनाने व राशन कार्ड के नवीनीकरण का कार्य गंभीरता से किया जाएं। यह उक्त बातें कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्टोरेट परिसर के रेडक्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में कहीं।कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारी दौरे पर जाएं तो खाली पड़ी न नमीयुक्त जमीन पर सीड बॉल को फेंक दें, ताकि पर्यावरण के अनुकूल पौधे उग आएंगे। इससे पर्यावरण संरक्षित भी होगा। इसमें नीम, जामुन समेत कई अन्य प्रकार के बीज है। कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि पटवारी प्रतिवेदन में देरी न की जाएं, अभिलेख दुरूस्ती का कार्य तेजी से किया जाएं। नामांतरण के मामले लंबित न हो।

### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आम नागरिकों की समस्याएं



कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने के निर्देश भी दिए। सोमवार को जनदर्शन में अनेक आवेदन प्राप्त किए गए। इस दौरान बोरिया निवासी तोरन यादव ने दिव्यांगता के आधार पर बैटरी रहित ट्राय सायकल प्राप्त करने, ग्राम धनेली निवास नरेश श्रीवास ने ग्राम धनेली में व्यवस्थापन के तहत भूमि की मांग, माना कैम्प निवासी भागवत प्रसाद कोसले ने पेंशन बहाल करने, जनता कॉलोनी निवासी श्रेयांश ठाकरे ने अवैध कब्जा हटाने, ग्राम टेकारी नेतराम सिंह ठाकुर ने नक्शा बटांकन, कोरसी तहसील आरंग निवासी रामकुमार साहू से बेजा कब्जा हटाने जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

## अरुण साव ने विधानसभा में स्वीकारा केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास के लिए 1 रू. भी नहीं दिया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि राज्य के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास भाजपा की गरीब विरोधी चरित्र के कारण नहीं मिल पा रहा है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह गलत बयानी कर रहे कांग्रेस सरकार के समय भी मोदी सरकार ने विद्वेष पूर्वक राज्य के प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति नहीं दिया था। जब राज्य में कांग्रेस की भूपेश सरकार थी तब मोदी सरकार ने राज्य के 7 लाख आवासों को रद्द कर दिया था। यह तर्क दिया था कि राज्यांश देरी से जमा हुआ है। जबकि राज्य सरकार ने 800 करोड़ राज्यांश जमा किया था जबकि उस समय राज्य को केंद्र से 50 हजार करोड़ विभिन्न मदों में लेना था। छत्तीसगढ़ ही नहीं तब आधा दर्जन राज्यों के मकान रद्द किया था तब भूपेश सरकार ने अपने तरफ से नये सिरे से मकानों की स्वीकृति किया था। 7 माह में साय सरकार ने एक भी नया प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं किया है। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने विधानसभा में अपने जवाब में बताया कि 6 माह में केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास के लिये एक भी रूपया नहीं दिया है।

## जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में पहुंचे नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस.

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



जनसमस्या निवारण पखवाड़ा के दूसरे दिन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस., संचालक कुंदन कुमार और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह रायपुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 27, इंदिरा गांधी वार्ड में आयोजित शिविर में पहुंचे। डॉ. बसवराजु ने प्रत्येक विभागों के स्टॉल में पहुंचकर जानकारी ली। नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा भी इस दौरान मौजूद थे। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु ने राशन कार्ड का जल्द से जल्द नवीनीकरण कर हितग्राहियों को वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टॉल में पहुंचकर पूरक पोषण आहार के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत प्राप्त आवेदनों की तकनीकी समस्या को दूर कर आवेदकों को योजना का लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम स्वनिधि योजना का स्ट्रीट वेंडर्स को अधिक से अधिक लाभ दिलाने को कहा। साथ ही योजना के तहत अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने और ऋण की वापसी ऑनलाइन या गूगल-पे से कराने संबंधी निर्देश दिए, ताकि हितग्राहियों को बार-बार बैंक जाने की जरूरत न पड़े।

## राज्यपाल हरिचंदन से विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने की सौजन्य मुलाकात



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों ने सौजन्य भेंट कर उनके कार्यकाल के दौरान राज्य में उच्च शिक्षा की बेहतरी के लिए उनके द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों, मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

# ढेबर ने एसएसपी से कहा एफआईआर वापस लो, नहीं तो कर लूंगा आत्महत्या

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



विधानसभा घेराव के दौरान पुलिस से बदसलूकी के आरोप में महापौर एजाज ढेबर के खिलाफ सिविल लाइन थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में महापौर ढेबर ने सोमवार को रायपुर एसएसपी से मुलाकात की और उन्होंने प्रदर्शन में शामिल 25000 लोगों पर भी एफआईआर दर्ज करने या फिर अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को शून्य करने की मांग की। अपनी मांग न माने जाने पर महापौर ने आत्महत्या की धमकी भी दी। दरअसल 24 जुलाई को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शासन के विरुद्ध विभिन्न मुद्दों को लेकर बिना अनुमति के विधानसभा घेराव करने का प्रयास किया था। इस दौरान साहू फर्निचर बैरिकेडिंग नंबर 2 विधानसभा के पास रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया था। एफआईआर के अनुसार, महापौर एजाज ढेबर, आशीष द्विवेदी और अन्य कार्यकर्ताओं ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस बल के साथ गाली-गलौज की, झूमा-झटकी की और मारपीट की। इस घटना के चलते शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। महापौर एजाज ढेबर ने रायपुर एसएसपी से मुलाकात के दौरान प्रदर्शन में शामिल सभी 25000 लोगों पर भी एफआईआर दर्ज करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि यदि उनके खिलाफ दर्ज एफआईआर को शून्य नहीं किया गया, तो वे आत्महत्या करेंगे। इस मुलाकात के दौरान पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, एमआईसी सदस्य और कई कार्यकर्ता भी मौजूद थे। सिविल लाइन थाना ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है।

## जनसेवा ही हमारा परम धर्म है : लक्ष्मी राजवाड़े



**रायपुर।** जनसेवा ही हमारा परम् धर्म है और हम आमजन के जीवन में खुशियां लाने के प्रतिबद्ध हैं। ये वकतव्य अपने शासकीय निवास में जनदर्शन के दौरान महिला-बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कही। सोमवार को उन्होंने अपने रायपुर स्थित शासकीय आवास कार्यालय में जनदर्शन कार्यक्रम में प्रदेश से आए हुए आम जनों की समस्याओं को सुना और निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिया। जनदर्शन में ग्राम बदनाचुआ, विकासखंड पंडरिया जिला कबीरधाम से आए हुए आदिवासी भाई बहनों की समस्या सुनी और त्वरित निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। मंत्री राजवाड़े ने कहा कि हमारी सरकार का ध्येय है कि प्रदेश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचे। उन्हें सभी योजनाओं का लाभ मिले। सभी के समस्याओं का त्वरित निराकरण हो। विष्णु के सुशासन में सशक्त नारी सशक्त छत्तीसगढ़ का निर्माण करना है और देश को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना बहुमूल्य योगदान देना है।




# महिलाओं को न्याय दिलाने में सभी सदस्यों का हमेशा सहयोग रहा : डॉ. किरणमयी

## आयोग ने सदस्यों को विदाई समारोह में किया सम्मानित

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग के सदस्य नीता विश्वकर्मा (सरगुजा), अर्चना उपाध्याय (कोरबा) एवं बालो बघेल (बस्तर) का कार्यकाल पूरा हुआ। 3 वर्ष पूर्व 5 सदस्यों की नियुक्ति हुई थी जिसमें राठौर की कार्यकाल के दौरान स्वर्गवास हो गया था एवं डॉ. अनिता रावटे ने 2 माह पूर्व इस्तीफा दे दिया था। बाकी तीनों सदस्यों ने अपना कार्यकाल 27 जुलाई को पूर्ण किया। ज्ञात हो कि पांचो सदस्यों ने 27 जुलाई 2021 को आयोग में पदभार ग्रहण किया था। आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक के निर्देश पर आयोग द्वारा सदस्यों की विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन आयोग मुख्यालय में किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात करते हुये अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक द्वारा सदस्य नीता विश्वकर्मा (सरगुजा), अर्चना उपाध्याय (कोरबा) एवं बालो बघेल (बस्तर) का मेमेन्टो श्रीफल एवं शाल द्वारा सम्मानित किया गया। जिसमें आयोग के सदस्य सचिव मनोज कुमार, सहायक संचालिका पुष्पा किरण कुजूर एवं समस्त कर्मचारीगण उपस्थित थे। उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने बताया कि उनकी नियुक्ति के 1 वर्ष पश्चात् पांचो सदस्यों की नियुक्ति हुई थी। नियुक्ति के पहले अध्यक्ष द्वारा तत्कालीन मुख्यमंत्री छ.ग. शासन से विशेष निवेदन किया गया था कि सभी संभागों से सदस्यों की नियुक्तियां की जाय ताकि महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने में तथा सभी क्षेत्रों में आयोग के कार्यो को सुचारू रूप से चलाने में आयोग को सहयोग मिलता रहे। फलस्वरूप लगभग सभी संभागों के अन्तर्गत सदस्यों की नियुक्ति हुई थी खास करके बस्तर और सरगुजा संभाग को विशेष ध्यान रखते हुये नियुक्ति की गई थी। अंत

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403